सूर्योदय 6:42 सूर्यास्त 6:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.0 न्यू | 14.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.3 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72989.93 |
| निफ्टी | 22082.65 |
| सोना | 87,380 |
| चांदी | 99,470 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 5 मार्च 2025 | 22 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 66, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में द.अफ्रीका की स्थिति मजबूत: पोंटिंग

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### माधबी बुच के खिलाफ नहीं होगी एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है, इसलिए आदेश पर रोक लगा दी है।

### रिलायंस को ₹24,522 करोड़ का डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज को 2.81 बिलियन डॉलर यानी 24,522 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस भेजा है। कंपनी को यह नोटिस मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद जारी किया है। यह मामला ओएनजीसी ब्लॉक से जुड़ा है। रिलायंस पर आरोप है कि उसने ओएनजीसी ब्लॉक से गैस का माइग्रेशन किया था।

### महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। कुछ दिन पहले ही उनके करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को बीड सरपंच हत्या मामले में 'मास्टरमाइंड' बताया गया था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि धनंजय मुंडे ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। मैंने उसे स्वीकार कर लिया है और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भेज दिया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- विद्युत कर्मचारी की करंट लगने से मौत पर कर्मियों-पेंशनर्स में गुस्सा -पेज 4
- प्रदेश में प्रयोगशालाओं को किया जाएगा सुदृढ़: स्वास्थ्य मंत्री -पेज 3
- नौ झीलों के सीमांकन की रूपरेखा तैयार -पेज 6
- एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष फैजी गिरफ्तार -पेज 13
- न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच महामुकाबला आज -पेज 14


### सीएम सुक्खू ने 6 पोस्ट कोड के 660 पदों के रिजल्ट जल्द घोषित करने के दिए निर्देश

# हिमाचल में नौकरियों की बहार चयन आयोग करेगा 2000 भर्तियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** में अब नौकरियों की बहार आने वाली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को इस बाबत ऐलान कर दिया है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) हमीरपुर की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में 2000 से अधिक पदों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के लिए हरी झंडी दे दी है।

इन पदों में वे पद भी शामिल हैं, जो पूर्व हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग की ओर से विज्ञापित किए गए थे। इसके अलावा एचपीआरसीए को हाल ही में प्राप्त नए अधिसूचित पदों को भी भरने का कहा गया है। उन्होंने एचपीआरसीए को उन उम्मीदवारों को दो वर्ष की आयु छूट प्रदान करने को कहा, जो विभिन्न कारणों से आवेदन करने से वंचित रह गए थे। वहीं, उन्होंने पूर्व में मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदित 6 पोस्ट कोड के 660 पदों के परिणामों को भी शीघ्र घोषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि आयोग पारदर्शी भर्ती और कंप्यूटर आधारित टेस्ट संचालित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। आयोग को अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन प्रक्रिया के लिए 20 मार्च, 2025 तक वन टाइम रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल विकसित करने के निर्देश दिए।

## वन मित्रों को शीघ्र मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वन विभाग की विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में वन क्षेत्र को विस्तार देने और संरक्षित करने के लिए महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों व पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित व उन्हें वन संरक्षण में सेवा प्रदान करने के लिए उचित मुआवजा दिया जाएगा। सरकार ने इस संबंध में 100 करोड़ आवंटित किए हैं।

पौधों की जीवित प्रतिशतता के आधार पर पांच साल के बाद इनसेंटिव प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने वन क्षेत्र में 60 प्रतिशत फलदार व चारे की प्रजातियां लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभाग को पौधरोपण और वनीकरण की अपनी मूल जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए और पर्याप्त स्टाफ व हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। विभाग को वन आच्छादित क्षेत्र बढ़ाने के लिए निजी उद्यमियों को शामिल करने को कहा। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त वन मित्रों को नियुक्ति पत्र शीघ्र प्रदान किए जाएंगे व कुल 2033 उम्मीदवारों का चयन किया है, जिनमें 55 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। वन विभाग के अधिकारियों को नवनियुक्त वन मित्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम तैयार करने को कहा। यह कार्यक्रम मई माह के पहले सप्ताह से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वन मित्रों को वर्दी तथा अन्य संबंधित सामग्री के लिए 6000 रुपए प्रदान करेगी।

### पहले चरण में आठ ईको पर्यटन साइट सक्रिय कीं

**सीएम** ने कहा कि विभाग की ओर से पहले चरण में आठ ईको पर्यटन साइट को सक्रिय बनाया गया है। अगले दो सप्ताह में 78 साइटें क्रियाशील की जाएंगी। कांगड़ा जिले के अंतरराष्ट्रीय ज्यूलॉजिकल पार्क बनखंडी के विकास एवं निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने इस परियोजना के कार्यों में तेजी लाने और पार्क के लिए पर्याप्त श्रम शक्ति एवं मानक संचालन प्रक्रियाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

## कोहली ने खेली विराट पारी



दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में विराट कोहली ने 54 गेंदों में चार चौकों की मदद से अर्धशतक जड़ा। उन्होंने एडम जम्पा की बॉल पर चौका लगाकर हाफ सेंचुरी पूरी की। यह कोहली का 74वां अर्धशतक है।

## हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई है। नारकंडा में बर्फबारी से मंगलवार सुबह वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। हालांकि, बर्फ को सड़क से हटा दिया गया। वहीं, सुबह करीब 10:30 बजे के बाद धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

लाहौल-कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी रात को बर्फबारी हुई है। इसी बीच, हिमाचल प्रदेश में भू-स्खलन और सड़क मार्गों पर हुए नुकसान के कारण कुछ स्थानों पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भरमौर-पठानकोट हाईवे पर अचानक पहाड़ी दरकने से टनों के हिसाब से पत्थर और मलबा हाईवे पर गिर गया, जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। इस हादसे के कारण हाईवे बंद हो गया और छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई। बोर्ड परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थियों को इस अप्रत्याशित रुकावट के कारण बहुत दिक्कतें आईं। विभागीय टीम ने सूचना मिलने के बाद तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर मार्ग को बहाल करने का कार्य शुरू किया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 5 से 8 मार्च के बीच पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं। 9 और 10 मार्च को फिर से कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी होने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

**आज से चार दिन तक मौसम साफ रहने के आसार**

### सुप्रीम कोर्ट बोला- प्राइवेट अस्पतालों को मिल रहा बढ़ावा, केंद्र बनाए गाइडलाइन

## राज्य सरकारें सस्ता इलाज देने में नाकाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें किफायती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इससे प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका लगाई थी, जिसमें कहा था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्यूपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच इस याचिका पर सुनवाई की।

केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण न हो। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों को नोटिस भेजा था। ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने जवाब दाखिल किए थे।

### जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा इसे कैसे नियंत्रित करें?

**जस्टिस** सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों से अस्पताल के दुकानों से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयों जो किसी और जगह सस्ते में मिल रही हैं।

## भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही दुनिया : मोदी

### बोले- भारतीय उद्योग जगत वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए उठाए बड़े कदम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत से वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए 'बड़े कदम' उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहती है।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन करके दुनिया की बढ़ती जरूरतों का लाभ उठाना चाहिए। जब दुनिया भारत को एक ऐसे भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। नियामक, निवेश और कारोबारी सुगमता पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान के बीच दुनिया को आज एक भरोसेमंद साझेदार की जरूरत है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बना सके और जिसकी आपूर्ति श्रृंखला विश्वसनीय हो। मोदी ने उद्योग जगत से कहा कि हमारा देश यह करने में सक्षम है, आप सभी सक्षम हैं, यह हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। हम दर्शक बनकर नहीं रह सकते, आपको इसमें अपनी भूमिका तलाशनी होगी, आपको अपने लिए अवसर तलाशने होंगे। सरकार पिछले 10 वर्षों से उद्योग जगत के साथ मिलकर काम कर रही है और उसने सुधारों, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

**दर्शक बनकर नहीं रह सकते अपनी भूमिका तलाशनी होगी**

### बड़ी बातें...

- यह बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई सेक्टर्स ऐसे हैं, जहां एक्सपर्ट्स ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, उससे अधिक कदम सरकार ने उठाए।
- आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक पार्टनरशिप को मजबूत करना चाहता है।
- 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का फायदा मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट्स को मंजूरी दी गई है।
- देश के विकास के लिए स्थिर नीतियां और अच्छा कारोबारी माहौल महत्वपूर्ण है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार करते हुए 40,000 से अधिक अनुपालन हटा दिए गए।

## नियमों के फेर में फंसा राज्य चयन आयोग का एमओयू

### सी-डेक कंपनी को कितनी पेमेंट, कब और कैसे? आयोग ने कंपनी की शर्तों पर किया रिएक्ट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**राज्य** चयन आयोग में पेपर लेने और रिजल्ट घोषित करने वाली कंपनी के बीच एमओयू की 'टर्म एंड कंडीशन' को लेकर अभी 'पेंच' फंसा हुआ है।

आयोग ने कंपनी की शर्तों पर रिएक्ट किया है और फिर से नई 'टर्म एंड कंडीशन' को लेकर संबंधित कंपनी को अपना जवाब भेजा है। यह कार्रवाई अभी कंपनी के कॉर्पोरेट स्तर पर पेंडिंग है। इसी पर सहमति होने के बाद आयोग और सी-डैक कंपनी के बीच एमओयू साइन होगा। एमओयू के साइन होने के बाद परीक्षाओं के आयोजन, पेपर सेटिंग और संबंधित सेंटर पर कहां, कितने और कैसे एग्जाम होंगे? रिजल्ट कैसे घोषित होगा, इस पर एमओयू साइन होगा। दरअसल, सी-डेक कंपनी अपनी शर्तों पर एमओयू को ड्राफ्ट कर साइन करवाना चाहती है, जबकि आयोग इस पर इसलिए रिएक्ट कर रहा है, क्योंकि यहां मामला पैसे से जुड़ा हुआ है। एग्जाम की जब प्रक्रिया शुरू होगी, तो बड़ी राशि की पेमेंट संबंधित कंपनी के खाते में जाएगी, इसीलिए आयोग ने अलग-अलग अपनी संबंधित अनुसंगी शाखाओं से चर्चा करके कंपनी की शर्तों में संशोधन करके उसे फिर से कंपनी को लौटाया है। इस मामले को लेकर अब प्रति पेपर के हिसाब से जो राशि कंपनी को दी जानी है, उस पर भी नई बुनियाद रखी गई है। इसके अलावा संबंधित पेमेंट प्रक्रिया शुरू होने के बाद कब-कब परीक्षाएं होंगी, पेपर लेने, उसके बाद रिजल्ट घोषित करने, रिजल्ट को फिर से तैयार करने जैसे कई पहलू हैं, जिन पर अलग-अलग स्टेजिज तैयार होंगी। आयोग अपनी शर्तें भी कंपनी के समक्ष रख रहा है। पहले कितनी पेमेंट होगी, बाद में कितनी होगी? यह सारी स्थिति अब एमओयू में ड्राफ्ट होगी, लेकिन कंपनी के कॉर्पोरेट स्तर पर इसकी अप्रूवल कितने दिनों में मिलेगी, जिसका इंतजार शुरू हो गया है। इसके बाद आयोग और कंपनी के दरमियान फैसला कंप्लीट होगा। (अनंत ज्ञान)

### चर्चा के बाद आयोग ने शर्तों में संशोधन किया : विक्रम

**आयोग** के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि गेंद अब कंपनी के पाले में डाल दी गई है। अप्रूवल आने तक एमओयू ड्राफ्ट साइन होने में वक्त लगेगा, लेकिन इसी महीने यह मुकम्मल होगा, ऐसी संभावना है। पैसे की अदायगी से जुड़ा हुआ मामला है, इसलिए लॉ, फाइनांस और टेक्निकल सभी पहलुओं पर चर्चा के बाद आयोग ने शर्तों में संशोधन किया है।

## हत्या मामला : पहलवान सुशील को मिली जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या से संबंधित मामले में पहलवान सुशील कुमार को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कुमार को राहत प्रदान की और उन्हें 50,000 रुपए का निजी मुचलका और इतनी ही राशि की दो जमानतें भरने का निर्देश दिया। सुनील जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में 4 साल से तिहाड़ जेल में बंद था।

### तृणमूल कांग्रेस के आरोपों पर निर्वाचन आयोग का चुनाव मशीनरी को निर्देश

## राजनीतिक दलों के साथ करें नियमित बैठकें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**निर्वाचन** आयोग ने मंगलवार को अपनी पूरी चुनाव मशीनरी को निर्देश दिया कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें करे और प्रक्रिया के अनुसार मुद्दों को हल करें। यह निर्देश राज्य चुनाव अधिकारियों के सम्मेलन में दिए।

तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के पास समान मतदाता कार्ड संख्या है। निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को 31 मार्च तक मुद्दा-वार कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभालने के बाद उनका यह इस तरह का पहला सम्मेलन है। उन्होंने अधिकारियों से पारदर्शिता से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को लगन से तथा मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश दिया। ज्ञानेश ने कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी की ओर से मौजूदा वैधानिक ढांचे के भीतर किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए वैधानिक स्तर पर सभी दलों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का उसी तरह अक्षरः पालन करना चाहिए, जैसा कानून और निर्देशों में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है।




**कहा- अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी के प्रति भी सजग रहना होगा**

**विस्तार** 33.23 किलोमीटर लंबी रेल परियोजना का कार्य इस वर्ष पूरा होने की उम्मीद, परियोजना को 2014 में मिली थी मंजूरी

# हिमाचल के उद्योगों में जान फूंकेगा चंडीगढ़-बद्दी ब्रॉडगेज

**आर मोहन चौहान, सोलन**




**चंडीगढ़**-बद्दी ब्रॉडगेज रेलवे लाइन हिमाचल के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। करीब 33.23 किलोमीटर लंबी रेललाइन चंडीगढ़ को हिमाचल के औद्योगिक केंद्र बद्दी से जोड़ेगी।

इस परियोजना के जून, 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस परियोजना में करीब 1540.14 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। केंद्रीय बजट 2024-25 में लाइन के पूरा होने में तेजी लाने के लिए 300 करोड़ आवंटित किए हैं। गत वित्त वर्ष में भी 452.50 करोड़ रुपए आवंटित हुए थे। यह लाइन चंडीगढ़ और बद्दी-अमृतसर-कोलकाता कॉरिडोर के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी। सोलन जिले में बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देगी। इस परियोजना को 2014 में मंजूरी दी थी और इसे कई बार देरी का सामना करना पड़ा है। अब इस कार्य में तेजी आई है। (अनंत ज्ञान)

### चंडी मंदिर रेलवे स्टेशन से शुरू होगी लाइन

**यह** रेललाइन हरियाणा के लगभग 25 किलोमीटर तक पिंजौर ब्लॉक के लगभग 42 गांवों सूरजपुर, धमाला, लोहगढ़, खेड़ा व मढ़ांवाला से होते हुए हिमाचल के शीतलपुर स्थित कंटेनर डिपो केंदूवाला होते हुए संडोली तक पहुंचेगी। इसमें हिमाचल के 9 गांव आते हैं। यह रेल लाइन चंडी मंदिर रेलवे स्टेशन से शुरू होगी। चंडी मंदिर रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण कार्य चल रहा है। चंडीगढ़ से हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला जाने वाली रेल गाड़ियों के लिए चंडी मंदिर में अलग से लूप लाइन बिछाई जाएगी। अलग से रेल लाइन सूरजपुर तक सामानांतर बिछाई जाएगी। यह लाइन सूरजपुर के पुराने स्टेशन से अलग होकर पश्चिमी दिशा की ओर बद्दी के लिए निकलेगी। इस बीच पिंजौर-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित पिंजौर ब्लॉक के गांव नानकपुर में एनएच की बाईं ओर नया रेलवे स्टेशन बनेगा।



**रेललाइन** का कार्य धरातल पर उतरने जा रहा है। इसका श्रेय मोदी सरकार को जाता है। इस प्रोजेक्ट को कंप्लीट करने के लिए केंद्र से हरसंभव सहायता दिलाई जाएगी। हिमाचल में रेल विस्तार के लिए केंद्रीय बजट में करीब 2700 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**-सुरेश कश्यप, सांसद, शिमला संसदीय सीट।**

### प्रवासी मजदूरों और ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

**प्रोजेक्ट** पूरा होने से बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले लगभग 7 लाख से ज्यादा प्रवासी मजदूरों, माल ढुलाई के लिए उद्योगों और स्थानीय ग्रामीणों को भी लाभ होगा। गौरतलब है कि बद्दी, नालागढ़ क्षेत्र में कई मल्टीनेशनल कंपनियों के बड़े प्लांट हैं। ऐसे में बद्दी-अमृतसर-कोलकाता गलियारे से जुड़ने का पूरे उतरी क्षेत्र को फायदा होगा। अब उद्योगों को कच्चा माल लाने, तैयार माल को अन्य राज्यों में भेजने के लिए सड़क मार्ग के अलावा रेलवे का भी विकल्प मिलेगा।

## ट्रंप ने यूक्रेन को दिया झटका, सैन्य मदद रोकी

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**व्हाइट** हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बहस के 3 दिन बाद अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद पर रोक लगा दी है। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। ऐसी मदद जो अमेरिका से अभी तक यूक्रेनी नहीं पहुंची है, उसे भी रोक दिया गया है। इसमें पोलैंड तक पहुंच चुका सामान भी शामिल है।

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार, रोकी गई मदद तब तक बहाल नहीं की जाएगी, जब तक राष्ट्रपति ट्रंप को यह यकीन नहीं हो जाता कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वास्तव में शांति चाहते हैं।

### कनाडा-मेक्सिको पर 25 और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ बढ़ाया

**ट्रंप** ने मंगलवार से मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। फरवरी में चीन पर लगाए गए 10 फीसदी टैरिफ को बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया है। वहीं, ट्रंप के ऐलान पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी जवाबी टैरिफ लगाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगले 21 दिन में 155 अरब डॉलर की अमेरिकी आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से 30 अरब डॉलर के आयात पर टैरिफ से हो गई है।

**बदले में कनाडा-चीन ने भी टैरिफ लगाए**

## न्यूज ब्रीफ

### दिनेश व्यास ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दिनेश व्यास ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तथा बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करता हूं, जो उन्होंने बड़सर मंडल के महामंत्री के रूप में मुझे जिम्मेदारी दी है, उसे मैं तहे दिल से निभाने का प्रयास करूंगा।

### जाहू में आज होंगे ड्राइविंग टेस्ट व पासिंग

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज उपमंडल के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग का कार्य आगामी 5 मार्च को जाहू खेल मैदान (पुराने पुल के साथ) किया जाएगा। पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी भोरंज शशि पाल शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी जो अपना लाइसेंस, री-टेस्ट व वाहन पासिंग इत्यादि करवाना चाहते हैं, वे इससे संबंधित फीस ऑनलाइन या पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 5 मार्च को कोई भी फीस जमा नहीं की जाएगी तथा फीस व अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना किसी भी अभ्यर्थी को पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग के लिए 5 मार्च को प्रातः 10 बजे जाहू खेल मैदान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### भरेड़ी में रेडक्रॉस मेला 8 मार्च को होगा आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** रेडक्रॉस सोसायटी की भोरंज उपमंडल इकाई 8 मार्च को भरेड़ी के डीएवी स्कूल परिसर में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन करेगी। इसका शुभारंभ स्थानीय विधायक सुरेश कुमार करेंगे। एसडीएम एवं रेडक्रॉस सोसायटी की उपमंडल इकाई के अध्यक्ष शशिपाल शर्मा ने बताया कि इस मेले में मेडिकल जांच शिविर, रक्तदान शिविर और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस रेडक्रॉस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने तथा रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़कर इसके लिए हरसंभव योगदान देने की अपील भी की। एसडीएम ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती है। आम लोग रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़कर इसमें अंशदान कर सकते हैं। इस अंशदान की राशि किसी गरीब एवं जरूरतमंद के लिए बड़ा सहारा साबित हो सकती है।

### लंबरी कृषि सेवा सहकारी सभा का अधिवेशन 17 को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** द लंबरी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित का वार्षिक साधारण अधिवेशन पंचायत घर लंबरी के प्रांगण में 17 मार्च को होगा, जिसमें विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सभा सचिव अनिल कुमार ने बताया कि आम सभा की इस बैठक में गत साधारण अधिवेशन की बैठक की पुष्टि, नए सदस्यों के प्रवेश व सभा की सदस्यता देने की स्वीकृति पर विचार किया जाएगा। वर्ष 2023-24 के आय व्यय ब्यौरा, व्यापारिक हिसाब, लाभ-हानि हिसाब व अवशेष पत्र पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा वर्ष 2023-24 के शुद्ध लाभ को बांटने बारे, सभा की वर्ष 2024-25 की अधिकतम ऋण सीमा निर्धारित करने बारे विचार, सभा के वित्त वर्ष 2024-25 का अंकेक्षण करवाने बारे चर्चा आदि की जाएगी।

### पेंशन न मिलने से पेंशनरों ने किया रोष व्यक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला हमीरपुर की आपात बैठक जिला अध्यक्ष एसके कोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने रोष प्रकट किया कि पेंशनर्स की पेंशन 4 मार्च तक सरकार द्वारा नहीं डाली गई है। सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार पेंशनर्स को गंभीरता से नहीं ले रही है, क्योंकि कर्मचारियों का वेतन तो दे दिया गया है, जबकि पेंशनर्स को अभी पता नहीं कितना लंबा इंतजार करना पड़ेगा जो की अत्यंत दुखदाई है। उम्र के इस पड़ाव में पेंशनर्स को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पहले ही पेंशनर्स की कई वित्तीय देनदारियां लंबित पड़ी हैं, जैसे 1.1. 16 से 31.1.22 तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की लीव एनकैशमेंट, ग्रेच्युटी तथा कॉम्यूटेशन व डीए एरियर जिसका लाभ लाखों में देय पड़ा है, यह अत्यंत चिंताजनक व दुखदाई है। सरकार से आग्रह किया जाता है कि पेंशनर की पेंशन बिना किसी विलंब के उनके खातों में अविलंब डाली जाए ताकि पेंशनर्स अपनी रोजमर्रा की वस्तुओं की खरीद कर सकें।

### नादौन में 'करियर अवेयरनेस' संगोष्ठी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** महाविद्यालय नादौन में आज बद्दी यूनिवर्सिटी द्वारा 'करियर अवेयरनेस' विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के उपरांत उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, विशेषकर सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने किया। यह आयोजन करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस सैल द्वारा किया गया, जिसके संयोजक प्रोफेसर रवि कांत गर्ग हैं। इस अवसर पर सैल के सभी सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को करियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कांत (डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बद्दी यूनिवर्सिटी) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी सेवाओं में करियर बनाने के लिए आवश्यक रणनीतियों एवं तैयारी के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। इस संगोष्ठी में बी.कॉम, बी.एससी, बीबीए, बीसीए, एमएससी, एमकॉम एवं पीजीडीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इसे अपने करियर की दिशा निर्धारित करने में सहायक बताया।

# केंद्र के खिलाफ वकीलों में रोष

## डीसी को सौंपा ज्ञापन, अधिवक्ता अधिनियम में संशोधनों को वापस लेने की गुहार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला बार एसोसिएशन हमीरपुर ने मंगलवार को कानून मंत्री भारत सरकार को जिला उपायुक्त के माध्यम से एडवोकेट एक्ट संशोधन को लेकर ज्ञापन भेजा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जिस तरह से केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता एक्ट में जो संशोधन किया जा रहा है, वह अधिवक्ताओं की आजादी पर सीधा प्रहार है, जिसका प्रदेशभर के सभी अधिवक्ता विरोध कर रहे हैं। इसी विरोध के चलते प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों व सब डिविजन न्यायालयों में 3 व 4 मार्च को कोई भी अधिकता न्यायालयों में हाजिर नहीं हुए व भारत सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि यह संशोधन जो एडवोकेट एक्ट में किया जा रहा है, यह बिना एडवोकेट की सलाह से ही बनाया गया है। संशोधन में बहुत सी बातें है जैसे अधिवक्ताओं को हड़ताल करने से पाबंदी रहेगी और यदि हड़ताल करते हैं तो उनपर न्यायाधीश कार्रवाई कर सकेंगे, बाहरी देशों से लॉ फर्मों को भारत लाना, अधिवक्ताओं की काउंसिल में सरकार द्वारा अपने लोगों को डालना आदि, यह संशोधन पूरा 100 पन्नों का है। उन्होंने कहा कि देश भर में 27 लाख से अधिक अधिवक्ता हैं तो बाहर से लॉ फर्मों को लाने से और प्रेक्टिस करने से क्या होगा। उन्होंने कहा कि स्टेट कॉर्डिनेशन कमेटी पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर इस बारे में चर्चा करेगी। उन्होंने कहा कि आगे की रणनीति दोनों नेताओं से मिलने के बाद बनाई जाएगी।

इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी ठाकुर, उपाध्यक्ष निशांत गर्ग, महासचिव अश्वनी शर्मा, संयुक्त सचिव रिजुल ठाकुर, कोषाध्यक्ष संदीप ठाकुर, लाइब्रेरियन कुलदीप कुमार व सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



जिला बार काउंसिल के सदस्यों ने डीसी के माध्यम से कानून मंत्री भारत सरकार को भेजा ज्ञापन।

### न वेतन, न भत्ते फिर संसोधन क्यों?

एसोसिएशन ने कहा कि केंद्र सरकार से न उन्हें कोई वेतन दिया जाता है और न ही कोई अन्य भत्ते फिर भी सरकार अधिवक्ता एक्ट में संशोधन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं की यही मांग है कि इस अधिवक्ता एक्ट संशोधन को वापस लिया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि अधिवक्ता अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को तत्काल वापस लिया जाए और यह भी अनुरोध किया जाता है कि उक्त अधिनियम में कोई भी संशोधन प्रस्तावित करने से पहले अधिवक्ता समुदाय से परामर्श किया जाए और उसे शामिल किया जाए ताकि अधिवक्ताओं के हितों का ध्यान रखा जा सके।

# पुलिस कांस्टेबल भर्ती में 225 महिला अभ्यर्थियों ने शारीरिक मानक-दक्षता परीक्षा की उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश पुलिस में आरक्षी पद के कुल 1226 पदों (पुरुष व महिला आरक्षी पद) को भरने के लिए हमीरपुर जिले में भर्ती की प्रक्रिया 28 फरवरी से जारी है। इसी के तहत 4 मार्च को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मैदान अणु, जिला हमीरपुर में आरक्षी पद की भर्ती के लिए शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने के लिए कुल 1500 महिला अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिनमें से कुल 851 अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए पंजीकृत हुए।

मंगलवार को उपरोक्त कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 225 महिला अभ्यर्थियों ने शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा 626 महिला अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुई हैं। 28 फरवरी से लेकर 4 मार्च तक कुल 3787 पुरुष अभ्यर्थी तथा कुल 1052 महिला अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पंजीकृत हुए जिनमें से कुल 941 पुरुष अभ्यर्थी तथा कुल 277 महिला अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं तथा आज दिन तक कुल 2846 पुरुष व कुल 775 महिला अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं।

हमीरपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 5 मार्च को आयोजित होने वाली शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने के लिए कुल 180 महिला अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

### होली मेले की तैयारियों के बीच एसडीएम सुजानपुर का तबादला

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा का सुजानपुर से मनाली स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग में तबादला हो गया है। उनके स्थान पर एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह को सुजानपुर एसडीएम का अतिरिक्त कार्य भार सौंपा गया है। इस बाबत आदेश मंगलवार देर शाम को सरकार द्वारा जारी किए गए। सुजानपुर में राष्ट्रीय स्तरीय होली मेला को अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। एसडीएम सुजानपुर को होली मेला आयोजित करने के लिए मेला अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया जाता है तथा वही मेले के मेला अधिकारी होते हैं। होली मेले के कुछ दिन पहले ही मेलाधिकारी के तबादले को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। उधर, एसडीएम सुजानपुर डॉक्टर रोहित शर्मा ने बताया कि वह बुधवार को सुजानपुर से रिलीव होंगे।

# राज्यपाल शुक्ल ने किया तकनीकी विवि की समाचार पत्रिका के विशेषांक का विमोचन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल एवं कुलाधिपति हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने तकनीकी विवि की समाचार पत्रिका के विशेषांक का राजभवन में विमोचन किया। इस मौके पर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान और राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने तकनीकी विश्वविद्यालय के नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान की सराहना की और आने वाले समय में इस जागरूकता अभियान में तकनीकी विश्वविद्यालय से संबंधित सभी शिक्षण संस्थानों को शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि नशे के विरुद्ध समाज के हर वर्ग को जागरूक किया जा सके। ब

ता दें कि हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय ने गत 5 फरवरी को हमीरपुर में नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली और सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें राज्यपाल ने शिरकत की थी। तकनीकी विश्वविद्यालय ने इसी कार्यक्रम का समाचार पत्रिका का विशेषांक प्रकाशित किया है।

# हिमाचल में वित्तीय आपातकाल : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

- बोले-मल्टीटास्क वर्कर्स एचआरटीसी कर्मचारी और पंचायतीराज प्रतिनिधि वेतन के लिए तरसे

हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति पूरी तरह चरमरा चुकी है। कांग्रेस सरकार कर्मचारियों को वेतन और पेंशन देने में असमर्थ हो चुकी है, जिससे प्रदेश में असंतोष और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने प्रदेश सरकार की इस नाकामी पर कहा कि अगर केंद्र सरकार हिमाचल को आर्थिक सहायता न दे, तो प्रदेश सरकार अपने कर्मचारियों को तनख्वाह और पेंशन देने में भी सक्षम नहीं होगी।



मल्टीटास्क वर्कर्स को 4 महीने से वेतन नहीं, और पंचायतीराज प्रतिनिधि भी परेशान हैं। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बताया कि लोक निर्माण विभाग में कार्यरत मल्टीटास्क वर्कर्स को पिछले 4 महीनों से वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा, एचआरटीसी के कर्मचारियों को भी समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा, जिससे वे अपने परिवारों का पालन-पोषण करने में कठिनाई झेल रहे हैं। पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी वेतन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यह स्थिति प्रदेश सरकार की वित्तीय विफलता को दर्शाती है।

**मोदी सरकार की मदद से ही चल रहा प्रदेश :** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा देते हुए 90:10 के अनुपात में आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। केंद्र से लगातार आर्थिक सहयोग मिलने के बावजूद राज्य सरकार धन का सही उपयोग करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

**कांग्रेस सरकार की विफलता से कर्ज में डूब रहा हिमाचल :** उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन के कारण हिमाचल पर कर्ज का बोझ 85,000 करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है। प्रदेश सरकार की कोई ठोस आर्थिक नीति नहीं है, जिससे राज्य को लगातार आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हिमाचल को आर्थिक संकट से निकालना है तो राज्य में स्थिर और मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। कांग्रेस सरकार केवल झूठे वादे और बहानेबाजी में व्यस्त है, जबकि जनता को ठोस फैसलों की आवश्यकता है। हिमाचल की जनता अब भ्रष्टाचार और कुशासन से मुक्त शासन चाहती है, जहां प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो और विकास तेजी से आगे बढ़े। (अनंत ज्ञान)

# सरकारी खजाना लुटा, अब मंदिरों पर नजर : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुक्खू सरकार अब मंदिरों के धन को अपना एटीएम बनाने पर तुली हुई है। यह आरोप पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हमीरपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान लगाया। उन्होंने प्रदेश सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस तरह महमूद गजनवी भारत के मंदिरों पर हमला कर वहां का सोना-चांदी लूटकर ले जाता था, उसी तरह सुक्खू सरकार भी अब श्रद्धालुओं के चढ़ावे पर नजर गड़ाए बैठी है।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हाईकमान हिंदू आस्थाओं से दूरी बनाए रखता है, अयोध्या में रामलला के दर्शन से परहेज करता है, कुंभ स्नान से बचता है, लेकिन मंदिरों के धन को हड़पने के लिए तत्पर रहता है।

# डीसी कार्यालय परिसर में आरंभ हुई रेडक्रॉस कैंटीन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय परिसर में प्रतिदिन अपने कार्यों के सिलसिले में आने वाले आम लोगों और विभिन्न बैठकों, सेमिनारों एवं अन्य कार्यक्रमों में आने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सुविधा के लिए उपायुक्त कार्यालय परिसर में मंगलवार से एक कैंटीन आरंभ की गई है।

कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर उपायुक्त एवं जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि इसके खुलने से जहां आम लोगों, अधिकारियों और कर्मचारियों को उपायुक्त कार्यालय परिसर में ही जलपान की सुविधा मिलेगी, वहीं इससे जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के फंड में भी बढ़ोतरी होगी। उपायुक्त ने बताया कि इससे प्राप्त लाभांश रेडक्रॉस सोसायटी के फंड में जमा होगा। इस फंड से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की मदद की जाएगी।

# नशा तस्करों की सूचना देने वाले को बड़ा पंचायत के उपप्रधान देंगे इनाम

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

प्रदेश में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे चिट्टे के कारोबार से जिस तरह से युवा वर्ग इस चिट्टे के नशे के चुंगल में फंस रहा है, वह वर्तमान समय में बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ है। प्रदेश सरकार ने भी इस नशे के कारोबार करने वालों पर पूर्ण रूप से कड़ी कार्रवाई करने के लिए पुलिस प्रशासन को कड़े आदेश दिए हैं कि नशा.तस्करों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।



यही नहीं प्रदेश सरकार ने भी नशा तस्करों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए यह विधेयक पास किया है कि इन नशा तस्करों को सीधा जेल में डाला जाए एवं उनकी जमानत का किसी भी प्रकार का कोई प्रावधान न हो। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने समाजिक इकाइयों एवं प्रदेश की पंचायतों से भी इस बारे में आग्रह किया है कि वे भी इन नशा तस्करों. को पकड़वाने में अपना सहयोग दें।

इसी क्रम के चलते उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत के उपप्रधान अशोक सनौरिया (रिंटू ) ने अपनी पंचायत में ये ऐलान किया है कि पंचायत का कोई भी सदस्य उन्हें यदि इन नशा तस्करों (चिट्टा) बेचने बालों के खिलाफ सूचना देता है तो वे उस सूचना देने वाले व्यक्ति को अपनी जेब से 10000 की इनाम राशि प्रदान करेंगे एवं सूचना देने बाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप. से गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने पंचायत वासियों से नशा मुक्त हिमाचल बनाने में जनसहयोग की अपील भी की।

# कंज्याण कस्बे के रूप में होगा विकसित : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण सरंक्षण के पौधरोपण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद कंज्याण को कस्बे के रूप में विकसित करने का कार्य जारी है और चरणवद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंज्याण में सबसे पहले जलशक्ति विभाग का उपमंडल कार्यालय व अनुभाग कार्यालय खोला गया है। अब उपमंडल स्तरीय भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि इसके साथ कंज्याण हेलिपैड का विस्तार किया गया है। इससे कंज्याण क्षेत्र में विकास को नई पहचान मिलने लगी है। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रकिया है। इसमें समय के साथ परिवर्तन करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में कंज्याण दूसरा मुख्यालय बनेगा। इसके लिए निरंतर प्रयास जारी है। इस अवसर पर भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, एससी विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीप चंद, कंज्याण पंचायत प्रधान संदीप चौहान, पूर्व प्रधान पवन कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर, डीएफओ हमीरपुर अंकित कुमार सिंह, आरओ अग्घार अंकुश ठाकुर, डिप्टी रेंजर पवना कुमारी व अन्य उपस्थित रहे।

**रौहीं गांव को सड़क सुविधा के 9 लाख रूपए किए स्वीकृत :** विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि रौहीं गांव को सड़क सुविधा के लिए 9 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। यह राशि लोक निर्माण विभाग के पास जमा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग सड़क के निर्माण के लिए भूमि नहीं दे रहे हैं तथा कुछ लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया हुआ है। उन्होंने रौंही के लोगों से आह्वान किया आज सड़क के लिए भूमि की व्यवस्था करें तथा दूसरे दिन सड़क निकाली जाएगी।

उन्होंने कहा कि रौहीं को जोड़ने के लिए फुटब्रिज भी प्रस्तावित है। इसके लिए ग्रामीणों को सहयोग करना होगा।



पौधरोपण करते विधायक सुरेश कुमार व अन्य।

# नगर पंचायत भोटा में 2.62 करोड़ का बजट पारित

**संजीव कुमार, भोटा।** नगर पंचायत भोटा की वितीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। नगर पंचायत भोटा की इस बैठक में 2 करोड़ 44 लाख 8 हजार 500 रुपए की आय, 2 करोड़ 61 लाख 95 हजार 500 खर्चा होने का अनुमान है इसमें हाउस टैक्स कर से 7 लाख 25 हजार, दुकानों से प्राप्त इनकम 3 लाख 25 हजार, शराब बिक्री कर से आय 4 लाख, नक्शे को पास करने की फीस से एक लाख 80 हजार एवं सरकारी अनुदान से लगभग एक करोड़ 75 हजार, इत्यादि से इनकम होने का अनुमान है।

वह माननीय के व्यय भत्ते पर भी 4 लाख 75 हजार, वेतन भत्ता पर 50 लाख 80 हजार रुपए विकास के कार्यों पर एक करोड़, स्ट्रीट लाइटों पर एक करोड़, सफाई पर 20 लाख 50 हजार रुपए इत्यादि पर व्यय होने का अनुमान है। बैठक में गाड़ियों के लिए पार्किंग का प्रावधान और गलियों में नई स्ट्रीट लाइट लगवाने एवं उनके रखरखाव के लिए, गलियों की सफाई का सुचारु रूप से करने के लिए प्रावधान के बारे में चर्चा की गई और बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि पालतू कुत्तों का पंजीकरण होना जरूरी है जिनकी जानकारी नगर पंचायत से साझा करना आवश्यक है। (अनंत ज्ञान)

**प्रेसवार्ता** हमीरपुर मंडल ग्रामीण की मंडलाध्यक्ष जसवीर सिंह और शहरी की मंडलाध्यक्ष श्रीपाल ने की घोषणा

# हमीरपुर भाजपा मंडल की ग्रामीण व शहरी कार्यकारिणी घोषित

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर मंडल भाजपा के दोनों अध्यक्षों ने कार्यकारिणियों का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को अणू में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, विधायक आशीष शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।



हमीरपुर मंडल ग्रामीण की कार्यकारिणी की घोषणा मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह ने की। इसके तहत मंडल ग्रामीण में राकेश कानूनगो और प्रमोद पटियाल को महामंत्री, वीरेंद्र सिंह, मीना जसवाल, रीना देवी, देवराज शर्मा को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष, रक्षा देवी, शकुंतला ठाकुर, विनोद कुमार मिश्रा, अमित कुमार और निशा देवी को सचिव, हेमराज शर्मा को मीडिया प्रभारी, मनोहर लाल मिश्रा को प्रवक्ता, राकेश कुमार को कार्यालय सचिव, विशाल चौहान को आईटी संयोजक, अनिल कुमार को आईटी सह-संयोजक, संजय पटियाल को सोशल मीडिया संयोजक, अनिरुद्ध शर्मा को सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया गया है। इसके साथ ही 26 सदस्यीय कार्यकारिणी में सपना शर्मा, जीवन चंद शर्मा, रिंकू पठानिया, बिधि चंद, दीप चंद कालिया, मनोहर लाल शर्मा, संजीव ठाकुर, ज्योति देवी, नीना ठाकुर, ललित कुमार, बलबीर कुमार, राजीव कुमार, बिमला देवी, यशवंत सिंह, दया सिंह पठानिया, धनपत राय, मनु बाला, कुसुम कुमारी, वासुदेव, विमल कुमार, रजनी देवी, सतीश शर्मा, प्रवीण कुमार, रवि दत्त शर्मा, शशि बाला, अंजू बाला को सदस्य बनाया गया है।

स्थायी आमंत्रित सदस्यों में प्यारे लाल शर्मा, रसील सिंह मनकोटिया, बीना शर्मा, अजय शर्मा, बलदेव धीमान, आदर्श कांत, राजकुमारी, सुषमा शर्मा, पुरुषोतम ठाकुर और माया देवी के नाम शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में सांसद अनुराग ठाकुर, विधायक आशीष शर्मा, तिलक राज, सुरेश सोनी, मोहिंद्र सिंह, संजीवन सिंह, सुनीता देवी, कांता शर्मा, कल्पना डोगरा, बललंत राणा शामिल हैं।

**शहरी इकाई में इन्हें किया शामिल**

शहरी इकाई की कार्यकारिणी की घोषणा मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि राजेश ठाकुर और तेन सिंह को महामंत्री की जिम्मेवारी दी गई है। जबकि कुलभूषण ठाकुर, बिमला शर्मा, अरुण कुमार रजनीश जमवाल को उपाध्यक्ष, अजय सिंह, मोहिन्द्र कुमार, रजनी देवी, बबिता शर्मा, रश्मी पाठक को सचिव, सुरेश बजाज को कोषाध्यक्ष, विक्रांत भारद्वाज को मीडिया प्रभारी, त्रिलोक ढडवाल को प्रवक्ता, अशोक कुमार को कार्यालय सचिव, शशि पाल को आईटी संयोजक, शीतल गौतम को आईटी सह संयोजक, सौरव शर्मा को सोशल मीडिया संयोजक, जुगल किशोर को सोशल मीडिया सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं राम नाथ शर्मा, अशोक कुमार, कुलदीप शर्मा, बलबंत सिंह, चमन लाल, केहर सिंह, विजय कुमार, अजय कुमार, जगरेल सिंह, मनोज कुमार, आशा देवी, विपन कुमार, राज कुमार, सुनीता देवी, अंजना कुमारी, कांता देवी, सुषमा देवी, राज कुमार, बिमला देवी, परमजीत सिंह, मीना देवी, रजनी देवी, सुनील कुमार, नीना कुमारी, जोगेंद्र सिंह, निशा कुमारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। इसके साथ स्थायी आमंत्रित सदस्यों में बिधि चंद शर्मा, जोगेंद्र कुमार, दीप बजाज, सुमन कपिल, मनीष पुरी, अनिल शर्मा, ज्योति प्रकाश शर्मा, विपन कुमार, हरीश शर्मा और सोनी कुमार शर्मा के नाम शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में सांसद अनुराग ठाकुर, विधायक आशीष शर्मा, उर्मिल ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, नरेंद्र अत्री, अनिल ठाकुर, उषा बिरला, कमलेश कुमार, रजनीश गौतम और बीना पठानिया शामिल हैं।

सदर विधायक आशीष शर्मा ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी को और सुदृढ़ करने के लिए एकजुटता के साथ कार्य करेंगे तथा पार्टी के कार्यों का निष्पादन पूरी लगन से करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम ललीन में

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर और विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि आठ मार्च को जिला स्तरीय महिला दिवस समारोह हमीरपुर शहरी मंडल की ग्राम पंचायत ललीन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी मुख्यातिथि होंगी।

# राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव को भव्य रूप देने के लिए किया मंथन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सुजानपुर के राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को हमीर भवन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेश कुमार ने कहा कि 12 से 15 मार्च तक आयोजित किए जा रहे सुजानपुर के होली उत्सव को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार भव्य रूप प्रदान किया जाएगा। इसमें सुजानपुर की होली की समृद्ध परंपराओं के साथ-साथ जिला हमीरपुर एवं हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति और अन्य गतिविधियों का समावेश भी सुनिश्चित किया जाएगा।

वहीं, सुजानपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव को लेकर के मंगलवार को प्लाटों की बिक्री शुरू हो गई । एसडीएम एवं मेला अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की गठित कमेटी ने खुली बोली के माध्यम से प्लाटों की नीलामी करवाई ।

### होली उत्सव के दौरान हथियारों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर में 12 से 15 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए उत्सव की अवधि के दौरान नगर परिषद सुजानपुर के पूरे क्षेत्र में हथियार, गोला-बारूद या किसी भी तरह के अन्य घातक हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र सुजानपुर में यह प्रतिबंध 12 से 15 मार्च तक लागू रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस, होमगार्ड और अन्य सुरक्षा कर्मचारियों या अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 10वीं और 12वीं कक्षा का व्यावसायिक व्यवहारिक मूल्यांकन अप्रैल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने कहा कि कक्षा 10वीं और 12वीं (नियमित) का व्यावसायिक व्यावहारिक मूल्यांकन 3 से 28 फरवरी तक निर्धारित किया गया था। हिमाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा, बर्फबारी और अन्य अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण उक्त मूल्यांकन पूरा नहीं किया जा सका। उपरोक्त के मद्देनजर उक्त मूल्यांकन के लिए पुनर्निर्धारित तिथि एक से 10 अप्रैल तय की गई है। एसपीडी/एसएससी कार्यालय और संबंधित स्कूलों के प्रिंसिपल को सूचित किया जाता है कि कृपया उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर उक्त परीक्षा आयोजित करने की व्यवस्था करें। मूल्यांकन के पिछले शेड्यूल में अनुपस्थित रहने वाले प्रत्येक छात्र को भी कवर करना सुनिश्चित करें। यह भी अधिसूचित किया जाता है कि संबंधित एसएससी इन शेष छात्रों का ऑनलाइन या ऑफलाइन मूल्यांकन कर सकते हैं, जैसा कि वे आगामी मौसम की स्थिति के अनुसार सुविधाजनक मानते हैं।

### रामपुर में 26.68 ग्राम चिट्टे के साथ महिला सहित एक गिरफ्तार

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** शिमला जिले के रामपुर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए युवती समेत दो लोगों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 26.68 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। आरोपी मंडी जिले के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास चिट्टा कहां से आया, आगे किसे उपलब्ध करवाना था, इन सब सवालों के जवाब ढूंढने के लिए पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। रामपुर पुलिस टीम सोमवार देर रात को जब नीरथ के समीप कुड़ीधार क्षेत्र में गश्त पर थी, तो सड़क किनारे खड़ी एक संदिग्ध गाड़ी की शक के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में सवार युवती और युवक से 26.68 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सोहन लाल (25) निवासी गांव सलोहा और गीता श्रेष्ठ (25) निवासी गांव टकोली, मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने तुरंत दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### सूबेदार विजय की साइलेंट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी के विजय कुमार का साइलेंट अटैक होने से मौत हो गई । मंगलवार को 67 वर्षीय विजय कुमार अर्मी से सूबेदार के पद सेवानिवृत्त हुए थे 11 बजे उनकी मौत हो गई। भाजपा के शहरी इकाई मंत्री ने रवि कुमार बताया की बुधवार को सुबह 11 बजे तक सभी दुकानें बंद रहेंगी ।

### हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं वित्त विकास निगम, कांगड़ा के उपाध्यक्ष डा. मोहन लाल कौंडल ने आज यहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। उपाध्यक्ष ने इस महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी को सौंपने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि उनके मार्गदर्शन में समाज के संवेदनशील वर्गों के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करना सुनिश्चित किया जाएगा।

### कनाडा भागने की फिराक में दो महिला चिट्टा तस्कर दिल्ली एयरपोर्ट पर दबोचीं


**संजय अग्रवाल, धर्मशाला।** पुलिस धर्मशाला की टीम ने चिट्टा तस्कारों के विदेश भागने की कोशिश को नाकाम किया है। कांगड़ा जिला एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से कनाडा भागने की फिराक में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को कांगड़ा ले आई है। एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि 21 जनवरी की रात्रि को पुलिस थाना धर्मशाला की टीम गश्त पर थी, इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर वाहन नंबर एचपी39बी 9902 को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो वाहन सवार तीन युवकों शशांक विष्ट निवासी देहरादून, आयुष व सवातंग शाही निवासी धर्मशाला के पास से 30 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संबंध मे पुलिस थाना धर्मशाला में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में मुख्य आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने हेतु तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ की गई । पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि युवकों ने यह मादक पदार्थ पंजाब की दो महिलाओं कुलवंत कौर व जर्मनप्रीत कौर से खरीदा था। इसके अतिरिक्त तीनों युवकों ने इन दोनों महिलाओं के बैंक खातों में यूपीआई के माध्यम से लगभग 4.50 लाख का लेने-देन किया है, जो कि नशा तस्करी से जुड़ी वित्तीय गतिविधि को स्पष्ट करता है। इसके बाद दोनों महिलाओं के मोबाइल का तकनीकी विश्लेषण करने पर इनकी लोकेशन दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास पाई गई। एसएसपी ने बताया कि लोकेशन के आधार पर 28 फरवरी को पुलिस थाना धर्मशाला से एक विशेष पुलिस दल दिल्ली रवाना किया और दोनों महिलाओं को दिल्ली एयरपोर्ट के भीतर से 3 मार्च को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से पासपोर्ट बरामद हुए, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि यह कनाडा फरार होने की फिराक में थीं। गिरफ्तार महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में प्रयोगशालाओं को किया जाएगा सुदृढ़ : स्वास्थ्य मंत्री

## हाई वॉल्यूम टेस्ट की सुविधा मिलेगी, निजी प्रयोगशालाओं से मिलेगा छुटकारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश भर में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी तथा मौजूदा प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि हाई वॉल्यूम टेस्ट सरकारी प्रयोगशालाओं में किए जा सकें। उन्होंने यह बात आज यहां राज्य में रोगी कल्याण समिति की बैठक को संदृढ़ बनाने की रूपरेखा तैयार करने के लिए गठित मंत्रिमंडल उप-समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी तथा आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा भी मौजूद थे।



स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य के लोगों के कल्याण के लिए रोगी कल्याण समिति द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में गुणात्मक सुधार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मंत्रिमंडलीय उप-समिति में रोगी कल्याण समिति को संसाधन सृजन तथा संसाधनों के अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर विमर्श किया। डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि बैठक के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिन्हें मंत्रिमंडल के समक्ष मंजूरी के लिए रखा जाएगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं की प्रणाली का हो रहा गठन

**उन्होंने** कहा कि सरकार सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ स्वास्थ्य सेवाओं तक सुलभ पहुंच और उन्हें अधिक विश्वसनीय बनाते हुए राज्य भर में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके लिए स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का पुनर्गठन किया जा रहा है। 69 स्थानों पर आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोले जा रहे हैं जो राज्य के लोगों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अत्याधुनिक उपचार सुनिश्चि करेंगे।

# बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष से जिलाधीश अनुपम कश्यप व जिला पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने एक शिष्टाचार भेंट की। दोनों अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष को जिला प्रशासन द्वारा आगामी बजट सत्र की आवश्यक सुरक्षा तैयारियों से अवगत करवाया।

गौरतलब है कि विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च को दोपहर 2 बजे राज्यपाल के अभिभाषण के साथ आरंभ हो रहा है तथा यह 28 मार्च तक चलेगा। हालांकि, सुरक्षा प्रबंध से संबंधित बैठक विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में 6 मार्च को होनी प्रस्तावित है। फिर भी इन अधिकारियों ने इस सत्र की महत्वता को देखते हुए सुरक्षा संबंधी तैयारियां को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के साथ गुफ्तगू की। अधिकारियों से संवाद करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सुरक्षा के इंतजामों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि शिमला पर्यटन की दृष्टि से विश्व मानचित्र पर है, इसलिए सत्र में भाग लेने वाले सभी मान्य सदस्यों सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े तथा यातायात व्यवस्था भी सुधरी रहनी चाहिए। पठानिया ने सत्र से संबंधित सभी तैयारियां को समय रहते पूरा करने के दिशा- निर्देश जारी किए।

# सीएम सुक्खू का कथन कुछ और है, उपमुख्यमंत्री का कुछ और : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 40 ऐसे बड़े ऐसे तीर्थ स्थान और मंदिर हैं, जिन्हें समय-समय पर हिमाचल की सरकारों ने अधिगृहित किया और इस अधिग्रहण के पीछे की जो भावना है वह बड़ी स्पष्ट है कि मंदिरों का जो चढ़ावा है वह मंदिरों के विकास के लिए इस्तेमाल हो।

वे चढ़ावा आवागमन की दृष्टि से जो लाखों तीर्थ यात्री आते हैं उनको क्या-क्या सुविधा मुहैया करवाई जा सकती है, उनके लिए भंडारे की व्यवस्था, जलपान की व्यवस्था, उनके बैठने, ठहरने की व्यवस्था, पुजारियों के, ब्राहमणों के पूजा-पाठ का जो हिस्सा है, वह उनको देय है और मंदिरों में भगवान की मूर्तियों का रखरखाव है। सोने-चांदी के आभूषण व आवरण की व्यवस्था है इन व्यवस्थाओं के लिए उस धनराशि का उपयोग होता है।

### मंदिरों की धनराशि का उपयोग गलत

**डॉ.** बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अंदर सैंकड़ों ऐसे छोटे मंदिर हैं, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है परंतु वहां पर चढ़ावे की राशि नहीं होती जिसके कारण उसका उचित रखरखाव संभव नहीं होता। ऐसे उन छोटे मंदिरों का रखरखाव, पूजा-अर्चना की व्यवस्था, वहां के पुजारी को दिया जाने वाला मानदेय इत्यादि बड़े मंदिरों के चढ़ावे से दिए जाने का प्रावधान रखा गया है, परंतु हिमाचल प्रदेश की सरकार ने जिलाधीशों को जो अधिसूचना जारी की है, वह स्पष्ट रूप से आदेशात्मक है कि यह धनराशि सरकार की योजनाओं के लिए उपलब्ध करवाई जाए।

### लूटने नहीं दिया जाएगा मंदिर का पैसा

**डॉ.** बिंदल ने कहा कि इस बारे में मुख्यमंत्री का कथन कुछ और है, उप मुख्यमंत्री का कथन कुछ और है, कांग्रेस के प्रवक्ताओं का कथन कुछ और है, हमें इस बात से कुछ लेना-देना नहीं है कि उनकी सरकार के अंदर मतभेद है परंतु किसी भी हालात के अंदर यह धनराशि जो उन मंदिरो के ट्रस्ट की है, उसको लूटने नहीं दिया जाएगा।

# नाहन में मेडिकल कॉलेज का निर्माण मौजूदा स्थल पर ही हो

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नाहन के पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन में मेडिकल कॉलेज का निर्माण मौजूदा स्थल पर किए जाने की मांग बुलंद की है। इसके लिए उन्होंने नाहन में स्थानीय लोगों का समर्थन जुटाया। डॉ. बिंदल ने कहा कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के प्रस्तावित स्थानांतरण के खिलाफ नाहन के लोगों ने एकजुट होकर आवाज उठाई है।

उनकी मांग है कि पिछले अढ़ाई साल से रुके पड़े निर्माण कार्य को फिर से शुरू किया जाए और वर्तमान स्थान पर ही पूरा किया जाए। इस संबंध में आज नाहन के प्रमुख नागरिकों के सहयोग से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने इस पहल का पुरजोर समर्थन किया और अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण मूल रूप से निर्धारित स्थल पर ही पूरा किया जाए। नाहन के लोगों ने स्पष्ट कर दिया है कि मेडिकल कॉलेज को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना अस्वीकार्य और क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे के लिए हानिकारक होगा। वे सरकार से निर्माण कार्य को फिर से शुरू करने और लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान करते हैं।

# प्रदेश में अब पीएम मोदी के एआई मिशन से होगी वनों की रक्षा

**उमेश, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश में हर वर्ष हजारों वर्गमीटर वन क्षेत्र आग लगने के कारण बर्बाद हो जाता है। इससे जहां वनों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, इसमें कई जीव-जंतुओं की मौत भी हो जाती है। इस समस्या को लेकर वन विभाग द्वारा कई प्रकार के एहतियातन कदम बेशक उठाए जाते हैं, लेकिन विभाग पूरी तरह से लगाम लगाने में अभी तक सफल नहीं हो पाया है। अब वन विभाग हिमाचल प्रदेश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से वनों की आग से बचाव करेगा। हिमाचल प्रदेश में सबसे पहले हमीरपुर जिले में एआई टेक्नोलॉजी के माध्यम से वन में आग लगने की सूचना तुरंत विभाग तक पहुंचने को लेकर एक पायलट प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश के प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फारेस्ट समीर रस्तोगी ने कहा कि एआई टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए जंगल में सेंसर लगाए जाएंगे और आग लगने पर विभाग को तुरंत सूचना प्राप्त हो जाएगी। प्रदेश में लोगों को बंदरों के आतंक से बचाने के लिए वन क्षेत्र में 60 प्रतिशत फलदार पौधों का पौधारोपण किया जाएगा। इससे बंदरों को जंगल में ही खाने की व्यवस्था हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**बंदरों के आतंक से लोगों और खेतों को बचाने के लिए नई कवायद विभाग ने की शुरू**

# केंद्र सरकार के सहयोग से नहीं आने दी जाएगी विकास की कमी : चंदेल

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** दून विधानसभा भाजपा युवा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद हमीरपुर अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। भाजपा युवा नेता अमित चंदेल ने अनुराग का स्वागत करते हुए दून विधानसभा में केंद्र के सहयोग से विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। चंदेल ने अनुराग को बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे के धीमी गति से चल रहे काम का मामला भी उठाया जिसके काम में तेजी लाने का आग्रह किया जिस पर सांसद अनुराग ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले को मिनिस्टर रोड ट्रांसपोर्ट नितिन गडकरी के समक्ष उठाया जाएगा। अमित ने बताया कि केंद्र के सहयोग से हिमाचल में न कोई विकास की कमी आई है और न आने दी जाए।



पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद हमीरपुर अनुराग ठाकुर का स्वागत करते युवा मोर्चा के पदाधिकारी।

# सीएम सुक्खू ने राजभवन में राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार को अचानक शिमला राजभवन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट बताई जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्यपाल को बजट सत्र का न्योता दिया।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू हो रहा है, यह 28 मार्च तक चलेगा। 17 मार्च को मुख्यमंत्री सुक्खू मौजूदा सरकार का तीसरा बजट पेश करेंगे। बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। राज्यपाल के अभिभाषण को बीते कल की कैबिनेट में मंजूरी दे दी गई है। राज्यपाल से मुलाकात के वक्त पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री ने 'रोहतांग आर-पार' पुस्तक का किया विमोचन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां लाहौल-स्पीति के प्रसिद्ध हिन्दी कवि अजेय द्वारा लिखित 'रोहतांग आर-पार' पुस्तक का विमोचन किया।

लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक हिमालय में बसने वाले लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी उपलब्ध करवाने वाला दस्तावेज साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोक प्रतिभाओं के संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्ध हैं और कार्यों को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

पुस्तक के बारे में जानकारी देते हुए अजेय ने बताया कि इस पुस्तक में यात्रा संस्मरणों, डायरी प्रविष्टियां, पत्र, ब्लॉग पोस्ट और युवा लेखकों के संवाद को संकलित किया गया है। इस पुस्तक से पाठकों को हिमालय की जैव विविधता, रहन-सहन और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्र मोहन पारशिरा, हेल्पेज इंडिया के हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार और अन्य गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था का निकला जनाजा, दो माह में 18 मर्डर : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल गया है और हर दिन हत्याएं और दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं। वर्ष 2025 के पहले दो माह में ही 18 मर्डर के मामले रिपोर्ट हो चुके हैं और एक दर्जन से अधिक दुराचार के मामले सामने आए हैं। ये आंकड़े इस तरफ इशारा कर रहे हैं कि सरकार के मुखिया को सिर्फ अपनी कुर्सी की चिंता है और ऐसा लग रहा है कि कानून व्यवस्था को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है ही नहीं। यह चिंता का विषय है और विधानसभा सत्र में भाजपा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी।

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का समापन करने के लिए मंडी पहुंचे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का हेलीपैड पर स्वागत करने के बाद नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस नेताओं ने शिवरात्रि जैसे धार्मिक आयोजन में राजनीतिक बयानबाजी कर

**मंडी में बोले- बजट सत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर भी उठेंगे सवाल**



अच्छा संदेश नहीं दिया है। मेले त्योहारों में राजनीतिक बातें करने से परहेज करना चाहिए लेकिन कांग्रेस नेताओं ने पिछले कुछ वर्षों से यहां आकर मुझे कोसने की नई परंपरा शुरू की है।

जयराम ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पर तीखा जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि महाकुंभ में स्नान तो कर आए, लेकिन अपनी सनातन विरोधी सोच को नहीं बदल सके। कांग्रेस हमेशा ही सनातन का विरोध करती रही है। उन्होंने कहा कि मंदिरों से प्रदेश सरकारों द्वारा जब भी पैसा लिया गया तो उसे सीएम रिलीफ फंड में ही लिया गया, जिसके माध्यम से गरीबों, दीन-दुखियों और आपदा प्रभावितों की मदद की गई, लेकिन यह प्रदेश के इतिहास में पहली बार है कि अब विभाग चलाने के लिए भी मंदिरों से पैसा मांगा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुझे तो डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री पर तरस आता है। लगता इन बेचारों को मुख्यमंत्री और उनके सचिव पूछते ही नहीं है कि आपके विभाग में करना क्या है और क्या नहीं करना है। जयराम ने तंज कसते हुए कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं कि यह नोटिफिकेशन डिप्टी सीएम को नजरअंदाज करके सीएम ने जारी करवाई हो, क्योंकि एलएसी सचिव उनके अपने सचिव भी हैं। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं के खजाने में श्रद्धा के नाम पर जो पैसा इकट्ठा हुआ है उसे लेकर भी जिस तरह से कांग्रेसी नेता झूठ बोल रहे हैं, वो एक तरह से पाप ही है।

## बिजनेस

### उत्तराखंड सहित आधा दर्जन राज्यों तक होगा निर्यात, मत्स्य पर्यटन व्यवसाय को भी मिलेगी ताकत

# रेनबो ट्राउट के अंडों के निर्यात पर सरकार ने बनाई रणनीति

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

सेल्मोनिडे परिवार से संबंध रखने वाली रेनबो ट्राउट के अंडों की पैदावार पर प्रदेश सरकार ने अपने दिशा- निर्देश स्पष्ट कर दिए हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र के मत्स्य फॉर्म में उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिरिक्त अंडों की खेप उपलब्ध करवाई गई है। मांग व आपूर्ति को देखते हुए राज्यों के बाहर भी अपनी एक अलग पहचान बनाई जा रही है।

जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश सहित नागालैंड और उड़ीसा तक ट्राउट के अंडे निर्यात हो रहे हैं। उच्च गुणवत्ता वाली रेनबो ट्राउट के कारोबार से मत्स्य पर्यटन व्यवसाय भी चमकने लगा है। यहां के प्रमुख मत्स्य फार्मो पर हजारों की तादाद में सैलानी पहुंच रहे हैं, जो सरकारी व गैर सरकारी मत्स्याओं फार्मों के लिए आमदनी का जरिया बन रहे हैं।

जानकारी के अनुसार यूरोप उत्तरी, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, उत्तरी व दक्षिणी अफ्रीका के साथ-साथ दक्षिणी एशिया में ब्राउन ट्राउट फिश का उत्पादन होता है। यहां पर हिमाचल



प्रदेश के अलावा उपरोक्त ठंडे राज्यों में इसका उत्पादन हो रहा है। साफ सुथरा जिलों सहित नदियों के स्वच्छ पानी में ब्राउन ट्राउट बहुतयात पाई जाती है, खासकर जनजातीय जिला के लाहौल-स्पीति की सुप्रसिद्ध चंद्रताल झील में ब्राउन ट्राउट की गुणवत्ता से सभी वाकिब है।

बता दें कि मत्स्य योजनाओं से लाभान्वित होकर प्रगतिशील ट्राउट हैचरी मछली पालकों ने केवल उत्तराखंड को 9.5 लाख रेनबो ट्राउट के आंख वाले अंडे उपलब्ध करवाए हैं। इस वर्ष मत्स्य विभाग ने कुल्लू जिले के पतलीकूहल और हामनी, मंडी जिले के बरोट, शिमला जिले के धमवाड़ी, किन्नौर जिले के सांगला और चंबा जिले के थल्ला, होली और भंडाल में स्थित अपने आठ सरकारी फार्मों से 12.60 लाख रेनबो ट्राउट के आंख वाले अंडों और 1.74 लाख ब्राउन ट्राउट के आंख वाले अंडों का उत्पादन किया है। इस प्रजाति की मछली का प्रजनन अभी भी जारी है, इसलिए आंख वाले अंडों का कुल उत्पादन 20 लाख से अधिक होने की उम्मीद है, जो सरकारी क्षेत्र में पिछले साल के 15.79 लाख से उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

इसके अतिरिक्त, निजी क्षेत्र से भी बराबर मात्रा में योगदान की उम्मीद है, जिसमें कुल्लू, मंडी और सिरमौर जिलों में 9 कार्यात्मक हैचरी का सामूहिक रूप से 20 लाख आंख वाले अंडों के उत्पादन का लक्ष्य है। राज्य में कुल ट्राउट उत्पादन, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,402 मीट्रिक टन था, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,600 मीट्रिक टन तक पहुंचने का अनुमान है। विभाग ने सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश को आंख वाले अंडों की आपूर्ति करने में कुल्लू के मछलीपालकों की सहायता की है। मंडी जिले के गांव स्वाद के शेर सिंह और मंडी जिले के जोगिंदर नगर क्षेत्र के गांव शानन के राजीव जसवाल और कुल्लू जिले के गांव फोजल की सरला नेगी जैसे प्रगतिशील मछलीपालकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्य के ठंडे पानी वाले क्षेत्रों में रेनबो ट्राउट उत्पादन को और बढ़ावा देने के लिए, मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों के तहत मत्स्य विभाग ने कुल्लू के पतलीकूहल में ट्राउट फार्म में एक ठंडे पानी की रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम इकाई स्थापित की है। निजी क्षेत्र में भी इसी तरह की एक इकाई स्थापित की गई है और यह दोनों इकाइयां क्रियाशील हैं। (अनंत ज्ञान)

### जलीय कृषि से मिलेगा आर्थिक संबल : चंदेल

मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने कहा कि सरकार की इन पहलों से राज्य में ठंडे पानी की जलीय कृषि में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताह में, जिला कुल्लू की सरला नेगी द्वारा अतिरिक्त 3 लाख रेनबो ट्राउट फ्राई भेजी जाएंगी, जिससे उत्तराखंड में जलीय कृषि और सुदृढ़ होगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बीच यह सहयोगात्मक प्रयास इस क्षेत्र में क्रांति लाएगा, जिससे स्थायी आजीविका और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। रेनबो ट्राउट के अलावा, राज्य में ब्राउन ट्राउट के बीज उत्पादन में भी वृद्धि देखी गई है। धीमी गति से बढ़ने वाली प्रजाति ब्राउन ट्राउट का उत्पादन मुख्य रूप से जैव विविधता के संरक्षण और मत्स्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। जिला मंडी के बरोट और जिला शिमला के धमवाड़ी ट्राउट फार्मों में ब्राउन ट्राउट की नार्वे और डेनिश प्रजातियों का प्रजनन सफलतापूर्वक किया गया है। इन फार्मों में उत्पादित ब्राउन ट्राउट फिंगरलिंग को राज्य भर में ट्राउट-अनुकूल नदियों में स्थानांतरित किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजा का तालाब में मिला धमेटा के चालक का शव

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** मंगलवार सुबह जसूर-तलवाड़ा मार्ग पर पड़ते बस ठहराव राजा का तालाब में स्थानीय लोगों ने एक शव देखा। इसकी सूचना पुलिस थाना रैहन को दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नूरपुर भेज दिया है। शव की शिनाख्त गगन सिंह उर्फ राजू (54) निवासी धमेटा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक किसी निजी बस का ड्राइवर था। उक्त व्यक्ति की मौत कैसे हुई यह तो पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

### बार एसोसिएशन फतेहपुर की हड़ताल जारी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** अधिवक्ता विधेयक संशोधन खिलाफ चल रही बार एसोसिएशन फतेहपुर की हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। हड़ताल के बारे में जानकारी देते हुए अधिवक्ता संजीव कुमार ने बताया कि कानून मंत्रालय द्वारा अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। इसके विरोध में पूरे देश के अधिवक्ता हड़ताल पर चल रहे हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए बार एसोसिएशन फतेहपुर के अधिवक्ताओं ने भी दो दिन की हड़ताल की हैं।

### मटौर कॉलेज में बताए सर्वाइकल कैंसर के कारण

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में महिला प्रकोष्ठ द्वाराअंतरराष्ट्रीय कंपनी टिऑन्स के सौजन्य से छात्राओं के लिए महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर विषय को लेकर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें कंपनी की ओर से पूजा, इंदु, लेखराज बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में लेखराज ने छात्राओं को बढ़ते गर्भाशय, ओवरी, सर्वाइकल, स्तन कैंसर के कारणों, उनसे बचने के उपायों की जानकारी सांझा की। उन्होंने छात्राओं को मासिक माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, कॉटन वाले सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करने, आंतरिक सफाई को ज्यादा महत्व देने के लिए प्रेरित करते हुए एक सही सैनिटरी पैड का चुनाव कैसे किया जाए डेमॉन्स्ट्रेशन के माध्यम से छात्राओं को समझाया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### बुरांश के फूलों से जूस, चटनी, जैम बनाना सीखा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश इको सिस्टम क्लाइमेट प्रूफिंग प्रोजेक्ट द्वारा वन मंडल पालमपुर के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र बैजनाथ के वन प्रबंधन समिति ग्वाल टिक्कर में समूह के 30 लोगों को आय बढ़ाने हेतु बुरांश के फूलों से बनने वाले जूस, चटनी, जैम इत्यादि बनाने का पांच



दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 27 फरवारी से शुरू हुआ, जिसका समापन 4 मार्च को हुआ। समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आरसी गोमा प्रोजेक्ट सपोर्ट कोऑर्डिनेटर ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज, विशेषकर महिलाओं का सशक्तिकरण व सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित होता है और स्वरोजगार के अवसर पैदा होते है। इस प्रशिक्षण शिविर में वन परिक्षेत्र अधिकारी बैजनाथ आदित्य सिंह, अंजना देवी प्रोजेक्ट रिशु चौधरी वन रक्षक, ब्रह्मा राम प्रधान वन प्रबंधन समिति ग्वाल टिक्कर, गुड्डो देवी इत्यादि भी मौजूद रहे।

### स्टेट कैरिज रूटों के लिए अब 10 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उनके कार्यालय के अधीन प्रकाशित 6 स्टेट कैरिज रूटों के लिए परिवहन विभाग द्वारा आवेदन मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा उक्त प्रकाशित रूटों हेतु आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 10 मार्च तक कर दिया गया है। अतः इच्छुक लोग 10 मार्च तक प्रकाशित रूटों हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करवा सकते हैं।

# सभी कॉलेजों में सुदृढ़ होंगी आधारभूत सुविधाएं : पठानिया

## कहा, प्रदेश के कॉलेजों की रैंकिंग करने पर विचार कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक विस केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधारात्मक कदम उठाए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में सामने आएंगे। मंगलवार को लंज महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्यातिथि उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के कॉलेजों की रैंकिंग करने पर विचार कर रही हैं।




उन्होंने कहा मुख्यमंत्री कॉलेजों और सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों में सुविधाओं को सुदृढ़ करना चाहते हैं। राज्य सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने पर बल दे रही है और इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधवाओं के 23 हजार बच्चों को 27 वर्ष तक शिक्षा का खर्च उठाने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है, ताकि कोई भी विद्यार्थी धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। इस योजना के तहत पढ़ाई के लिए 20 लाख रुपए तक का ऋण एक प्रतिशत की ब्याज दर पर दिया जा रहा है और विदेश में पढ़ाई के लिए भी इस योजना का लाभ लिया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं, ताकि विद्यार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत करने और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने की अपील की। इससे पहले कॉलेज के प्रिंसिपल संजय शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा कॉलेज की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी भी प्रदान की। मुख्यातिथि ने उन्नत पुस्कालय का शुभारंभ भी किया तथा कालेज के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# विद्युत कर्मचारी की करंट लगने से मौत पर कर्मियों-पेंशनर्स में गुस्सा

## नूरपुर स्टेडियम से अस्पताल ग्राउंड तक किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**




हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारियों, पेंशनरों और अभियंताओं ने इंदौरा में हुई दुर्घटना के शिकार कर्मचारी अजय कुमार की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया तथा 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। प्रदेश सरकार तथा बोर्ड प्रबंधन वर्ग को आडे हाथों लेते हुए विद्युत पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल और विद्युत पेंशनर फोरम नूरपुर के सचिव अरुण सहोत्रा ने संयुक्त बयान में कहा कि एक सप्ताह में तीन विद्युत कर्मचारी मौत का ग्रास बने हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मौत का ग्राफ बढ़ने का सबसे बड़ा कारण है फील्ड में कर्मचारियों की भारी कमी है, क्योंकि एक-एक कर्मचारी के हिस्से 25 से 30 ट्रांसफार्मर की देखरेख और उसके रखखाव की जिम्मेदारी है। इन नौजवान कर्मचारियों की मौत की जिम्मेदार प्रदेश सरकार और बोर्ड प्रबंधन वर्ग है। उन्होंने अपना रोष प्रकट करते हुए विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों पेंशनरों और अभियंताओं ने नूरपुर के चौगान मैदान में रोष प्रकट किया तथा अजय कुमार अमर रहे के नारे लगाए। सैकड़ों विद्युत कर्मचारियों और पेंशनरों ने सरकार और बोर्ड प्रबंधन वर्ग तक अपनी बात पहुंचने के लिए चौगान मैदान से लेकर नूरपुर सिविल अस्पताल के मुख्य द्वार पर तक जुलूस निकाला।

**मौत के लिए विभाग और सरकार को ठहराया जिम्मेदार**

उन्होंने कहा कि अगर बोर्ड प्रबंधन वर्ग और प्रदेश सरकार ने बिजली बोर्ड में कर्मचारियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू नहीं की तो आने वाले समय में ऐसी और दुर्घटनाएं होंगी, इसलिए हम सरकार से यह मांग करते हैं की बिजली बोर्ड में कर्मचारियों की शीघ्र भर्ती की जाए।

### फोरलेन से प्रभावित शाहपुर के दुकानदारों को जल्द दें मुआवजा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल शाहपुर के अंतर्गत शाहपुर बाजार के खसरा नंबर 1412 बनी दुकानों व भूमि के मालिकों ने उनकी पठानकोट-मंडी फोरलेन पर स्थित अधिग्रहित दुकानों के लिए सरकार से शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। दुकानदार रविंद्र महाजन, अनिल, विमल, रितेश, सुधा महाजन, चंद्र प्रभा, अनुराधा, अनुपमा, राजीव, सुदेशना, विजय कुमार, दिनेश महाजन, सुनील वर्मा, इंदु लगवाल, जोगिंद्र पॉल महाजन, केंथला लगवाल, वेद प्रकाश आदि ने कहा कि मुआवजे के लिए एसडीएम शाहपुर को सन 2023 की एप्लीकेशन दी हुई है जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि हमारा आज तक का ब्याज भी मारा गया वहीं कोर्ट में भी इस पर कोई स्टे नहीं है। उन्होंने बताया कि सभी दुकानदारों ने दिसम्बर 2024 में एफिडेविट भी दिए है कि हमारा अन्य किसी केस से कोई लेना देना नहीं है। उस के बाद भी अभी तक उन्हें मुआवजे के पैसे नहीं दिए गए हैं। दुकान मालिकों ने बताया कि एनएचएआई से भी इस बारे एसडीएम शाहपुर को लेटर आई है जिसकी एक कॉपी हमे मिली है फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने शीघ्र खसरा नंबर 1412 पर बनी दुकानों और भूमि के लिए मुआवजा देने की मांग की है।

# निजी स्कूलों की संबद्धता के नवीनीकरण के लिए 20 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय की ओर से शिक्षा का अधिकार 2009 तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 हिमाचल प्रदेश में निहित प्रावधानों के अनुसार जिले के सभी निजी पाठशालाओं के प्रबंधक व विद्यालय मुखिया से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए संबद्धता के नवीनीकरण व 2025-2030 सत्र के लिए मान्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। यह जानकारी देते हुए उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय सिंह ने बताया कि मान्यता के नवीनीकरण हेतू संबंधित विद्यालय को वेबसाइट पर लॉगइन करना होगा।

उन्होंने बताया कि प्री प्राइमरी से पांचवीं तक कक्षा वाले विद्यालय संबंधित प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी को अपने आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन प्रेषित करें। वहीं, प्राइमरी से आठवीं व छठी से आठवीं तक की कक्षाओं वाले विद्यालय उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय को आवेदन निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाइन प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मार्च रहेगी। इसके उपरांत ऑनलाइन किए गए आवेदनों की जांच की जाएगी तथा त्रुटियां पाए जाने पर ऑनलाइन ही आवेदन वापस विद्यालय को भेज दिए जाएंगे।

**संबद्धता नहीं लेने वाले स्कूलों पर नियमानुसार होगी कार्रवाई**

संबंधित पाठशालाओं को त्रुटियों के निवारण उपरांत अपना आवेदन पुनः प्रेषित करना होगा। उन्होंने बताया कि सही आवेदनों को ऑनलाइन ही संबद्धता पत्र व संबद्धता नवीनीकरण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 में केवल वही विद्यालय विद्यार्थियों को दाखिला दे पाएंगे, जिनके पास विभाग द्वारा मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र होंगे। संबद्धता पत्र व संबद्धता नवीनीकरण पत्र के बिना संचालित होने वाले विद्यालयों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मान्यता प्रक्रिया संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### डीपो होल्डर्स बोले, एपीएल आटा चावल पर कमीशन बढ़ाई जाए

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राशन डीपो होल्डर संघ इकाई ब्लॉक सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की हुई बैठक में संघ ने अपनी मांगों बारे मांग पत्र तैयार कर मुख्यातिथि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। संघ ने कहा कि तमाम डीपो होल्डरों की वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है। इसके मद्देनजर एपीएल आटा व चावल की कमीशन बढ़ाई जाए। राशन के आवंटन पर 2 प्रतिशत स्टॉक सोर्टेज का प्रवधान रखा जाए। बैठक में निर्णय लिया कि नए डीपो खोलने के लिए कम से कम 1500 की जनसंख्या होना अनिवार्य की जाए। हॉट स्पॉट का खर्चा संबंधित डीपो होल्डर के खाता में जमा करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सरकार के घोषणा पत्र में सेल्समैन को 25000 रुपए मासिक वेतन की घोषणा की गई है, को देना सुनिश्चित किया जाए। संघ ने इसकी एक प्रति जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक, जिला कांगड़ा स्थित धर्मशाला की सेवा में भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजने का निर्णय लिया। बैठक में सतीश कुमार, प्रीतम चंद, करतार सिंह, विपन कुमार, सौरभ, पुष्पा देवी, सरोज कुमारी व अशोक कुमार उपस्थित रहे।




# सुंदर दिखने में लड़कियों से पीछे नहीं रहे लड़के

## लाइफ स्टाइल के साथ ब्यूटी पार्लर और सैलून के मायने भी बदले

**बदलती लाइफ स्टाइल के साथ हर कोई बदलता नजर आ रहा है। पहले लड़के सिर्फ सैलून जाया करते थे। ब्यूटी पार्लर का मतलब लोग लड़कियों का ब्यूटी पार्लर समझते थे। लेडीज व गर्ल्स वहां गुड लुकिंग के लिए टाइम-टू-टाइम जाया करती थीं। अब फैशन के साथ-साथ पार्लर के मायने भी बदल गए हैं। बेस्ट लुक के लिए लड़के भी पार्लर का चक्कर लगा रहे हैं। अब लड़के भी अपने हेयर स्टाइल के साथ-साथ चेहरे पर भी अच्छे-खासे पैसे खर्च कर रहे हैं, ताकि चेहरे पर एक दाग तक न दिखे। इसके लिए कई एक्सपर्ट की सलाह लेकर बॉयज फेशियल, ब्लीच, मसाज, स्पा जैसे कई ट्रीटमेंट भी ले रहे हैं। लड़कों में पार्लर के प्रति बढ़ती क्रेज को देखते हुए शहर में भी कई ब्रांडेड पार्लर खुल रहे हैं। धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा में पहले सिर्फ लड़कियों के लिए पार्लर देखने को मिलता था, लेकिन कई ऐसे भी पार्लर हैं, जहां पर लेडीज व जेंट्स सेक्शन भी हैं। यहां पर युवाओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। कई कस्टमर तो एडवांस बुकिंग लेकर ट्रीटमेंट ले रहे हैं।**




### लड़कों के लिए बन रहे ब्यूटी प्रोडक्ट्सः मोहित

**धर्मशाला** के मेल ब्यूटी एक्सपर्ट मोहित कुमार सैनी ने बताया कि पहले लड़के सिर्फ वेडिंग में पार्लर आते थे, लेकिन अब हर समय फेशियल, ब्लीच, बॉडी स्पा, हेयर कलर जैसे ट्रीटमेंट ले रहे हैं। थीम बेस्ड हो गया है मेकअपग्रूम के लिए पूरा पैकेज चल रहा है। इसमें इंगेजमेंट, संगीत, वेडिंग, रिसेप्शन हर ओकेजन के लिए अलग-अलग थीम बेस्ड मेकअप का ट्रेंड है। एक सर्वे के मुताबिक ब्यूटी प्रोडक्ट्स को इस्तेमाल करने के मामले में लड़के लड़कियों से आगे हैं। शायद यही वजह है कि अब जो ब्यूटी प्रोडक्ट लड़कियों के लिए बनाए जा रहे हैं, वहीं प्रोडक्ट मेंस के लिए भी बन रहे हैं। इसमें चाहे फेस क्रीम हो, हेयर कलर, हेयर रिमूवर हो या ब्लीच आदि सब कुछ मेंस के लिए बन रहे हैं। मेंस ब्यूटी का भी यहां बहुत बड़ा मार्केट तैयार हो चुका है।



### धर्मशाला में लेडीज के साथ मेंस ब्यूटी पार्लर भी

**धर्मशाला** में तमाम ब्रांडेड लेडीज एवं मेंस ब्यूटी पार्लर अपनी सर्विस से युवाओं को स्मार्ट बना रहे हैं। लड़कियों की तरह ही अपने फेस का ज्यादा ख्याल रखने वाले लड़के 20-25 दिन में फेस क्लींजिंग या फेशियल करवाते हैं। चेहरे से डेड स्किन रिमूव कराने और फेस को मसाज कराने के लिए बकायदा लड़के सैलून में पैसे खर्च कर रहे हैं। ये सिर्फ फेस पर ही ध्यान नहीं दे रहे, बल्कि हाथ-पैरों की भी बराबर केयर कर रहे हैं। इसलिए लड़कियों की तरह ये भी बकायदा पार्लर में जाकर मेनीक्योर, पेडीक्योर करवा रहे हैं। मॉडर्न लड़कों को अपने हाथ-पैरों और बॉडी पर ओवर हेयर्स पसंद नहीं आते हैं, इसलिए ये भी फुल बॉडी वैक्स कराने से पीछे नहीं हटते।




प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# ब्यूटी सैलून आपकी सुंदरता में लाता है निखार

**व्यक्तिगत** सौंदर्य एक स्वस्थ जीवन शैली का एक अनिवार्य हिस्सा है। एक अच्छे लुट के लिए आपको निश्चित रूप से एक ब्यूटी सैलून की आवश्यकता होती है। बाल कटवाना, वैक्सिंग, मैनीक्योर, पेडीक्योर, मेकअप कुछ ऐसे सौंदर्य उपचार हैं, जिनके लिए निश्चित रूप से विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है और हम आमतौर पर उन्हें प्रशिक्षण के बिना नहीं कर सकते हैं। सौंदर्य उपचार का चुनाव करना हम सभी की इच्छा होती है, लेकिन यह जानना बहुत जरूरी है कि हमारे लिए कौन सा उपचार सही है और सबसे प्रभावी उपचार पाने के लिए कहां जाना चाहिए। सौंदर्य उपचार तब सबसे अच्छे होते हैं, जब उन्हें किसी प्रसिद्ध सैलून से लिया जाता है। ब्यूटी सैलून हमारे सौंदर्य प्रसाधनों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम हर प्रक्रिया खुद नहीं कर सकते और कभी-कभी विशेषज्ञ की सलाह की जरूरत होती है।



### ब्यूटी सैलून क्यों जरूरी ?

**ब्यूटी** सैलून के विशेषज्ञ केवल वही तकनीक बताएंगे, जो हमारी त्वचा के लिए जरूरी सौंदर्य उपचारों के लिए जरूरी हैं। वहां के विशेषज्ञ बेहतरीन तकनीकों से प्रशिक्षित होते हैं, इसलिए अगर आप सबसे अच्छा सैलून चुनते हैं तो आप जो भी पैसा निवेश करते हैं वह बेहतर उपचार के लिए सार्थक होता है।

फेशिअल सौंदर्य उपचार का एक अनिवार्य हिस्सा है। फेशिअल करने से त्वचा में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है। इसकी तकनीक बहुत जटिल होती है, इसलिए केवल प्रशिक्षित लोगों को ही इसे करने की अनुमति दी जानी चाहिए। गलत दिशा में मालिश करने से हमारी त्वचा को नुकसान हो सकता है, इससे त्वचा ढीली पड़ सकती है। स्पा सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले ब्यूटी ट्रीटमेंट में से एक है। यह हमारे बालों या त्वचा की देखभाल करने की एक पूरी व्यवस्था के अलावा और कुछ नहीं है। हम घर पर खुद भी स्पा कर सकते हैं, लेकिन परिणाम निश्चित रूप से समान नहीं होंगे। सैलून में विशेषज्ञों को पूरी प्रक्रिया में प्रशिक्षित किया जाता है, इसलिए वे बेहतर परिणाम प्रदान करेंगे। जरूरी ग्रूमिंग सेशन, मेकअप लुक के लिए आपको प्रोफेशनल आर्टिस्ट की मदद की जरूरत होती है।

### हमीरपुर में न्यू लुक लेडीज ब्यूटी सैलून छह वर्ष से दे रहा सेवाएं

**हमीरपुर** के न्यू लुक लेडीज ब्यूटी सैलून की संचालिका उमा ठाकुर ने बताया कि उनका सैलून 6 वर्ष से ग्राहकों को बहुत ही उचित मूल्य पर सर्वोत्तम और संतोषजनक सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि ब्यूटी सैलून में आपको बहुत ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, लेकिन आपके द्वारा अपने उपचार में लगाया गया पैसा हर पैसे के लायक है।



उमा ठाकुर

प्रस्तुतिः विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

# लहंगे के साथ पेयर करें ये चोकर नेकलेस

**हर महिला चाहती है कि शादी में जब वो लहंगा पहने तो वो खूबसूरत नजर आए और इसके लिए वो बेस्ट लहंगे का चुनाव करती हैं। इसी के साथ लहंगे के साथ ज्वेलरी भी बेस्ट होनी चाहिए ताकि आपका लुक रॉयल नजर आए। वहीं, अगर आप रॉयल वेडिंग लुक चाहती हैं तो आप ये खूबसूरत चोकर नेकलेस का चुनाव कर सकती हैं। मिरर वर्क में आप इस तरह के चोकर भी स्टाइल कर सकती है और इस चोकर में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।**



### लोटस लेस चोकर नेकलेस

**लहंगे** के साथ रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का लोटस लेस चोकर नेकलेस का चुनाव कर सकती हैं। इस चोकर में बेहद ही खूबसूरत लोटस साथ ही, मोती का वर्क किया हुआ है। इस तरह का चोकर आपके लुक रॉयल टच देने का काम करेगा और इसे आप 300 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं। इस तरह का चोकर नेकलेस आप व्हाइट या ब्लैक कलर के लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### पर्ल वर्क चोकर नेकलेस

**अगर** आप सिंपल चोकर नेकलेस में पहनना चाहती हैं तो आप इस तरह के पर्ल वर्क चोकर नेकलेस का चुनाव कर सकती हैं। इस पर्ल वर्क चोकर नेकलेस में पर्ल वर्क साथ ही चीते मोती लगे हैं और इसमें आपका लुक बेहद ही सिंपल और रॉयल नजर आएगा। यह चोकर आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ 200 से 300 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं। इस चोकर को आप डार्क कलर के लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### स्टोन वर्क नेकलेस

**अगर** आप स्टोन वर्क कुछ पहनना चाहती हैं तो इस तरह के स्टोन वर्क नेकलेस का चुनाव कर सकती हैं। इस चोकर में बेहद ही खूबसूरत स्टोन साथ ही, मोती का वर्क किया हुआ है और इसे आप सिंपल और डार्क कलर के लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस चोकर को आप 300 से 500 रुपए की कीमत में कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं।

# दिखना है स्टाइलिश, तो ट्राई करें ऑफ-शोल्डर लॉन्ग ड्रेस

फैमिली फंक्शन या कहीं घूमने के दौरान महिलाएं खूबसूरत नजर आना चाहती हैं। साथ ही, यह भी चाहती हैं कि वे इस मौके पर स्टाइलिश नजर आएं, लेकिन अगर आप दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल हो रही हैं और सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप ये ऑफ-शोल्डर लॉन्ग ड्रेस वियर कर सकती हैं।

### प्रिंटेड ऑफ-शोल्डर ड्रेस

**स्टाइलिश** और अलग नजर आने के लिए आप प्रिंटेड ऑफ-शोल्डर लॉन्ग ड्रेस वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस में प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है और साथ ही, शॉर्ट स्लीव्स में है। यह ड्रेस बर्थडे पार्टी में पहनने के लिए बेस्ट है। इस ड्रेस के साथ आप इयररिंग्स साथ ही, फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप किसी आउटडोर लोकेशन पर किसी बर्थडे पार्टी में शामिल हो रही हैं तो आप इस तरह की प्रिंटेड और ब्राइट कलर की ड्रेस का चुनाव सकती हैं।



### स्लिट कट मैक्सी ड्रेस

**अगर** आप दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल हो रही हैं और इस दौरान न्यू और स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस में बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है साथ ही, ये ड्रेस स्लिट कट डिजाइन में है और इस ड्रेस में आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों में 1,500 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के पर्ल वर्क इयरिंग्स और फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मुख्य परीक्षक, उपपरीक्षक की नियुक्ति के लिए सहमति पत्र किए आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च में बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विविध विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मुख्य परीक्षक व उप परीक्षक की नियुक्ति के लिए सहमति पत्र आमंत्रित किए हैं, जिसका लिंक संबंधित स्कूल की यूजर आईडी में उपलब्ध करवा दिया गया है। बोर्ड नियमानुसार मुख्य परीक्षक के लिये संबंधित विषय में कम से कम 10 वर्ष एवं उप परीक्षक के लिए कम से कम 3 वर्ष (बोर्ड से संबद्धता प्राप्त निजि स्कूलों के अध्यापकों के लिए कम से कम 4 वर्ष) का नियमित शिक्षण अनुभव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निदेशक उच्च शिक्षा के पत्र संख्या एड्न-6 (21) स (3) 37, 2023-2023-एजुकेशन कोड दिनांक एक दिसंबर 2023 के संदर्भ में अवगत करवाया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा कोड-2012 में निहित संख्या 2.20 में संशोधन करते हुए बोर्ड सेवाओं को सरकारी स्कूलों में कार्यरत सभी अध्यापकों के लिए अनिवार्य (मैंडेटरी) कर दिया गया है। उन्होंने कहा प्रदेश के समस्त स्कूल प्रमुखों को सूचित किया जाता है कि वे 25 मार्चतक अपने अधीनस्थ प्राध्यापकों व अध्यापकों के सहमति पत्र बोर्ड वेबसाइट के माध्यम से आनलाईन अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।

### पुलिस भर्ती : 150 युवतियों ने पास किया ग्राउंड टेस्ट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस मैदान धर्मशाला में चल रही प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर युवतियों में मंगलवार के दिन ग्राउंड टेस्ट प्रक्रिया को लेकर भारी उत्साह देखा गया। ग्राउंड टेस्ट प्रक्रिया में नाकाम रही कुछ युवतियों में निराशा भी देखी गई जिन्हें उनके माता-पिता हौसला देते नजर आए। मंगलवार को धर्मशाला में महिला पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए ग्राउंड टेस्ट प्रक्रिया शुरू हुई। मंगलवार को 2052 महिला अभ्यर्थियों को ग्राउंड टेस्ट में भाग लेने के लिए पहुंची, जिसमें 1232 अभ्यर्थी को पंजीकृत किया गया, जिनमें से 150 ने ग्राउंड टेस्ट पास किया। 820 अभ्यर्थी अनुपस्थित रही, जबकि 1082 अभ्यर्थी रिजेक्ट हो गईं।

### एबीवीपी ने किया कुलसचिव का घेराव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला इकाई द्वारा विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों से बिना सुविधाओं के फीस लेने के विरोध में कुलपति कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुल सचिव का घेराव कर उन्हें उक्त मुद्दे पर उचित कार्रवाई हेतु ज्ञापन पत्र भी सौंपा। इकाई अध्यक्ष सौभाग्य शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों से फीस ऐंठने का काम कर रहा है परंतु बदले में कुछ भी मूलभूत सुविधाएं नहीं प्रदान कर रहा है। प्रदेश संयोजक वैभव खरवाल ने धरने को संबोधित करते हुए बताया बताया कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन हर वर्ष विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार की फीस लेते हैं परंतु आज तक विद्यार्थी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। विद्यार्थियों से हर सत्र में मैगजीन फीस, स्टूडेंट्स डेवलपमेंट फंड, मेडिकल फीस, प्रोफेशनल डेवलपमेंट फंड, कैंपस ब्यूटीफिकेशन फंड सहित अन्य प्रकार की फीस की जा रही है जो धरातल पर कहीं भी दिखाई नहीं देतीं। मेडिकल फीस तो हर सत्र प्रशासन ले रहा है लेकिन कोई भी मेडिकल सुविधा विद्यार्थियों को नहीं दी जा रही।

### यामिनी, शिखा और अंकिता की टीम प्रथम

**अनंत ज्ञान, कांगड़।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे के उपलक्ष्य पर पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के बायो साइंस विभाग द्वारा हुआ। इस प्रतियोगिता में केमिस्ट्री विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रितु ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया, जिनमें यामिनी, शिखा और अंकिता की टीम ने प्रथम स्थान, हर्षिता, रोज़ी, अदिति, वंशिका, साक्षी और आंचल की टीम ने द्वितीय स्थान और शिखा, रिया, स्माइली, मेघा, सोनाली और मीनाक्षी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग में डॉ. आशीष मेहता, डॉ. यांचन डोलमा, डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ. सुमन ठाकुर, डॉ देवयानी, डॉ. शिल्पा सूद, डॉ.उषा ठाकुर, प्रो मधु, डॉ.सविता, प्रो अजय, डॉ.कल्पना और प्रो. अखिल भी उपस्थित रहे।

### बह में 3 घरों पर गिरी बिजली, 2 लोग जख्मी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत पड़ती ग्राम पंचायत बह के वार्ड नंबर 5 में अचानक आसमानी बिजली गिरने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार कशालु राम के दोनों बेटे सतीश कुमार व जगदीश कुमार व विधि चंद फतेह सिंह के घर पर आसमानी की बिजली गिरने से लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उक्त घटना से कशालुराम के बेटे के घर बंधे कुत्ते की भी दुखद मृत्यु देहांत हो गई है। यही नहीं इस आसमानी बिजली गिरने की चपेट में एक 17 वर्षीय छोटी बच्ची और एक अन्य 34 वर्षीय महिला रीना देवी को भी गंभीर चोट आई है। बता दें कि इन सभी घरों के कीमती बिजली के उपकरण व बिजली मीटर पूर्ण तरीके से डैमेज हो गए हैं। सभी घरों की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें भी आ गई हैं।

# पंचायतों के समग्र विकास के लिए तैयार होगा प्लान : आरएस बाली

## बोले, भुनेड़ और ठारू पंचायत में विकास कार्यों पर दस करोड़ रुपए खर्च

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा बगवां विस क्षेत्र में ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सभी पंचायतों के विकास के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है, ताकि चरणबद्ध तरीके से पंचायतें विकसित हो सकें। मंगलवार को भुनेड़ तथा ठारू पंचायतों में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि भुनेड़ तथा ठारू पंचायतों में विकास कार्यों पर गत दो वर्षों में दस करोड़ के करीब राशि व्यय की गई है, ताकि इन पंचायतों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र को आदर्श विस क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।



पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि विकास पुरुष जीएस बाली का नगरोटा विस क्षेत्र के विकास में अमूल्य योगदान रहा है तथा उनको आदर्श मानते हुए विकास कार्यों को गत दी जा रही है तथा सभी अधिकारियों को विकास कार्यों को तत्परता के साथ समयबद्ध पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए कई कल्याणकारी पहल की हैं। मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना' के तहत वित्तीय सहायता में भी वृद्धि की है। योजना के तहत अब विधवा और एकल महिलाओं को मकान बनाने के लिए सहायता राशि डेढ़ लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और सरकार बेघर परिवारों को आश्रय प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार ला रही है। उन्होंने भुनेड़ में ब्रिज के पिलर की मुरम्मत करने के निर्देश दिए। महिला मंडल भवन के लिए दो कमरे बनाने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों के खेलने के लिए चिल्ड्रन पार्क और सार्वजानिक पुस्तकालय बनाने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर एसडीएम मुनीश शर्मा, अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा, विवेक ठाकुर, कमल चैधरी, बीडीओ लतिका, अरुण कटोच, अभिषेक कुमार अध्यक्ष युवा कांग्रेस, अभी सैनी उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, तहसील कल्याण अधिकारी दीपाली, प्रधान अजय चैधरी, वंदना कुमारी, राहुल धीमान, प्रेमलाल, हंसराज, विनेश कटोच, राजीव दीवान, लेखराज, कैप्टन राजेश, सोनू कटोच प्रकाश चंद, गगन सिंह, मुल्तान सिंह, बुद्धि सिंह, भीम सिंह, अरविंद चौधरी, अशोक कुमार और ग्रामीण मौजूद रहे।

## सांसद इंदु बाला ने शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

समाज सेवा में अग्रणी ईसाफ संस्था द्वारा पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लाहला पंचायत में आयोजित शहीदों को समर्पित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने 1962 व 1971 की लड़ाई में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर 1962 की भारत – चीन लड़ाई में शहीद हुए ग्राम पंचायत हन्गलो से चौधरी परस राम के पुत्र सूबेदार मेजर अमर सिंह ने बताया कि जब उनके पिता शहीद हुए थे तो वह अढ़ाई महीने के थे। इसी तरह ग्राम पंचायत लाहला के निवासी शहीद रोशन लाल चौहान के पुत्र इंजीनियर जगदीश चंद चौहान ने बताया कि जब 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में उनके पिता शहीद हुए तो वह 7 वर्ष के थे। इसी तरह ग्राम पंचायत बगोड़ा स्थित लटवाला के विवासी पुन्नू राम धीमान जब 1971 को भारत-पाकिस्तान के साथ लड़ाई में शहीद हुए, तो वह अविवाहित थे। उनके परिजनों की अनुपस्थिति में यह सम्मान पड़ोसी चौधरी चुनी लाल ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर शहीद चौधरी परस राम के पोते अक्षय चौधरी व शहीद रोशन लाल के पोतों साहिल व राहुल चौहान ने दादा की कुर्बानी, शहादत व बलिदान को याद रखने के लिए ईसाफ संस्था के अध्यक्ष प्रवीण कुमार का धन्यवाद व राष्ट्र गौरव सम्मान प्रदान करने के लिए राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का आभार प्रकट किया।

# ठेकेदार ने मिट्टी से ही बना दिया डंगा

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत एक ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में धांधली का मामला सामने आया है। ठेकेदार पर सड़क किनारे सिर्फ मिट्टी से ही डंगा बनाने का आरोप लगा है। डंगे के निर्माण में न तो सीमेंट डाला गया और न ही रेत–बजरी और सरिया डाला गया है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार की लेबर साथ वाले पहाड़ से ही मिट्टी उखाड़कर डंगा बनाने में लगी हुई है। यह मामला मंगवाल रिट सड़क मार्ग पर गांव रझीन का है। हालांकि बाद में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ तथा जेई द्वारा इस डंगे को जेसीबी की मदद से उखाड़ दिया, परंतु जो डंगा पीछे बना हुआ है,लोगों का कहना है कि उसमें भी नीचे मात्रा मिट्टी ही डाली गई है। अब यह डंगा कितने दिन चलेगा और ठेकेदार पर क्या कार्रवाई होगी यह तो भगवान ही जाने ? (अनंत ज्ञान)



### क्या कहते हैं अधिशाषी अभियंता

**दीपक** महाजन अधिशाषी अभियंता इंदौरा ने कहा कि मीडिया के माध्यम से ही मालूम हुआ है कि इस सड़क में डंगे के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। यदि इसे सही पाया जाता है तो उक्त ठेकेदार का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। वहीं, एसई लोक निर्माण विभाग नूरपुर जगतार सिंह से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि इस कार्य में एनीमतें पाई जाती हैं तो उक्त ठेकेदार का लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा।

# लब–जौंटा सड़क पर एक महीने में ही गिरी क्रेटवॉल

**अनंत ज्ञान, कोटला**

लोक निर्माण विभाग कोटला के अधीन लब–जौंटा मार्ग पर बासा स्थान के समीप सड़क को बचाने के लिए लाखों रुपए की लागत से निर्मित क्रेटवॉल एक महीने मे ही धड़ाम हो गई, जिससे ठेकेदार व लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आ गई। बुद्धिजीवियों ने कहा कि यह कैसा क्रेटवाल लगाया गया था, जोकि एक महीने में ही धड़ाम हो गया। बुद्धिजीवियों ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में राजनीतिक पहुंच रखने वाले नौसीखिए ठेकेदारों को कार्य में तरजीह दी जा रही है और इसका साक्षात प्रमाण इस क्रेटवॉल का गिरना है। इसके ऊपर सरकारी खजाने से लाखों रुपए खर्च हुए हैं, जबकि इसका लाभ एक माह भी नहीं मिल पाया। बुद्धिजीवियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि इस कार्य की जांच करवाई जाए तथा विभाग व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं, जब इस बारे में लोक निर्माण विभाग कोटला के एसडीओ राजेश से बात हुई तो उन्होंने कहा कि पहाड़ी पर क्रेटवॉल लगाई गई थी जिससे वह गिर गई है और रास्ते को खोलने के लिए फॉरेस्ट विभाग से अनुमति लेकर रास्ते को खोल दिया जाएगा।

### हैप्पी बर्थडे



हटली बाग (शाहपुर) की सांची चौहान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### हिंदी प्रवक्ता सतिंद्र डोहरू का देहांत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जीजीडीएसडी कॉलेज बैजनाथ में लंबे समय तक अंग्रेजी विषय की प्राध्यापिका रहीं मैडम सतिंद्र डोहरू बैजनाथ के वरिष्ठ पत्रकार सर्वजीत डोहरु की पत्नी का बुधवार को देहांत हो गया। उनकी सुबह अचानक तबीयत खराब हुई, तो उन्हें मेडिकल कॉलेज टांडा ले जाया गया, जहां उनका देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को बिनवा नदी के किनारे गणपति मोक्ष धाम में किया जाएगा। उनके निधन पर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी विधायक किशोरी लाल पूर्व विधायक पूर्व विधायक दूलो राम, बैजनाथ प्रेस परिषद के अध्यक्ष अंकित सूद व अन्य ने शोक जताया है।

# पटवारी एवं कानूनगो का स्टेट कैडर करके सरकार किसका हित साधना चाहती : रविंद्र

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

पटवारी एवं कानूनगो का स्टेट कैडर करके आखिर सरकार किसका हित साधना चाहती है। यह बात जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने मंगलवार को जयसिंहपुर में हड़ताल पर बैठे पटवारी का कानूनगो के समर्थन में कही। पूर्व विधायक रविंद्र धीमान उक्त कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन करने मौके पर गए व हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का हालचाल जाना व बातचीत की और उक्त कर्मचारियों की मांगों को जायज बताया। उन्होंने हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को भरोसा दिलाया



कि अगर वर्तमान में सरकार इन कर्मचारियों का स्टेट कैडर कर भी देती है तो भाजपा के सत्तासीन होते ही फिर इनका कैडर पुन: जिला स्तर का कर दिया जाएगा, क्योंकि राजस्व विभाग के साथ दस विभाग जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सरकार से अपील करता हूं कि इनकी मूलभूत समस्याओं का निपटारा तुरंत करे, ताकि लोगों का काम प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़े तथा राजस्व विभाग के इन कर्मचारियों की सेवा शर्तों में हुई विसंगतियों का निवारण करके इनके जिला कैडर को यथावत रखे।

### बड़भाग में धार्मिक समागम 14 मार्च को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** होली के शुभ अवसर पर विकास खंड रैत की ग्राम पंचायत मंझगरा के बाबा बड़भाग सिंह मंदिर में 14 मार्च को धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर की प्रबंधक ज्योति मनकोटिया ने बताया कि यह कार्यक्रम मंदिर की सेविका इंदिरा मनकोटिया के सानिध्य में किया जा रहा है। इस समागम में प्रातः 14 मार्च को मंदिर के प्रांगण में महायज्ञ किया जाएगा इसके उपरांत मंदिर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आगमन होगा तथा शोभा यात्रा निकाली जाएगी मंदिर में श्री निशांन साहब की स्थापना की जाएगी गुरुद्वारे के रागियों द्वारा शब्द कीर्तन की वर्षा की जाएगी इसके उपरांत भोग डाला जाएगा तथा महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया जाएगा तथा दोपहर बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### चैन सिंह भाजपा मंडल जवाली के कोषाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जवाली।** जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पड़ते भाजपा मंडल जवाली के अध्यक्ष डॉ. राजिंदर सिंह द्वारा भाजपा नेता संजय गुलेरिया के नेतृत्व में कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वरिंद्र गुलेरिया, गुरमीत कौर, कृष्ण पगडोत्रा व दविंदर सिंह को उपाध्यक्ष, एचएस मस्ताना, सुलक्षण शर्मा को महामंत्री, चैन सिंह को कोषाध्यक्ष, ईशर कुमार, रजनीश कुमार, अंजू बाला, सरिता देवी, सलोचना कुमारी को सचिव, जगरूप जरियाल को मीडिया प्रभारी, सतिंदर कुमार को प्रवक्ता, आरती शर्मा को कार्यालय सचिव, मिशा शर्मा को आईटी संयोजक, नीरज कुमार गुलेरिया को आईटी सहसंयोजक, अशोक कुमार को सोशल मीडिया संयोजक, दिलदार सिंह को सोशल मीडिया सहसंयोजक बनाया गया। वहीं, राजिंदर सिंह, हंस राज, दर्शन सिंह, देस राज, केवल कुटलैहडिया, बीना देवी, सुभाष मेहरा, विपिन शर्मा, अशोक मेहरा, कुलभूषण कुमार, गोहड़ी देवी, नरेश कुमार, रघुवीर सिंह, जोगिंदर सिंह, ममता कुमारी, डॉ कुलतार धीमान, मिलखी राम, विजय कुमार, सुमन बाला, दीना नाथ, निर्मला, अरुणा देवी, अनु शर्मा, सीमा दुग्गल, गोरख महाजन, बाबू राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। अधिवक्ता तरुण कुमार, बलदेव सिंह, गोवर्धन सिंह, परस राम, जीवन शर्मा, परमजीत कुमार, बलवंत सिंह, सुखदेव शास्त्री, जर्म सिंह, राधेश्याम को स्थायी आमंत्रित सदस्य तथा तरसेम लाल, अधिवक्ता भीखम सिंह, रविंद्र सिंह, सेवा सिंह, राकेश शरणा, भोला शर्मा, रवि कुमार, जोगिंदर सिंह, सरला सिंह व अधिवक्ता तिलक को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया।

### भाजपा मंडल आलमपुर की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आलमपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष हनुमंत शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अनुमोदन व विचार-विमर्श के बाद आलमपुर भाजपा मंडल की कार्यकारिणी घोषित कर दी। इसमें अशोक कटोच, बिहारी लाल, शंकुतला देवी व रत्न चंद ठाकुर को उपाध्यक्ष का ओहदा दिया गया। इसके अतिरिक्त विनीत कुमार, धमेंद्र कुमार महामंत्री प्रदीप राणा कोषाध्यक्ष सुरेश मैहरा, कंचन धीमान विनोद चौधरी, शंकुतला देवी,सुनीता देवी सचिव राजीव कुमार भंगालिया मिडिया प्रभारी अजय राणा प्रवक्ता विपिन कुमार कार्यलय सचिव अनिमेष शर्मा आई टी संयोजक मूल राज आईटी सह संयोजक राज कुमार डोगरा सोशल मीडिया संयोजक निधि गुलेरिया आई टी सह संयोजक विक्रम राणा, कुलदीप सिंह कुलदीप गुलेरिया, ओम प्रकाश शर्मा, प्रताप सिंह ,पठानिया, हरी सिंह, ज्योति कटोच, सुभद्रा देवी, संतोष कुमारी, पंमी देवी, सुषमा धीमान, प्रोमिला देवी, प्रेम चंद, कुलदीप कुमार, लिखी राम, अशोक राणा, अजय कुमार, यशंवत चौधरी, शशि बाला, मंगल ब्यास, कुलदीप चंद, जीतो राम, अंजू शर्मा, स्नेहा कटोच, अंजना चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र धीमान, युधिष्ठिर कटोच, रविंद्र प्रसाद, प्रताप चंद, सत्येंद्र कृष्ण वालिया, नरेंद्र धीमान, कुलवंत मैहरा, कल्याण चंद, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार स्थायी आमंत्रित सदस्य अमर सिंह राणा, शशि शर्मा, उत्तम चंद, संजीव कुमार,देश राज व कुसुम लता विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए।

# विधायक किशोरी ने छोटा भंगाल में भारी बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विधायक किशोरी लाल ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम छोटा भंगाल में भारी बारिश से हुए नुकसान का प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर छोटा भंगाल की सात पंचायतों के लोगों से बातचीत की और क्षति का आकलन करने के निर्देश दिये। विधायक ने अधिकारियों संग राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द जरूरी सुविधाएं बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही बड़ा ग्रां तथा लोहारडी की सड़कों को बहाल कर दिया जाएगा। और जिनके मकान प्रभावित हुए है उन परिवारों को स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र में स्थानांतरण कर रहने और खाने का प्रबंध किया जाएगा।

उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से वार्ता कर अतिरिक्त राहत कोष की मांग करेंगे, ताकि प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।

### परौर में 24000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत परौर में अर्जुन सिंह निवासी 61 मील डाकघर दरंग तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश से 24000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)ए हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है। जिसकी पुष्टि भवारना पूलिस थाना के प्रभारी गुरदेव सिंह ने की।

# आईटीआई गंगथ में 'खेलो भारत' कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

आईटीआई गंगथ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'खेलो भारत' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना, उनके शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देना और उनमें खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रविंद्र सिंह के करकमलों द्वारा हुआ। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू हैं। खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक मजबूती भी प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

# नवरात्र में बज्रेश्वरी देवी मंदिर में तैनात रहेंगे 30 होमगार्ड

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

30 मार्च से शुरू होने वाले ग्रीष्मकालीन नवरात्र को लेकर बुधवार को श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर में सयुंक्त आयुक्त (मंदिर) एवं उपमंडल अधिकारी कांगड़ा इशांत जस्वाल के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए मंदिर अधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि इन मेलों मे सर्वप्रथम माता के बाग को टूरिज्म विभाग से वापस लेने का निर्णय लिया गया है तो वहीं कांगड़ा के साथ लगती बनेर खड्ड के विस्तार पर भी चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि 30 मार्च से चलने वाले इन नवरात्रों का समापन 7 अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन मेलों में मंदिर परिसर में 30 होमगार्ड के सदस्य ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, वहीं सफाई व्यवस्था के लिए 20 सफाई कर्मचारी मंदिर के भीतर अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर को चारों और से तीसरी आंख के पहरे में और ज्यादा अच्छे ढंग से रखा गया है, जिसके चलते को भी बाहरी तत्व मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि इस बार भी शहर के बाहर के कूड़े को सुलभ इंटरनेटोनल द्वारा ही साफ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंदिर के बाहर जूता शेड भी बनाया जाएगा , जहां श्रद्धालु अपने–अपने जूते खोल सकते हैं । इसके अलावा उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन मेडिकल की भी हर सुविधा श्रद्धालुओं को प्रदान करेगा। (अनंत ज्ञान)

**चेतावनी** नगरोटा सूरियां विश्रामगृह में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की बैठक

# मांगें पूरी न होने पर सरकार को आंदोलन की चेतावनी

**शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ब्लॉक नगरोटा सूरियां की बैठक गुरदेव भारती प्रधान की अध्यक्षता में नगरोटा सूरियां में हुई, जिसमें राज्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि और मनमोहन पठानियां, सेठ राम, पवन धीमान व सतिंदर शास्त्री ने विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत की।

गुरदेव भारती ने सभी पेंशनर्स को ब्लॉक में हुई पेंशनर्स संघ की गतिविधियों बारे जानकारी दी। कोषाध्यक्ष राम पॉल धीमान नें एसोसिएशन का लेखा–जोखा हाउस में पेश किया जिसे सर्वसम्मति पास किया गया।

बैठक में सुरेश ठाकुर, सेठ राम, मनमोहन पठानिया, पवन धीमान, गुरदेव भारती, विश्वकर्मा करतार सिंह ब सुभाषना भारती ने अपने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार द्वारा 2016 से संशोधित पेंशन की राशि पेंशनर्स को न देय करने के लिए प्रदेश सरकार की कड़े शब्दो में निंदा की और संगठन को और मजबूत बनाने का प्रण लिया। बैठक में सुरेश ठाकुर ने अपने संबोधन में प्रदेश व जिला की गतिविधियों बारे सबको अवगत कराते हुए पेंशनर्स से अपील की कि सरकार के पास लंबित पड़ी मांगों को मनमाने बारे पेंशनर्स को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने को तैयार रहना होगा। ठाकुर ने बताया कि प्रदेश की सरकार पेंशनर्स के करोड़ों रुपए पर कुंडली मार कर बैठी है क्योंकि पेंशनर्स के संशोधित वित्तीय देनदारियों की अदायगी जैसे लीव एनकैशमेंट, ग्रेचयूटी व कम्युटेशन 2016 से सरकार नहीं कर रही है, जिसे पेंशनर्स अब सहन नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 15/3/2025 तक पेंशनर्स की मांगों को पूरा नहीं करती है तो सरकार के खिलाफ प्रदेश स्तरीय आंदोलन चलाया जाएगा, जिसके लिए संघर्ष समिति की घोषणा शीघ्र ही कर दी जाएगी। प्रदेश सरकार की पेंशनर्स के प्रति नकारात्मक रवेया अपनाने के लिए सरकार की कड़े शब्दो में निंदा की और सरकार से बजट में मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन का प्रविधान करने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार को 15 मार्च तक पेंशनर्स की मांगों को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया । और सरकार से अपील की कि 1.1.2016 से लेकर 31.01.2022 तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संशोधित देय राशि का एकमुस्त भुगतान किया जाए तथा बाकी के पेंशनर्स की देय राशि के भुगतान के लिए भी बजट में धन का प्रावधान कर उचित कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

### नाम परिवर्तन

**मैं, मिलाप चंद** (54 वर्ष) निवासी गांव व डाकघर गांधीग्राम, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे बेटे का नाम राज नंदा अवस्थी गलत दर्ज है, जबकि मेरे बेटे का सही नाम आर्यन अवस्थी है। अतः जन्म प्रमाण पत्र में भी राज नंद अवस्थी के स्थान पर आर्यन अवस्थी किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

### NAME CHANGE

**"I, Sita Devi** (41 years) w/o Shri Vikas Thakur, resident of village Bhujling, P.O. Swar, Tehsil Multhan, District Kangra, H.P., hereby declare that in the school records of my son, Virender Vikram Singh, my name be recorded as Sita Devi instead of Sita Thakur and my son's date of birth be recorded as 02.05.2008 instead of 01.05.2008. All concerned may please note."

## न्यूज ब्रीफ

### राजा मेहता व अरुण बने भाजपा मंडल रोहडू के महामंत्री

**दशमी रावत, रोहडू।** भाजपा मंडल रोहडू अध्यक्ष विजय मेहता ने मंडल की कार्यकारिणी का गठन कर दिया है, जिसमें राजा मेहता व अरुण कुल्ला को महामंत्री नियुक्त किया गया है। देस राज रांटा, प्रीतम ठाकुर, बिट्टू भोपटा व अमन को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बिट्टू ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। प्रभा चौहान, दिनेश चौहान, चत्तर सिंह, कमलेश समरैक व ममता भावटा को सचिव बनाया गया है। रवीना को कार्यालय सचिव बनाया गया है। सुमेश चौहान को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। अनिल चौहान को मीडिया प्रभारी व अमित चौहान को आईटी संयोजक नियुक्त किया गया है। शीला चांकरोला को आईटी सहसंयोजक, मुकेश कुल्ला को सोशल मीडिया संयोजक व हंसराज को सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में ज्योति लाल, हैप्पी कायथ, हैप्पी केलान्टा, बंसी लाल, रविंद्र खांगटा, अंजू देवी, विमला कुपटा, राजीव चौहान, बलवंत कुंटा, जयपाल गिल्टू, भगवान सिंह, राजेश शर्मा, लक्की बरागटा, उर्मिला बरागटा, सुमन कायथ, अनिल कुठियाला, मनीष चौहान, रीना राणा, सरदार वर्मा, अखिलेश संगरेल, हरदेव, रोबन लाल, जेबबर सिंह, संयोक्ता कायथ, देश राज, संतोष चौहान, सचिन कायथ, शारजा चौहान, हीरा सिंह कायथ, सुनील, अनिल कुल्ला व सुरेश कुमार को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। राम सरन पुंटा, रमेश सोनी, चमन सोनी, शिव सिंह, कृष्ण चंद मच्छान, अशोक शर्मा, श्यामा नंद शर्मा, सुरजन रेटका, सतीश शर्मा, राजिंदर चाँकरोला, रमेश कपटा व दलीप कायथ को स्थाई सदस्य नियुक्त किया गया है! वंही विशेष आमंत्रित सदस्यों में शशि बाला, सत्य प्रकाश शुक्ला, विशेश्वर बांश्टू, बलदेव रांटा, राजेश भ्रांटा, बलवीर चौहान, अनिता नाथटा, राधे श्याम, सुधीर चौहान, भूपेंदर रांटा, सुनील पिंकू डंडा व लाभ सिंह को शामिल किया गया है।

### युवाओं ने आदान-प्रदान कार्यक्रम वाराणसी में लिया भाग




**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 5 दिवसीय अन्तर राज्य युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन 1 से 5 मार्च 2025 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के शिमला, सोलन, सिरमौर, मंडी, कुल्लू जिलों के 30 युवा भाग ले रहे हैं। नेहरू युवा केंद्र शिमला की ओर से क्षेत्र के 5 युवा अनुपम, अभिनव, नरेश शर्मा, रोहित शर्मा एवं अमित जिला शिमला का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

### बिजली का जंपर जोड़ते युवक को लगा करंट

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** पुलिस थाना रोहडू के अंतर्गत झड़ग गांव के हरविंद्र सिंह ने पुलिस को सुचित करते हुए बताया कि जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले का यासिफ अरफत (30) खंगटेडी नामक जगह में कंदरोला लाइन पर अपने साथी फारुक अहमद, लाईनमैन हरदयाल व स्थानीय निवासी हुक्म चंद एवं अन्य स्थानीय लोगों के साथ एचटी लाइन में काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार लाइनमैन हरदयाल ने उसे जंपर जोड़ने के लिए कहा, जब वह जंपर को जोड़ने लगा तो उसे करंट लग गया। करंट लगने से वह निचे जमीन पर गिर गया। करंट लगने से युवक का बांई तरफ का शरीर जल गया है। एसडीपीओ प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### युवती ने शारीरिक शोषण करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** पुलिस थाना रोहडू के अंतर्गत एक युवती ने साहिल के खिलाफ शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती ने पुलिस थाना रोहडू में शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि साहिल ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं। साहिल उसे शादी का झूठा वादा करके मामले को टालता रहता था। इस दौरान उसे बेवकूफ बनाने की नीयत से कोर्ट मैरिज के नाम पर हलफनामा बनवाया, जिसमें साहिल के पिता गवाह के तौर पर मौजूद रहे। साहिल की मां ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी है। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

# नौ झीलों के सीमांकन की रूपरेखा तैयार

## सीमा निर्धारित करने को वन विभाग को निर्देश, कार्यशाला में बनी सहमति

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

जिला शिमला की नौ झीलों के सीमांकन की रूपरेखा तैयार हो गई है। इसे निर्धारित समय में पूरा करने के दिशा-निर्देश जारी कर किए गए हैं, बाकायदा वन विभाग को इसके लिए अधिकृत किया गया है। बैठक में वेटलैंड प्राधिकरण की कार्यशाला में परस्पर सहमति बनाई गई है। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की।

उपायुक्त ने बताया कि जिला शिमला की तानी जुब्बड़ झील और चंद्र नाहन झील का सीमाकंन कार्य पूरा किया जाना है। इसके अतिरिक्त जिला में बराड़ा झील, कनासर झील और धार रूपिन की 05 झीलों का सीमांकन किया जाना है जिसके लिए उपायुक्त ने निर्देश दिए है कि इन 07 झीलों का भी सीमांकन किया जाए ताकि भविष्य में बेहतर नीति का निर्माण करके इन वेटलैंड का संरक्षण किया जा सके।

उपमंडलाधिकारी (ना0) और डीएफओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि मौके पर जाकर सीमा निर्धारित करने का कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिला में वेटलैंड और अन्य ऐतिहासिक तालाबों के संरक्षण के लिए भरसक प्रयास किए जा रहें है। मनरेगा के तहत हर पंचायत में तालाबों के निर्माण के आदेश दिए गए हैं।



### मनरेगा के तहत हर पंचायत में तालाबों के निर्माण के दिए गए आदेश

इन तालाबों के निर्माण में सीमेंट का इस्तेमाल कम से कम करना है ताकि प्राकृतिक तौर पर इन तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा सके। इसके अलावा, प्राकृतिक झालों के संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग से नियम बनाकर लागू करने की दिशा में कार्य किया जाएगा ताकि प्रकृति से किसी तरह की छेड़छाड़ न हो।(अनंत ज्ञान)

### जल की गुणवत्ता बनाए रखें

**इस** कार्यशाला में रवि शर्मा, वैज्ञानिक अधिकारी हिमकोस्टे ने कार्यशाला के लक्ष्य और उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि आर्द्रभूमि परिदृश्य में महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं जो लोगों, वन्यजीवों और जलीय प्रजातियों के लिए कई लाभकारी सेवाएं प्रदान करती हैं। इनमें से कुछ सेवाओं या कार्यों में जल की गुणवत्ता की रक्षा और सुधार, मछलियों और वन्यजीवों के लिए आवास उपलब्ध कराना, बाढ़ के पानी का भंडारण करना और शुष्क अवधि के दौरान सतही जल प्रवाह को बनाए रखना शामिल है।

### नमी वाली जमीन के संरक्षण पर दिया जोर

**आर्द्रभूमि** दुनिया के सबसे उत्पादक पारिस्थितिकी तंत्रों में से हैं, जिनकी तुलना वर्षा, वनों और प्रवाल भित्तियों से की जा सकती है। सूक्ष्मजीवों, पौधों, कीड़ों, उभयचरों, सरीसृपों, पक्षियों, मछलियों और स्तनधारियों की प्रजातियों की एक विशाल विविधता आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हो सकती है।

जलवायु, परिदृश्य आकार (स्थलाकृति), भूगर्भ विज्ञान और पानी की गति तथा प्रचुरता प्रत्येक आर्द्रभूमि में रहने वाले पौधों और जानवरों को निर्धारित करने में मदद करती है। आर्द्रभूमि पर्यावरण में रहने वाले जीवों के बीच जटिल, गतिशील संबंधों को खाद्य जाल कहा जाता है। आर्द्रभूमि को जैविक सुपरमार्केट के रूप में माना जा सकता है।

### धरातल पर निर्धारित होगी वेटलैंड की सीमाएं

**कार्यशाला** में सलाहकार फॉरेस्ट्री एंड बायोडायवर्सिटी जीआईजेड के कुणाल भरत ने विस्तृत रूप से वेटलैंड को लेकर सरकार के आदेशों व नियमों के बारे में जानकारी रखी। वहीं हिमकोस्टे के वरिष्ठ वैज्ञानिक रिशव राना ने धरातल पर वेटलैंड की सीमाएं निर्धारित करने को लेकर जानकारी साझा की।

# लोक अदालत में राजस्व संबंधी लंबित मामलों को निपटाने की प्रक्रिया तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोगों को पारदर्शी और त्वरित प्रशासनिक कार्यवाही प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्व सम्बन्धी समस्त कार्यों एवं मामलों का निपटारा करने के लिए राजस्व लोक अदालतों का आयोजन करने का निर्णय लिया और वर्ष 2023 के अक्टूबर माह में इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके फलस्वरूप माह के अंतिम 2 दिन में हर तहसील एवं उप तहसील स्तर पर राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है । राजस्व लोक अदालतों में स्थानीय लोगों द्वारा चयनित स्थानों पर उनके घर द्वार पर इंतकाल, तकसीम, निशानदेही एवं राजस्व प्रविष्टि की दुरुस्ती आदि मामलों का निपटारा मौके पर किया जा रहा है।

जिला राजस्व अधिकारी शिमला संजीत शर्मा ने बताया कि देश में पहली बार किसी प्रदेश सरकार द्वारा वर्षों से लंबित पड़े राजस्व मामलों की समस्या का समाधान करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन कर मिशन मोड़ में कार्य किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### 31080 राजस्व मामलों का हो चुका निस्तारण

**राजस्व** लोक अदालतों के माध्यम से जिला शिमला में लोक अदालत के दौरान 30 व 31 अक्तूबर, 2023 से 30 व 31 जनवरी, 2025 तक कुल 31 हजार 80 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया है, जिसमे इंतकाल के 27249 मामले, तकसीम के 623 मामले, निशानदेही के 2713 मामले व राजस्व प्रविष्टि की दुरुस्ती संबंधी 495 मामलों का निपटारा किया गया है।

### लंबित पड़े मामले समय पर निपटाए जा रहे

**उपायुक्त** ने कहा कि लोगों को इन अदालतों के माध्यम से घर-द्वार पर अपनी समस्याओं का समाधान मिल रहा है जिसमें नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए भाग ले रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस पहल से वर्षों से लंबित पड़े मामलों का निपटारा सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने जिला के नागरिकों से आगामी लोक अदालतों में भी राजस्व संबंधी समस्त कार्यों एवं मामलों के लिए भाग लेने का आग्रह किया ।

# शिक्षकों को सकारात्मक सोच विषय पर दी जानकारी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

आर्यन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सुन्नी में सीबीएसई के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजन मंगलवार को सम्मान हुआ। इसका उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियां और रणनीतियों से लैस करना रहा।

इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुभवात्मक शिक्षण तकनीक पर केंद्रित रहा जो छात्रों के लिए आकर्षक व रुचिपूर्ण शिक्षक अनुभव बनाने के लिए डिजाइन किया गया। इसका मुख्य विषय मूल्यांकन आधारित शिक्षण रहा तथा मंगलवार को आलोचनात्मक रचनात्मक और सकारात्मक सोच विषय को लेकर वक्ताओं ने उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर जया भारद्वाज, डॉ. सुरेश अग्रवाल ने शिरकत की। मुख्य प्रशिक्षक ने विशेषता पर विचार साझा किए।

कार्यशाला में मूल्यांकन संरचना में हाल के बदलाव, शिक्षण प्रक्रिया में चुनौतियों, मूल्यांकन के तरीके, प्रश्न-पत्र की बनावट, कक्षा प्रबंधन आदि कौशलों पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यशाला में आर्यन पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सुन्नी, पाइन ग्रो स्कूल सबाथू, माउंट शिवालिक जुब्बड़हट्टी, सरस्वती विद्या मंदिर हिम रश्मि शिमला, राजा दलीप सिंह मेमोरियल धामी, राष्ट्रीय मिलट्री स्कूल चायल तथा एसवीएन कुनिहार के 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।(अनंत ज्ञान)

### विक्रमादित्य सोशल मीडिया पर चला रहे सरकार : रवि

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कांग्रेस सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल की पोल खुद सड़कों के गड्ढे खोल रहे हैं, लेकिन लोक निर्माण मंत्री सोशल



मीडिया पर अपनी काल्पनिक दुनिया में ही विकास कार्यों का बखान कर रहे हैं। भाजपा पूर्व प्रत्याशी रवि मेहता ने कहा कि जो कार्य हो रहे हैं, वे पूर्व भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत और केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हो रहे हैं।

रवि मेहता ने बताया कि शिमला ग्रामीण क्षेत्र में सड़कें जर्जर हालत में हैं और विकास पूरी तरह से ठप है, लेकिन मंत्री जी सोशल मीडिया पर ही निर्माण कार्य करवा रहे हैं।

# भविष्य में दो युगों तक मातृ प्रधान समाज बनने जा रहा है: शकुंतला




**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सुन्नी उप सेवा केंद्र के ओम शांति भवन सुन्नी में महिला दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति टूटू सरोज शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमलेश शर्मा तथा थाना प्रभारी सुन्नी दिलू राम शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान ब्रह्माकुमारी शकुंतला ने कहा कि द्वापर और कलियुग में हमारा समाज पुरुष प्रधान समाज रहा है लेकिन अब आने वाले भविष्य में दो युगों तक मातृ प्रधान समाज बनने जा रहा है।

उन्होंने उपस्थित अनुयायियों को हररोज आधा घंटा निकाल कर राजयोग विधि सिखने के लिए आश्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त अनुयायियों ने ब्रहमा भोजन का भी आनंद लिया ।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** नया बस अड्डा रोहडू के नजदीक शिकडी पुल के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से अढाल के कांडा निवासी गोबिंद ठाकुर की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार अल्टो कार एचपी 77 2828 में सवार होकर युवक चिड़गांव से मोनाल चौक की ओर जा रहा था। वाहन चालक ने अचानक संतुलन खो दिया और वाहन सहित सड़क से निचे शिकडी नदी में गिर गया। लोगों ने पुलिस को सूचित करने के बाद युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल रोहडू पहुंचाया, वहां पर डाक्टरों ने वाहन चालक को मृत घोषित किया। गोबिंद शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत था। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले क पुष्टि की है।

# अनुराग ठाकुर ने भड़ोली कलां में एसबीआई ब्रांच का किया शुभारंभ

## सांसद ने लुहणू में निर्माणाधीन रेल पुल का निरीक्षण भी किया

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर बिलासपुर जिला के झंडूता उपमंडल के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने भड़ोली कलां में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच का उद्घाटन किया। इस दौरान झंडूता से विधायक जीतराम कटवाल सहित भाजपा नेता व एसबीआई के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। एसबीआई ब्रांच का उद्घाटन करने के बाद अनुराग ठाकुर ने बिलासपुर के लुहणू में निर्माणाधीन रेल पुल का निरीक्षण करने के बाद सलवाड़ में जनसभा को संबोधित भी किया।



पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ने कहा कि जिस गति से भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन निर्माण कार्य चला हुआ है, उससे साफ़ हो चला है की सितंबर, 2027 तक बिलासपुर में रेल पहुंच जाएगी जिसे लोगों का सफ़र और आसान हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सामरिक व पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वकांशी रेल परियोजना के लिए केंद्र सरकार पूरा बजट दे रही है, मगर प्रदेश सरकार परियोजना को लेकर न तो अपना हिस्सा दे रही है, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भेजा जा रहा रेलवे प्रोजेक्ट का पैसे का भी सदुपयोग करने की बजाए अलग-अलग हेड में इस्तेमाल कर रही है, जो कि अन्य राज्यों में देखने को नहीं मिलता केवल हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ही पैसे के दुरुपयोग में जुटी हुई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में 54 करोड़ 80 लाख नए बैंक खाते खुले हैं व 2 लाख 15 हजार करोड़ रुपए बैंक खातों में जमा हुए हैं, जिससे एक बड़ी क्रांति बैंकिंग क्षेत्र में देखने को मिली है और मोबाइल बैंकिंग के ज़रिए विश्व में सर्वाधिक ट्रांजेक्शन कहीं होती है तो भारत में देखने को मिल रही है।

# पट्टा पंचायत बच्चों को नशे से बचाने के लिए पीड़ित परिवारों की करेगी सहायता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

उपमंडल घुमारवीं की पट्टा पंचायत द्वारा आयोजित ग्राम सभा में समाजहित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पंचायत ने फैसला लिया कि अपने क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति, विशेषकर युवाओं और बच्चों, जो चिट्टे जैसे नशे के जाल में फंस गए हैं, उनके पुनर्वास में हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस निर्णय का उद्देश्य नशा पीड़ित व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाना और उनके बेहतर भविष्य का निर्माण करना है। ग्राम सभा में उपस्थित पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने सहमति जताई कि नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति को तिरस्कार या उपेक्षा की बजाय सहानुभूति की दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। पंचायत ने यह भी तय किया कि अपने बच्चों को इस दलदल से बाहर निकालने में पीड़ित परिवारों को भी हरसंभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि वे इस प्रयास के तहत, नशा पीड़ितों को परामर्श (काउंसलिंग), चिकित्सा सहायता और पुनर्वास केंद्रों में भेजने की सुविधा उपलब्ध करवा सके। पंचायत के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य नशा पीड़ितों को आत्मविश्वास दिलाना और उन्हें यह एहसास कराना है कि वे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पंचायत यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी व्यक्ति इस बुरी लत की वजह से अपने भविष्य से हाथ न धो बैठे। इसके लिए पंचायत विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से जागरूकता अभियान भी चलाएगी, जिसमें ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचने के उपायों की जानकारी दी जाएगी। ग्राम सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि जो भी व्यक्ति नशा छोड़ने के लिए तैयार होगा, उसे पंचायत की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी। इसके लिए सरकारी पुनर्वास केंद्रों से संपर्क कर विशेष योजनाओं का लाभ भी उठाया जाएगा। इसके अलावा, पंचायत ऐसे पीड़ित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य करेगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। लोगों का मानना है कि पट्टा पंचायत का यह कदम न केवल नशा पीड़ितों के लिए एक नई रोशनी लेकर आएगा, बल्कि समाज को यह संदेश भी देता है कि नशा छोड़ने वाले व्यक्ति को हतोत्साहित करने की बजाय प्रोत्साहित करना चाहिए।



> **सभी** ग्रामवासियों से अपील है कि वे इस मुहिम में सहयोग करें और अपने आस-पास यदि कोई व्यक्ति नशे का शिकार हो रहा है, तो उसकी मदद के लिए आगे आएं। इस सामूहिक प्रयास से पट्टा पंचायत क्षेत्र को नशामुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा सकते हैं, क्योंकि नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति को तिरस्कार या उपेक्षा की बजाय सहानुभूति की दृष्टि से देखने की आवश्यकता है, ताकि वह मुख्यधारा में लौट सकें।
>
> **-रवि पाल सिंह, प्रधान, ग्राम पंचायत पट्टा**

### दो आरोपियों से 3.7 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस ने मंडी भराडी एवं नम्होल में दो आरोपियों से 3.7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात पुलिस टीम नम्होल के पास स्थित पुराल खड्ड के समीप गश्त कर रही थी। पुलिस टीम ने वासला गांव की तरफ से आ रही कार नंबर एचपी 24 बी 9390 को शक के आधार पर जांच के लिए रोका। अचानक पुलिस टीम को देखकर कार चालक घबरा गया। पुलिस टीम ने चालक पर संदेह होने पर कार को चैक कर उसके अंदर फुट मैट के नीचे चार छोटे-छोटे पारदर्शी पोलोथीन गांठ लगे बरामद हुए, जिन्हें गांठ खोलकर चेक किया गया तो उनसे 2.60 ग्राम चिट्टा बरामद किया। बाद में आरोपी की पहचान पंकज कुमार आयु 29 वर्ष निवासी पलोग डाक घर दगसेच तहसील सदर जिला बिलासपुर के रूप में हुई। वहीं, दूसरे मामले में बिलासपुर सदर पुलिस ने मंडी भराडी पुल के पास गश्त के दौरान कीरतपुर की तरफ से आ रही एचआरटीसी की बस नंबर एचपी 65 5608 को नियमित जांच के लिए रोका। पुलिस टीम ने बस में सवार आशीष गौतम आयु 29 वर्ष निवासी धौणकोठी तहसील सदर जिला बिलासपुर 01 .1 ग्राम चिट्टा बरामद किया। उधर, डीएसपी जिला मुख्यालय व पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विकास खंड सदर के भाहरी क्षेत्र के वार्ड-6, ग्राम पंचायत देवली के गांव चमलोग तथा विकास खंड घुमारवीं की ग्राम पंचायत कुठेड़ा के गांव भेल में नई उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इस संबंध में इच्छुक आवेदकों से 30 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अधिकार बृजेंद्र सिंह ने दी। इच्छुक आवेदक https://emerginghimachal.hp.gov.in/backffice/site/login पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सभी अनिवार्य दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक होगा। आवेदन के लिए आवेदक को दसवीं और उच्च शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव/कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद द्वारा जारी वार्ड प्रमाण पत्र, बीपीएल/ओबीसी/ एससी/एसटी प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) प्रस्तुत करना होगा।

### दिव्यांगजन 7 मार्च को करवा सकेंगे जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मेडिकल डिसएबिलिटी बोर्ड की बैठक 7 मार्च को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक कमरा नंबर 203, न्यू ओपीडी कॉम्प्लेक्स, क्षेत्रीय अस्पताल, बिलासपुर में होगी, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों की चिकित्सीय जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इस संबंध में गठित जिला मेडिकल डिसएबिलिटी बोर्ड में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा अध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ डॉ. निशांत आचार्य (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. भूपेंद्र (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. प्रशांत शर्मा (सर्जन), डॉ. कुलदीप कुमार (औषधि विशेषज्ञ), डॉ. निशांत वर्धन (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ. नरेश चौहान (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. आयुष शर्मा (मानसिक रोग विशेषज्ञ) और ज्योत्सना गौतम (क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) भी बोर्ड में शामिल रहेंगे। मेडिकल बोर्ड में दिव्यांगजन अपनी चिकित्सीय जांच करवाकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति का आकलन कर आवश्यक दस्तावेज जारी करेगी। लाभार्थी संबंधित दस्तावेज साथ लाएं, ताकि प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

### पंचायतों में ग्राम सभाओं का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सभी पंचायत में चार मार्च को ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इसका मुख्य एजेंडा नशा मुक्ति अभियान चलाना तथा उन परिवारों का चयन करना था जिनके पास रहने के लिए मकान नहीं है। वही ग्राम पंचायत बरठीं में भी ग्राम सभा का आयोजन हुआ। ग्राम सभा की अध्यक्षता करते हुए बरठीं पंचायत के प्रधान कुलदीप धीमान ने कहा की नशा जीवन को बेकार बना देता है।उन्होंने कहा कि आमजन को यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं की नशा करने से हमेशा दूरी बनाए रखें। नशा खुद को वह अपने परिवार को व समाज के लिए एक अभिशाप है। इस अभिशाप से युवा वर्ग को बचाना चाहिए और हाउस में जितने भी मौजूद रहे उन सब से आग्रह किया की नशे को दूर भगाना है। इसके खिलाफ एकजुट होकर के इस अभियान को चलना है। इस मौके पर ग्राम पंचायत बरठीं में जिला परिषद सदस्य शालू रनोत ने भी लोगों को नशे से दूर रहने का वह चिट्टे से बचने का आग्रह किया। वही हाउस में यह फैसला लिया गया कि जो भी चिट्टे का नशा पंचायत के अंदर बेचता हुआ पकड़ा जाता है उसका पंचायत से बिजली पानी व अन्य सुविधाएं काट दी जाएगी।

# बरठीं बाजार में गंदगी का आलम, लोग बेहाल

**निक्कू राम, बरठीं**

विकास खंड झंडूता के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत बरठीं को स्वच्छ पंचायत का दर्जा दिया गया है, लेकिन धरातल पर देखा जाए तो बरठीं बाजार में गंदगी का आलम देखने को मिल रहा है। बीते दिनों बरठीं बाजार के समीप स्थानीय दुकानदारों द्वारा फेंके जा रहे प्लास्टिक के कचरे को किसी दुकानदार द्वारा आग लगाने से सारा वातावरण प्रभावित हो गया है। इससे बजार में इतना दुर्गंध युक्त प्रदूषण हुआ, जिससे आम आदमी का जीना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय बाजार में लोगों को चलना भी मुश्किल हो गया है।

इस प्लास्टिक के थर्मोकोल के जलाने से सांस व दमा रोगियों के लिए अनहोनी घटना होने की आंशका के अलावा अन्य घातक बीमारियों को जन्म देता है। यदि कोई व्यक्ति इन दुकानदारों का इस कार्य के लिए विरोध करता है तो दुकानदार अपनी धौंस जमाने से भी गुरेज नहीं करते है। इस संबंध में भूमि के मालिक का कहना है कि बार-बार मना करने पर भी दुकानदार रात्रि को प्लास्टिक व अन्य कचरा फेंक जाते हैं, जिसके चलते दोबारा कचरे को इस तरह आग लगने की घटना पर खेद जताया है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं बरठीं पंचायत के प्रधान

**इस** संबंध में ग्राम पंचायत बरठीं के प्रधान कुलदीप धीमान से बात की तो उन्होंने कहा कि इस मामले में उचित कार्रवाई अमल में लाई जायेगी यदि कोई भी दुकानदार या व्यक्ति इस तरह की हरकत करता है तो उसके विरुद्ध अनुशातमक कारवाई अमल में लाई जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर, प्रदीप गुप्ता ने बताया कि 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी। लोक अदालत में बैंक संबंधी मुकदमे, दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिलों से जुड़े मामले, वैवाहिक विवाद आदि लिए जाएंगे। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी के लंबित मामले हैं, वे अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकते हैं।

### चिट्टा तस्करी रोकने को लें स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश में बढ़ती चिट्टा तस्करी पर लगाम लगाने के लिए राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आयुष भारद्वाज की अगवाई में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल व पुलिस अधीक्षक संदीप धवल को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद ज्ञापन में कहा गया है कि चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए जिला स्तर पर स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद ली जाए और तस्करों पर सख्ती से नकेल कसी जाए। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकासी बढ़ाई जाए तथा नशे के संवेदनशील क्षेत्रों पर निरंतर गश्त और छापेमारी की जाए। जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा नशा निवारण केंद्रों की मदद से प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएं।

**इम्तिहान** | घुमारवीं के दो परीक्षा केंद्रों में 502 विद्यार्थियों ने दी दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा

# 12वीं के 47 स्टूडेंट्स ने दिया अर्थशास्त्र का पेपर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेशभर में मंगलवार को दसवीं और जमा दो की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुईं। घुमारवीं के दो परीक्षा केंद्रों में दसवीं कक्षा के 502 विद्यार्थियों ने हिंदी विषय की परीक्षा दी, जबकि जमा दो के 47 विद्यार्थियों ने इकनॉमिक्स की परीक्षा दी। परीक्षा का आयोजन सुबह 8: 45 से दोपहर 12 बजे तक किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थी समय से पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन



बनाए रखने के लिए कड़े नियम लागू किए गए थे। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को अपने बैग, मोबाइल और अन्य सामग्री परीक्षा केंद्र के बाहर रखने के निर्देश दिए गए थे। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले सुबह 8:45 बजे प्रश्नपत्र वितरित किए गए और 9 बजे उत्तर पुस्तिकाएं प्रदान की गईं। परीक्षा केंद्रों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई गई। मंगलवार को उड़नदस्ते ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। परीक्षा केंद्रों में किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि नहीं पाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को यातायात नियमों पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के रोड सेफ्टी क्लब ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल मुख्य अतिथि रहे। इसमें मुख्य वक्ता अमर चंद शर्मा, ड्राइविंग प्रशिक्षक, ड्राइविंग और यातायात अनुसंधान संस्थान, पपलोग, सरकाघाट रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विस्तार से यातायात नियमों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के बारे में बताया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉ. राजीव राणा के अलावा प्रो. पुष्पेंदर सिंह, प्रो.विशाल कुमार, प्रो. सुनील राव, डॉ. अरुण शर्मा, प्रो. राजेश कुमार और प्रो. संजीव कुमार उपस्थित रहे।

### कानूनगो महासंघ ने राज्य कैडर को नकारा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश सेवानिवृत्त एंव पुनः नियुक्त ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो कल्याण महासंघ ने पटवारी कानूनगो एवं नायब तहसीलदारों का राज्य काडर घोषित करने पर आपत्ति जाहिर की है कि इससे पहले पटवारी कानूनगो का जिला काडर व नायब तहसीलदारों का डविजनल काडर प्राचीन समय से प्रचलित रहा है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष कशमीर सिंह ठाकुर ने कहा कि राजस्व फील्ड कर्मचारियों का राज्य काडर न तो आम लोगों के हित में है न ही राजस्व फील्ड कर्मचारियों के हित में।

### प्रेस भवन नेरचौक के आसपास की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** स्वच्छ शहर समृद्ध शहर कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद नेरचौक में स्वच्छता अभियान के तहत प्रेस भवन के आस पास सफाई की गई और लोगों को जागरूक भी किया गया। इसमें लोगों को गिला और सूखे कूड़े के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान वार्ड स्तर पर अप्रैल माह तक लगातार जारी रहेगा। मंगलवार को किए गए साफ सफाई अभियान में नेरचौक प्रेस क्लब के सदस्यों ने भी भाग लिया और सभी से आह्वान किया कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को सूखा और गिला कूड़ा कचरा अलग-अलग दें जिससे कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था बनी रहे और शहर साफ सुथरा और सुंदर लगे।

### भाजपा स्नोर मंडल के अध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा

**अनंत ज्ञान, बरोट।** भाजपा स्नोर मंडल के अध्यक्ष मेहर चंद भारती ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। मेहर सिंह भारती ने बताया कि इस इस कार्यकारिणी में रोत राम थलौट, कृष्णा ठाकुर मासड़, चुनी लाल शर्मा नाऊ, भूषण कुमार औट व मोहर सिंह झीड़ी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। शायरी से कपूर चंद तथा हटौन से लीला प्रकाश को महामंत्री का दायित्व दिया गया है। राजेश शर्मा को कोषाध्यक्ष व रेखा लोटी को मीडिया प्रभारी, बंसी लाल शर्मा को प्रवक्ता व जसवंत सिंह राणा, धन देव, शारदा शर्मा, यशवंत सिंह, किरण देवी तथा धर्म सिंह राणा को सचिव का कार्यभार सौंपा है, वहीं चैने राम को कार्यालय सचिव तथा एलआर राणा को आईटी संयोजक व हेम राज को आई टी सहसंयोजक, दीवान ठाकुर को मीडिया संयोजक तथा मीडिया सह संयोजक के पद पर कल्पना शर्मा को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त मंडल कार्यकारिणी में सदस्य के रुप में रोहित, जय सिंह, मनी राम, चंद्रमणी, टेकचंद, बिहारी लाल, इंद्र सिंह, दीना नाथ, नरेंद्र पाल शर्मा, सूरती देवी, मान सिंह, चंद्रमणी, राम देई, शर्मा, कमला देवी, चिना लाल, बिमला ठाकुर, भेद राम, मेघ सिंह, बीना देवी, हेमराज, सोहन सिंह आदि को नियुक्त किया गया है।

### मछिंद्रनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** ऐतिहासिक मछिंद्रनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा वाचक आचार्य तिलक राज शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की पावन कथा सुनाई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्म की भव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं। मंदिर समिति के प्रधान चुनीं लाल शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को धर्म, आस्था और श्रीकृष्ण के दिव्य संदेशों से जोड़ना है। श्रद्धालु इस पावन कथा से आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर रहे हैं।

### उपकर को प्रभावित ढंग से एकत्र करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने यहां पर बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू श्रमिकों के उत्थान के लिए श्रमिक हितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रदेश सरकार समाज के वंचित वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बैठक में बोर्ड के लिए उपकर (सेस) संग्रह बढ़ाने पर चर्चा की गई। बोर्ड के सचिव एवं सीईओ राजीव ने कहा कि प्रदेश सरकार कामगारों की उन्नति और कल्याण के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रही है। बोर्ड से पंजीकृत पात्र विधवाओं, एकल, निराश्रित एवं दिव्यांग महिला श्रमिकों को गृह निर्माण के लिए 3 लाख की वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है।

### दुकान से 12 बोतल देसी शराब बरामद, केस दर्ज

**सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट की टीम ने ठनकर गांव में एक डेली नीड्स की दुकान पर छापा मारकर 12 बोतल देसी शराब बरामद की। एसआई राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में दुकानदार मोहन लाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर लगातार शिकंजा कस रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब और अन्य नशे की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

---

उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ की बैठक आयोजित, उपायुक्त बोले–

# कर्मचारी महासंघ विभागीय औपचारिकताओं को करें पूरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कर्मचारी महासंघ के विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने आवास, कार्यालय में रिक्त चल रहे तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के पद, हरदासपुर कॉलोनी में पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, कॉलोनी में आवारा पशुओं से निजात दिलाने सहित आवासीय परिसर के मुद्दों से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर कर्मचारी महासंघ सभी विभागीय औपचारिकता पूर्ण करें ताकि समय पर सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उपायुक्त कार्यालय परिसर में संचालित कैंटीन का रखरखाव और उसकी सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी महासंघ की मांग के अनुसार हरदासपुरा कॉलोनी से उपायुक्त कार्यालय तक कर्मचारियों को कार्यालय आने-जाने के लिए परिवहन निगम की बस को चलाने को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक को मामला प्रेषित किया जाएगा।



कर्मचारी महासंघ की बैठक के दौरान मौजूद उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

**डीसी कार्यालय परिसर में कैंटीन का रखरखाव और सफाई का रखें ध्यान**

उन्होंने उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ को अन्य सभी समस्याओं के समाधान का भी आश्वस्त दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, कार्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रवीण मेहता महासचिव जोगेंद्र पाल, वरिष्ठ सलाहकार मिथुन शर्मा व प्रेस सचिव सुशील सलोत्रा सहित महासंघ के विभिन्न सदस्य मौजूद रहे।

## पटवारी–कानूनगो संघ ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश पटवारी–कानूनगो संघ ने सरकार से मांग की है कि राज्य कैडर प्रणाली को जबरदस्ती लागू न किया जाए, क्योंकि भर्ती की प्रक्रिया जिला कैडर के तहत हुई थी और अभी तक नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

संघ ने स्पष्ट किया कि कानूनगो से नायब तहसीलदार के लिए 60 प्रतिशत पदोन्नति कोटा निर्धारित है, जबकि 20 प्रतिशत सीधी भर्ती व 20 प्रतिशत सीनियर असिस्टेंट से पदोन्नति होती है। अन्य विभागों में यह अनुपात भिन्न है, जिससे पटवारी–कानूनगो वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। संघ ने मांग की है कि 20 प्रतिशत पदोन्नति कोटा उन्हें पुनः प्रदान किया जाए।

संघ ने वेतन असमानता के मुद्दे पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। संघ का कहना है कि राज्य कैडर प्रणाली थोपे जाने से पटवारी–कानूनगो का दक्षता स्तर प्रभावित होगा, क्योंकि हिमाचल प्रदेश में विभिन्न जिलों की भौगोलिक, भाषा संचार अंतराल और सांस्कृतिक, परिस्थितियां अलग हैं। पटवारी का मुख्य कार्य राजस्व विवादों को सुलझाना और लोगों को न्याय दिलाना है, लेकिन यदि उन्हें एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया जाएगा, तो वे जनता से समन्वय स्थापित नहीं कर पाएंगे।

# पूर्व विधायक सुरिंद्र ने वायरल रिकॉर्डिंग को बताया झूठा

**आरके सहगल, चंबा**

पूर्व विधायक सुरिंद्र कुमार भारद्वाज एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऑडियो रिकॉर्डिंग वायरल हुई, जिसमें हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह पठानिया के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। इस रिकॉर्डिंग को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई, लेकिन अनंत ज्ञान से बातचीत में सुरिंद्र कुमार भारद्वाज से इस विषय पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे पूरी तरह से निराधार और साजिश करार दिया।



भारद्वाज ने इस रिकॉर्डिंग को नकारते हुए कहा कि यह कुछ लोगों द्वारा जानबूझकर फैलाई गई अफवाह है, जिसका उद्देश्य उनके और कुलदीप पठानिया के मधुर संबंधों में दरार डालना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके और पठानिया के बीच हमेशा से अच्छे रिश्ते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने अपने स्तर पर इस वायरल रिकॉर्डिंग की सच्चाई की जांच की, तो पाया कि इसे फैलाने वाला व्यक्ति खुद

**पूर्व विधायक ने विरोधियों पर लगाए गंभीर आरोप**

### मैं कांग्रेस का समर्पित कार्यकर्ता

सुरिंद्र भारद्वाज ने कहा कि उनका और उनके परिवार का कांग्रेस पार्टी में बड़ा योगदान रहा है। उनके स्व. पिता पंडित विद्याधर ने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और इसके बाद वह पांच बार विधायक और तीन बार कैबिनेट मंत्री रहे। सुरिंद्र भारद्वाज भी कांग्रेस में 25 वर्षों से सक्रिय हैं, और उनके परिवार का कुल मिलाकर 55 वर्षों का योगदान रहा है।

### रिकॉर्डिंग पर न दें ध्यान

पूर्व विधायक ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे इन झूठे अफवाहों पर ध्यान न दें। कुछ लोग राजनीतिक द्वेष के कारण उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन वे इससे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने दोहराया कि उनकी पूरी राजनीति जनता की सेवा के लिए समर्पित है, और वे आगे भी इसी मकसद से काम करते रहेंगे।

अपनी बात से पलट गया। उन्होंने कहा कि यह मेरी छवि को खराब करने और मेरे संबंधों को खराब करने की कोशिश थी, लेकिन इसमें वे लोग पूरी तरह विफल हो गए। (अनंत ज्ञान)

# सरकार नशे के खिलाफ बनाए सख्त कानून : अभाविप

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) चम्बा ने क्षेत्र में नशे के बढ़ते जाल और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने आज एसपी और एसडीएम चंबा को ज्ञापन सौंपा।

भवानी ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द से जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो परिषद उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। विद्यार्थी परिषद ने प्रशासन को जगाने का प्रयास किया और स्पष्ट रूप से कहा कि नालागढ़ में ड्रग माफिया को पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता का खुला संरक्षण मिल रहा है। युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेलने वाले इन अपराधियों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में गहरी नाराजगी है।

परिषद ने मांग की कि प्रशासन अविलंब ड्रग माफिया के खिलाफ विशेष अभियान चलाए, सभी ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया जाए, नशे के अड्डों पर छापेमारी की जाए और इस गंदे खेल में शामिल बड़े सरगनाओं को बेनकाब किया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो एबीवीपी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी ।

## राजस्व कर्मचारियों की मांगों पर सरकार करे विचार

**ओपी शर्मा, भरमौर।** शिमला सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व, गृह और जनजातीय विकास ओंकार शर्मा से मुलाकात कर प्रदेश में राजस्व कर्मचारियों की प्रदेश व्यापी हड़ताल के मद्देनजर आम जनमानस हो रही असुविधा के समाधान के लिए लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया।



वहीं राजस्व कर्मचारियों की मांगों पर सरकार विचार करें और पांगी घाटी में बर्फबारी से हुए नुकसान और राहत कार्यों में तेजी लाने का आग्रह किया। कुमार परमार क्षेत्र में लोगों के घरों को जो नुकसान हुआ उसके लिए उन्हें राहत और भोजन सामग्री हवाई माध्यम से पहुंचाने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. जनक राज और लोकेंद्र कुमार उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)

# बार एसो. डलहौजी ने किया अदालत का बहिष्कार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



हिमाचल प्रदेश बार एसोसिएशन के आह्वान पर बार एसोसिएशन डलहौजी के अधिवक्ताओं ने डलहौजी न्यायालय परिसर के बाहर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक के विरोध में जोरदार प्रदर्शन बीते कल भी जारी रहा। इस दौरान डलहौजी के कई अधिवक्ताओं ने विधेयक के खिलाफ नारेबाजी की और इसे अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन करार दिया।

बार एसोसिएशन डलहौजी के अध्यक्ष नितिन महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विधेयक को कानूनी पेशे की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के लिए खतरा है और यदि इसे लागू किया गया तो अधिवक्ताओं के हितों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस विधेयक को तुरंत वापस लेने का आह्वान किया है। बता दें कि बार एसोसिएशन डलहौजी के समस्त अधिवक्ताओं में जहां कोर्ट परिसर में जमकर नारेबाजी तथा अदालत का बहिष्कार का सिलसिला जारी रहा। 3 मार्च तथा चार मार्च को हिमाचल प्रदेश बार एसोसिएशन द्वारा समस्त प्रदेश में अधिवक्ताओं द्वारा अदालतों का बहिष्कार तथा धरना प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया था।

## जोगिंद्रनगर बार एसो. ने अदालती कार्यों से बनाई दूरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बार एसो. जोगिंद्रनगर ने विधेयक के विरोध में 4 से 7 मार्च तक अदालती कार्यों से दूरी बनाने का निर्णय लिया है। यह फैसला हिमाचल प्रदेश की अन्य बार एसोसिएशनों की बैठक के बाद लिया गया, जिसमें बिलासपुर, मंडी, सुंदरनगर, गोहर, पधर और सरकाघाट के वकीलों ने भी भाग लिया। अध्यक्ष इंद्र सिंह ने अपने सदस्यों से आह्वान किया कि वे इस विरोध में शामिल हों और अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए इस निर्णय का समर्थन करें। आम लोगों को न्यायिक प्रक्रिया में किसी भी असुविधा को रोकने के लिए 'प्रॉक्सी वकीलों' की नियुक्ति की गई है, जिसमें शिवाली, अर्चना ठाकुर और मधु ठाकुर शामिल हैं।

# प्रीति कुमारी ने आईसीएआई परीक्षा को किया उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



आईसीएआई परीक्षा 2025 में सलूनी क्षेत्र की बेटी ने परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने माता-पिता एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है बता दे की द इंडियन इंस्टिट्यूट का चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के तहत हुई 2025 की परीक्षा में प्रीति कुमारी बसंत ने अपनी मेहनत और लगन से इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है।

प्रीति बसंत की प्रारंभिक शिक्षा केवीएस किन्नौर तथा आगे की पढ़ाई बनीखेत के केंद्रीय विद्यालय तथा महाविद्यालय में पूरी हुई। बता दें कि प्रीति बसंत के पिता नीची कंपनी में बताओ चालक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बेटी प्रीति पढ़ाई के प्रति हमेशा ही मेहनती रही है जिसका नतीजा आज सभी के सामने है कि प्रीति ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए केवीएस स्कूल बनीखेत तथा हमारा और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

वहीं केवीएस स्कूल की प्रधानाचार्य ने कमरजीत कौर ने प्रीति कुमारी बसंत तथा उनके माता-पिता को परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी तथा प्रीति के शानदार भविष्य की कामना भी की।

## तीन वाहनों में टक्कर, दो घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद क्षेत्र सुंदरनगर के तहत ललित चौक पर तीन वाहनों में मंगलवार को हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गए हैं।

घायलों में बीएसएनएल में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत दिव्या प्रकाश और बोलेरो गाड़ी में सवार बिलासपुर के झंडूता निवासी अमन कुमार शामिल हैं। ललित चौक से कुछ आगे निकलते ही नैनो गाड़ी के चालक ने बीच सड़क पर गाड़ी को अस्पताल की ओर अचानक से मोड़ दिया। बोलेरो गाड़ी का चालक गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख पाया और उसने नैनो गाड़ी को टक्कर मारने के बाद दिव्या प्रकाश की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। डीएसपी भारतभूषण ने बताया कि तीनों पक्षों में समझौते होन के कारण मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# जिला मुख्यालय में परीक्षा को लेकर विद्यार्थी उत्साहित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं के आज परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। बीते कल दसवीं का हिंदी व 12वीं का इकोनॉमिक्स की परीक्षा सुबह ठीक 9 बजे से पहले सभी छात्र छात्राएं परीक्षा केंद्रों पहुंचे।

हालांकि हिमाचल प्रदेश के चंबा जिला की बात करें तो यहां पर दूर दराज के क्षेत्र में बर्फबारी की वजह से जनजातीय क्षेत्र पांगी में होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। जबकि अगले तीन दिनों तक जो भी परीक्षाएं होंगी उन्हें स्थगित कर दिया गया है। उसके बाद मौसम के हिसाब से ही आगे का शेड्यूल तय होगा।

### परीक्षा केंद्रों में कड़ी चौकसी

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो गई। पहले दिन दसवीं कक्षा के छात्रों ने हिंदी का पेपर दिया, जबकि बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए इकनॉमिक्स की परीक्षा आयोजित की गई। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर में दसवीं कक्षा के 58 और बारहवीं कक्षा के 15 छात्राओं ने परीक्षा दी। कार्यकारी प्रधानाचार्य खजान सिंह ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षा विभाग के उड़नदस्तों ने भी औचक निरीक्षण किया।

### सूडोकु नवताल- 7360

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7359 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 मार्च, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** फाल्गुन, **तिथि** षष्ठी (12:53): **नक्षत्र** कृत्तिका (01:09), **पक्ष** : शुक्ल, **योग :** वैधृति (11:06) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:32-02:00)।

**विशेष दिन**

- 05 मार्च 2025 : स्कन्द षष्ठी आज।
- 6 मार्च 2025 : कल राष्ट्रीय पोशाक दिवस।

**मेष:** धनलाभ का योग है। कार्यस्थल पर आ रही समस्या के निदान के लिए कार्यस्थल पर वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तुरंत लाभ होगा।

**वृषभ:** अपने व्यवहार और कार्य प्रणाली में बदलाव की जरूरत है। एक समय पर एक ही काम करें। अधिकारी वर्ग प्रभावित होगा।

**मिथुन:** आज के दिन आप के कार्यों में गति आएगी। मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम प्रसगों में सफलता मिल सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**कर्क:** सफलता के पीछे आपके परिश्रम के साथ कई लोगों की दुआ भी है। स्वास्थ पर धन खर्च होगा। पारिवारिक आयोजन से दूरियां मिट सकती है।

**सिंह :** कानूनी अड़चनें आ सकती है। किसी बात से बैचेन रहेंगे। तेल व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमा सकेंगे। विदेश जाने के योग हैं।

**कन्या :** जीवन बहुत छोटा है। अपनी गलतियां सुधार करें। कई दिनों से अटके मसले आज सुलझ सकते है। प्रभावकारी व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

**तुला:** आप प्रसन्न रहें और चिंता त्यागें। व्यर्थ सोचना बंद करें। आप के वाक् चातुर्य से कार्य बन जाएंगे। आप के शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**वृश्चिक:**पड़ोसियों से आज विवाद हो सकता है। स्वास्थ में सुधार के लिए डॉक्टर बदलना पड़ सकता है। मोज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

**धनु:** पारिवार में आई समस्या का निदान होगा। रंगमंच से जुड़े जातकों के मान में वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर खुशनुमा माहौल रहेगा। धन प्राप्ति के योग है।

**मकर :** किसी अनजान पर भरोसा न करें। आज भी कार्य पुरे नहीं हो पाएंगे। खान-पान पर पर्ण नियंत्रण रखें। अकस्मात आये खर्च से बजट प्रभावित होगा।

**कुंभ :** व्यापारिक उन्नति के अवसर है। कार्यों में आ रही परेशानी से सहज ही निकल जाएंगे। बर्तन व्यापारियों के लिए समय उपयुक्त है।

**मीन :** जल्दबाजी में नुकसान हो सकता है। कानूनी कार्यों में उलझ सकते है। मामूली बात पर विवाद संभव है। भाई बहनों के साथ समय व्यतीत होगा।

# राजा सिंह मल्होत्रा बने हॉकी संघ हिमाचल के उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मंडी शहर निवासी राजा सिंह मल्होत्रा को हॉकी संघ हिमाचल का उपाध्यक्ष चुना गया है। हॉकी संघ हिमाचल के चुनाव मंगलवार को हमीरपुर में संपन्न हुए जिसमें पूरी कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से चुना गया। नूरपुर के विधायक रणबीर सिंह निक्का को अध्यक्ष चुना गया जबकि राजा सिंह मल्होत्रा को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

राजा सिंह मल्होत्रा ने उन्हें उपाध्यक्ष चुनने के लिए हॉकी संघ के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और सांसद अनुराग ठाकुर का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है वे उसका बखूबी निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में हॉकी खेल के साथ अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने और खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। बता दें कि राजा सिंह मल्होत्रा काफी लंबे समय से हॉकी संघ हिमाचल के साथ जुड़े हुए हैं। वे इससे पहले 8 वर्षों तक हॉकी संघ हिमाचल के कोषाध्यक्ष के पद पर रहे और इस पद का बखूबी निर्वहन किया।

**रोष** | लिपकीय वर्ग के खिलाफ अमर्यादित भाषा अस्वीकार्य

# कर्मचारी महासंघ ने जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ की ओर से प्रमुख प्रेस सचिव सुशील कुमार सल्होत्रा ने सरकार से बलवान कमेटी के निर्णय लेने से पूर्व लिपकीय वर्ग की स्थिति पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लिपकीय वर्ग के हितों की अनदेखी कर कोई भी निर्णय लेना न्यायसंगत नहीं होगा।

उन्होंने विशेष रूप से पटवार-कानूनगो संघ द्वारा लिपकीय वर्ग के खिलाफ दिए जा रहे अमर्यादित व अशोभनीय बयानों की कड़ी निंदा की और चेतावनी दी कि इससे प्रदेश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल उत्पन्न हो सकता है, जिसे लिपकीय वर्ग कदापि सहन नहीं करेगा। महासंघ ने साफ किया कि पटवार-कानूनगो संघ अपनी मांगें शालीनता से रखे, ताकि सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बना रहे।

सल्होत्रा ने बताया कि राजस्व एवं भवन निर्माण विभाग के नियमों के अनुसार, पिछले 50 वर्षों से लिपकीय वर्ग के लिए 20त्न पदोन्नति कोटा निर्धारित है, जिसमें नायब तहसीलदार, तहसीलदार के पद शामिल हैं। यदि इस कोटे को समाप्त कर इन पदों को पटवारियों को दिया जाता है, तो यह सरासर अन्याय होगा और महासंघ इसका पुरजोर विरोध करेगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय लिपकीय वर्ग ने हमेशा सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया है और भविष्य में भी अपनी निष्ठा व कर्तव्यपरायणता से प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत स्याँज
विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

**श्री मनोज कुमार शर्मा, प्रधान, मो. 9882128328** **श्री धर्म पाल, उपप्रधान, मो. 9816058943**

प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत स्याँज विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदाएं दिनांक 14/03/2025 अपराहन 4:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 15/03/2025 को पूर्वाहन 12:00 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदा दाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रशर | प्रति घन मीटर |
| 2. | बजरी क्रशर 10,20,40,60एमएम | प्रति घन मीटर |
| 3 | सरिया | प्रति KG /कव्टिल |
| 4 | पत्थर/कटस्टोन | प्रति घन मीटर |
| 5 | बोल्डर/सोलिंग | प्रति घन मीटर |
| 6 | जेसीबी डैका लोडर हेतु | प्रति घंटा |
| 7 | सीमेंट किराया प्रति बैग के हिसाब से चैल-चौक में कार्य स्थल तक लोडिंग व अनलोडिंग सहित | प्रति बैग |
| 8 | एंगल/चैनल/स्टील लेबर सहित, फेंसिंग तार | प्रति किलो |
| 9 | जीआई शीट, 8'10'12' | प्रति शीट |
| 10 | ईंट | प्रति ईंट |
| 11 | साईन बोर्ड | प्रति बोर्ड |
| 12 | जेसीब ब्रेकर | प्रति घंटा |
| 13 | पेवर 40,60,80एमएम आईएसआई ट्रेड माका | प्रति पीस |
| 14 | शटरिंग | प्रति वर्ग मीटर |
| 15 | पत्थर बोल्डर | प्रति मीटर |
| 16 | इमारती लकड़ी | प्रति फुट |
| 17 | जीआई पाईप ½,1/4, 1 इंच | प्रति पाईप |
| 18 | फर्नीचर कुर्सी, टेबल, रिवाल्विंग कुर्सी, सोफा-वेड | प्रति वस्तु |
| 19 | मिक्सर मशीन | प्रति बैग |
| 20 | आरसीसी पाईप विभिन्न साईज | प्रति पाईप |
| 21 | पौधे विभिन्न किस्म | प्रति पौधा |

1. निविदाता के पास अपना पंजीकृत पैन नं/टिन नं. तथा जीएसटी नं. व अपनी गाड़ी का होना आवश्यक है तथा निविदादाता के साथ गाड़ी कि आरसी की फोटो कापी लगाना आवश्यक है। 2 . निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा ही अपने लैटर पैड पर पंचायत कार्यालय में ही प्राप्त की जाएगी। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 3. रेत बजरा, पत्थर, ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध करवाना आवश्यक है। 4. सामग्री की आपूर्ति लोनिविभाग की स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी। 5. सामग्री कि दरें शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 6. निर्माण सामग्री कार्यस्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी। 7. निविदा दाता को 50,000/- रुपए की नगद राशि पंचायत बचत खाता अग्रिम/सुरक्षित जमा करवानी होगी तथा साथ में निविदादाता खोलने के समय 1100/- रु. नान रिफंड आवेदन शुल्क पंचायत में जमा करवाना होगा। 8. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता, उसकी अग्रिम प्लेज्ड राशि वापिस नहीं होगी। 9. घटिया सामग्री कि अदायगी देय नहीं होगी। 10. एक निविदाता को दो ही सामग्री देने का अधिकार होगा । 11. सप्लाई ऑर्डर के मुताबिक सामग्री तीन दिन के भीतर कार्य स्थल पर पहुंचानी होगी सप्लाई न होने के कारण कुटेशन करने अधिकार पंचायत के पास होगा सप्लाई ऑर्डर के अनुरूप स्वीकार कि जायगी । 12. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयनुसार नहीं कर पाता उसकी अग्रिम राशी वापिस नहीं होगी । 13. समान दर रहने के स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 14. दरों का उल्लेख करते समय टैक्स इनक्लुडड या एक्सक्लुडड का उल्लेख करना भी आवश्यक है । 15. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नही होगी। 16. सामग्री लेने का अंतिम निर्णय विभाग की जस्टीफिकेशन व पारित निविदादाता के साथ नेगोशिएशन अनुसार/उपरान्त किया जाएगा । 17. सामग्री कि अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त टीएस/जेई की पैमाइश के उपरान्त कि जाएगी । 18 जिस किसी भी निविदाता को उपरोक्त शर्तें मान्य हो तो वह ग्राम पंचायत स्याँज को अपनी निविदा दे सकते हैं।

**प्रधान ग्राम पंचायत स्याँज, विकास खंड गोहर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

‘ पेड़ों के आसपास चलने वाला अभिनेता कभी आगे नहीं बढ़ सकता। -डॉ. राजेंद्र प्रसाद

## संपादकीय

# औरंगजेब पर घमासान

मराठा साम्राज्य की वीरता पर आधारित फिल्म ‘छावा’ की सफलता के बाद से राजनीति में क्रूर मुगल शासक औरंगजेब को लेकर बयानबाजियां पूरे देशभर में तेज हो गई हैं। आखिर यह सब क्यों हो रहा है? क्या नेताओं के पास बोलने को कुछ नहीं बचा है? नेता आखिर बेतुके बयान दाग कर क्या साबित करना चाहते हैं? समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के औरंगजेब को लेकर दिए बयान के बाद सियासी घमासान छिड़ गया है। अब कांग्रेस नेता उदित राज भी अबू आजमी के सपोर्ट में आ गए हैं। वह यह तर्क दे रहे हैं कि अबू आजमी की बातों में कुछ गलत नहीं है। मुगल राजा औरंगजेब ने मंदिर ही नहीं, बल्कि मस्जिद भी तोड़ी थी। पहले बड़े राजा छोटे राजाओं को प्रताड़ित किया करते थे।

हिंदुओं में भी कई क्रूर राजा हुए हैं, लेकिन 17वीं शताब्दी के मुगल राजा औरंगजेब को ही क्यों टारगेट किया जा रहा है? अबू आजम और उदित राज के तर्कों को दूसरी पार्टी के नेता बदजुबानी करार दे रहे हैं। उनको इन दोनों नेताओं के बयान बेतुके लग रहे हैं। जाहिर है वह भी औरंगजेब के खिलाफ कुछ तो बोलेंगे ही। दरअसल, हुआ हुया यूं था कि सपा नेता अबू आजमी ने मुगल राजा औरंगजेब का बचाव करते हुए एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह 17वीं शताब्दी के मुगल बादशाह औरंगजेब को क्रूर और अत्याचारी नहीं मानते। आजकल फिल्मों के जरिए मुगल राजाओं की विकृत छवि जनता को दिखाई जा रही है। अबू आजमी के इस बयान के बाद राजनीतिक बहस छिड़ गई है। शिवसेना शिंदे गुट के नेता और ठाणे से सांसद नरेश म्हस्के वागले पुलिस स्टेशन पहुंच गए।

शिवसेना सांसद के साथ शिंदे गुट के मुस्लिम समुदाय के कार्यकर्ता भी उनके साथ पुलिस स्टेशन पहुंच गए और जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद म्हस्के ने अबू आजमी के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। हालांकि, मामला दर्ज करना मसले का हल कदापि नहीं हो सकता और अक्सर ऐसे मामलों में बाद में माफी मांगकर पीछा छुड़ा लिया जाता है। अभिव्यक्ति की आजादी का यह मतलब नहीं कि कुछ भी बोल दिया जाए। बिना सिर-पैर की बातें अक्सर निरर्थक ही साबित होती हैं। यही नहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी अब अबू आजमी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें माफी मांगने की जरूरत है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आजमी ने कहा था कि फिल्म छावा में गलत इतिहास दिखाया जा रहा है, क्योंकि औरंगजेब ने मंदिर भी बनवाए थे और वह क्रूर नहीं था।

औरंगजेब पर बवाल इसलिए मचा है, क्योंकि सपा नेता अबू आजमी ने उनके बारे में एक विवादित बयान दिया है। इस बयान के बाद पूरे देश में नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। शिवसेना नेता शाइना एनसी ने अबू आजमी के बयान की निंदा करते हुए कहा है कि उन्हें इतिहास के पन्नों को पलटना चाहिए और औरंगजेब के कृत्यों को समझना चाहिए। औरंगजेब ने कई हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था, जिनमें त्र्यंबकेश्वर मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर भी शामिल हैं। राजनेताओं के बीच संवाद का गिरता स्तर बेहद चिंताजनक है। आखिर नेता बदजुबानी पर क्यों उतर आते हैं? इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि नैतिकता का गिरता स्तर। नैतिकता नेताओं की साख बनाती है, लेकिन आजकल नैतिकता और मूल्यों की बातें करने वाले लोगों को अक्सर दकियानूसी या मूर्ख माना जाता है। इसके अलावा, राजनीतिक मानकों में गिरावट भी एक महत्वपूर्ण कारण है। राजनीतिक दलों और नेताओं को नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, लेकिन अक्सर वे अपने स्वार्थ और राजनीतिक लाभ के लिए इन मूल्यों को त्याग देते हैं।

ऐसे बयानों को तवज्जो देने में मीडिया की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहती है। मीडिया अक्सर राजनेताओं के बीच की बहस और विवादों को बढ़ावा देता है, जिससे संवाद का स्तर और भी गिर जाता है। चुनावी संस्कृति का गिरता स्तर भी एक महत्वपूर्ण कारण है। चुनावों में अक्सर नेता अपने विरोधियों के खिलाफ बदजुबानी और व्यक्तिगत हमले करते हैं, जिससे संवाद का स्तर गिर जाता है। इन कारणों को समझकर और उन पर काम करके, हम राजनेताओं के बीच संवाद के स्तर को सुधार सकते हैं और एक अधिक नैतिक और सिद्धांतों पर आधारित राजनीतिक वातावरण बना सकते हैं। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि मुगल शासक औरंगजेब को लेकर बयानबाजियों का जो दौर चला है वह शीघ्र ही समाप्त हो जाएगा और नेता विकास की बातें करने लगेंगे। हालांकि, यह विवाद ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं है, क्योंकि ऐसे बयानों का कुछ आधार नहीं होता। फिर भी नेताओं को चाहिए कि वे सोच समझकर ही बयान दें, क्योंकि उनकी कही हुई एक-एक बात का मतलब होता है। जनता उन्हें अपना प्रतिनिधि मानती है, इसलिए निरर्थक बयानबाजी से नेताओं को हमेशा बचना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय हॉकी के बेहतरीन डिफेंडर

**परगट** सिंह भारतीय हॉकी के बेहतरीन परिरक्षकों (डिफेंडर) में से एक रहे हैं। परगट सिंह का जन्म पंजाब के मिथापुर में हुआ था। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने गांव के ही एक विद्यालय से प्राप्त की। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद परगट सिंह ने अपना दाखिला प्रसिद्ध लायलपुर खालसा कॉलेज में करवा लिया। कॉलेज के दिनों में ही जबरदस्त उत्साह के साथ खेलने के कारण भारत की जूनियर हॉकी टीम में शामिल हो गए। कुछ समय



परगट सिंह
जन्म : 5 मार्च, 1965

पश्चात परगट सिंह को भारत की सीनियर हॉकी टीम में शामिल कर लिया गया और उनको हांगकांग में होने वाले हॉकी टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिला, जहां दस अन्य देशों ने भी भाग लिया था। भारत और जर्मनी के बीच होने वाले एक विशेष मैच में, जब भारत का निराशाजनक स्कोर 1-5 था, उस समय परगट सिंह के दृढ़ संकल्प के कारण भारत के सभी खिलाड़ियों ने उम्मीद के खिलाफ प्रदर्शन किया और बचे हुए 6 मिनट में 5 गोल करने में कामयाब हुए। मैच ड्रा हो गया था और उस मैच के कारण परगट सिंह लाखों भारतीयों के नायक बन गए थे। एक बार परगट सिंह की अदम्य इच्छा चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान जाग्रत हुई थी, जब भारत ने हॉलैंड को 3-2 से हराया। युवा और ऊर्जस्वी परगट सिंह ने अपनी गौरवशाली उपलब्धियों से भारत को गौरवान्वित किया है। ■



कविता

# दोधारी तलवार

राज कुमार कौंडल, गांव व डा. अमरपुर, घुमारवीं

*तूने नशे कई जिंदगियों को नरक बना दिया,*
*उस पर कई पीढ़ियों का तो वजूद ही मिटा दिया।*
*सबकी धड़कनों को सिसकियों में बदल दिया,*
*मजबूर कर कइयों को मौत के हवाले कर दिया।*
*तेरी जकड़ में जो आया वो जिंदा लाश बन गया,*
*नशे के दानव तूने कई घरों को खंडहर बना दिया।*
*लालच ने इंसान को इस कदर अंधा बना दिया,*
*इंसानी लहू को पानी से भी सस्ता बना दिया।*
*बना कर नशे को धंधा खुद को अमीर बना दिया,*
*बड़ी बेगैरत से लाशों के ढेर पर महल बना दिया।*
*दौलत की भूख ने कइयों को हैवान बना दिया,*
*औरों के अरमानों को जिंदा ही दफना दिया।*
*बेईमानी की बुनियाद ने कब तलक सहारा दिया,*
*खून से रंगे महलों का पलभर में गर्दा उड़ा दिया।*
*इस दोधारी तलवार को जिसने भी चला दिया,*
*खुद बने कातिल, खुद का भी कत्ल करवा दिया।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अरुणाचल पर चीन के दावे बेबुनियाद, विभिन्न पहलुओं को दरकिनार कर रहा ड्रैगन

भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन ने एक बार फिर बड़े-बड़े दावे किए हैं, लेकिन उसके सारे दावे ऐतिहासिक, भौगोलिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर बेबुनियाद हैं। अरुणाचल सदियों से भारतीय संस्कृति से जुड़ा रहा है। ऐतिहासिक तथ्यों देखा जाए, तो अरुणाचल प्रदेश का भारत से संबंध हजारों साल पुराना है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लेख इसका उल्लेख मिलता है। अरुणाचल प्रदेश का उल्लेख महाभारत और रामायण में है। माना जाता है कि भगवान परशुराम ने यहां तपस्या की थी और यह स्थान भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है।

लेखक : ओम प्रकाश सिंह
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तवांग मठ का ऐतिहासिक महत्व भी रहा है। तवांग मठ, जो दुनिया के सबसे बड़े बौद्ध मठों में से एक है, भारत से सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से जुड़ा है। यह दलाई लामा के भारत आगमन से पहले ही बौद्ध धर्म के पवित्र केंद्रों में गिना जाता था। अहोम साम्राज्य और भारतीय प्रशासन भी ऐतिहासिक तथ्य के रूप में उभर कर आता है। मध्यकाल में अरुणाचल प्रदेश अहोम साम्राज्य के प्रभाव में था, जो भारत का प्रमुख शक्ति केंद्र था। अहोम शासकों ने इस क्षेत्र को कभी चीन के अधीन नहीं माना। ब्रिटिश शासन में दौरान भी यही वास्तविकता थी। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन के दौरान अरुणाचल प्रदेश को भारत के पूर्वी क्षेत्र का हिस्सा माना गया। साल 1914 में ब्रिटिश भारत और तिब्बत के बीच हुए शिमला समझौते में मैकमोहन रेखा को भारत और तिब्बत की सीमा के रूप में मान्यता दी गई थी।

भौगोलिक तर्कों को अगर देखा जाय तो अरुणाचल, भारत की प्राकृतिक सीमा में आता है। 1914 में तय की गई मैकमोहन रेखा भारत और तिब्बत की सीमा को स्पष्ट रूप से निर्धारित करती है। चीन कभी इस




समझौते का हिस्सा नहीं था इसलिए उसका दावा पूरी तरह से बेबुनियाद है। अरुणाचल की प्राकृतिक स्थिति पर नजर डालने पर भी यही स्थिति सामने आती है। अरुणाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और भारत की भौगोलिक संरचना से जुड़ाव इसे भारत का अभिन्न हिस्सा साबित करते हैं। खास बात यह है कि चीन इस मुद्दे पर एक लंबे कालखंड तक चुप्पी साधे रहा।

1962 के भारत-चीन युद्ध से पहले चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश पर दावा नहीं किया। यह दिखाता है कि चीन का दावा पूरी तरह से राजनीतिक है, न कि ऐतिहासिक या भौगोलिक आधार पर सही। लिहाजा, चीन का दावा कानूनी तर्कों पर भी नहीं ठहरता। चीन का दावा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है।

चीन का यह दावा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय संधियों के खिलाफ है। यह भारत की संसद द्वारा स्वीकृत राज्य है। 1987 में अरुणाचल प्रदेश को भारतीय संसद द्वारा आधिकारिक रूप से पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। यह दर्शाता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का संवैधानिक हिस्सा है। भारत अरुणाचल प्रदेश पर प्रशासनिक नियंत्रण रखता है, वहां लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार है और वहां की जनता स्वयं को भारतीय मानती है। चीन की दोहरी नीति है। चीन, ताइवान और तिब्बत पर ऐतिहासिक आधार पर दावा करता है, लेकिन जब भारत अपने ऐतिहासिक तर्क प्रस्तुत करता है, तो वह उन्हें नजरअंदाज करता है। चीन ने तिब्बत का जबरन विलय कराया। चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा किया, लेकिन भारत ने कभी भी तिब्बत की स्वतंत्रता को चुनौती नहीं दी।

अब चीन अरुणाचल प्रदेश पर दावा करके अपनी विस्तारवादी नीति को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट किया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। चीन के झूठे दावों से यह सच्चाई नहीं बदलेगी। भारत में सभी राजनीतिक दल चीन के इस दावे का विरोध कर रहे हैं। संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई और सभी सांसदों ने चीन की विस्तारवादी नीति की आलोचना की। सीमा पर भारत की कड़ी चौकसी है। भारतीय सेना अरुणाचल प्रदेश में पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

भारत सरकार ने हाल के वर्षों में सड़कों, पुलों और सैन्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया है। भारत पहले ही चीन की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर चुका है और यह जता दिया है कि भविष्य में भी ऐसी किसी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर चीन के झूठे दावों का विरोध किया है। भारत ने क्वाड (Quad) और अन्य सुरक्षा संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत की है, जिससे चीन पर रणनीतिक दबाव बढ़ेगा। भारत ने चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाकर और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देकर चीन को कड़ा आर्थिक संदेश दिया है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अरुणाचल प्रदेश पर कोई समझौता नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# विद्यार्थियों की परीक्षाएं : ' क्रिकेट-उन्माद...जुआरी और देशभक्ति '

हद होती है जी हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है न कि भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने ही अधिक महत्वपूर्ण हैं। आईपीएल तो हर साल ही होता है और इस बार ये ‘चैंपियन ट्रॉफी’ का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चल ही रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे ही भारत के लगभग सभी स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते है।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

ऐसे में देश के हर शहरों , कॉलोनियों, नुक्कड़ों, गली - मोहल्लों, गांव-देहात में, घर - बाहर क्रिकेट का यह सर्वथा गैर - जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बहुत ही बड़ी चुनौती बना रहता है। जरा कल्पना कीजिए, करोड़ों विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई को बर्बाद करने के ज्ञात या अनायास प्रयास के बाद बीसीसीआई की टीम चैंपियन ट्रॉफी जीत भी गई, तो वास्तव में हमने और हमारे देश, समाज ने क्या कमाया? विशेषकर क्रिकेट को देशभक्ति के साथ जोड़ना तो अत्यंत ही उच्चकोटि की महामूर्खता है। क्रिकेट खेल के निरंतर ही भयंकर प्रचार प्रसार होते हुए, भारत के करोड़ों लोगों का समय बर्बाद करना कहां की देशभक्ति है? हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी है और भारत के असली हीरो ( नायक ) नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ी हैं, जो 190 से भी अधिक देशों के साथ मुकाबला करते हुए, ओलंपिक , एशियाई और अन्य



कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के गौरव के लिए स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक जीतकर हमारे देश का सारी दुनिया भर में नाम रोशन करते हैं। केवल एक खेल मात्र के लिए करोड़ों लोगों का तकरीबन उन्माद भरा पागलपन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को भी हर संभावित घोर संकट में डाल सकता है और अब तो क्रिकेट को जुए और सट्टे के साथ जोड़कर देश-विदेश में रह रहे लाखों-लाख भारतीय नागरिकों को जुआरी बनने के लिए अत्यंत ही बेशर्मी के साथ प्रेरित किया जा रहा है।

क्रिकेट के इस उन्माद और पागलपन में हमारा देश कहां जा रहा है? क्रिकेट, सट्टा-जुए के विज्ञापन और प्रचार-प्रसार पर करोड़ों रुपए खर्च करते हुए, बहुत ही छोटा-सा ‘डिसक्लेमर’ लगाया जाता है कि ‘ इसकी लत / आदत लग सकती है, कृपया ध्यान के साथ खेलिए।’ कौन-सा ध्यान, कहां-किसका ध्यान रखा जाए? व्यक्तिगत रूप से मैं क्रिकेट या किसी भी अन्य खेल का विरोधी नहीं हूं। विशेषकर मैं टेस्ट क्रिकेट का तो प्रशंसक भी हूं। क्लाइव लॉयड के समय से क्रिकेट सुन-देख रहा हूं।

जवागल श्रीनाथ, सुनील गावस्कर, विवियन रिचर्ड्स, ब्रेटली, मोहिंदर अमरनाथ, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर हमेशा मेरे सर्वाधिक प्रिय क्रिकेट खिलाड़ी रहे हैं। खेल को खेल की भावना के साथ खेल तक ही सीमित रखना बहुत आवश्यक और वांछित है। ऐसा क्यों प्रतीत हो रहा है कि करोड़ों लोग भारत को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं? ’उस कश्ती का अंजाम क्या पूछिए , जिसकी पतवारों को मल्लाहों ने तोड़ा होगा, बर्बाद-ए-चमन के लिए एक ही उल्लू काफी है, हर शाख पे उल्लू बैठा है, अंजाम-ए- गुलिस्तां क्या होगा’ परमपिता परमेश्वर का आशीर्वाद मिले कि हमारे देश में सकारात्मक और बेहतर समझ विकसित हो।

कृपया देश के उज्ज्वल भविष्य हमारे विद्यार्थियों के प्रति दया और करुणा का भाव रखिए। विशेषकर मार्च और अप्रैल के महीने समस्त भारत में विद्यार्थियों के अध्ययन, पढ़ाई - लिखाई, सामान्य व विशिष्ट परीक्षाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और निर्णायक समय हैं। इन समय में क्रिकेट या किसी भी खेल-कूद प्रतियोगिताओं के लिए कभी कोई स्थान नहीं होना अनिवार्य शर्त है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**वर्तमान** समय में नशा उजड़े चमन की एक दर्दभरी हिकायत बन चुका है। इस नशे के जहरीले शजर महकते गुलशन को भी वीरान कर देते हैं। वर्तमान समय में नशे की सुनामी से उजड़े गुलिस्तां को आबाद होने में मुद्दतें गुजर जाती हैं, मगर मृत्यु घातक चिट्टा लाखों युवाओं की निगाहों का हबीब बन रहा है। नतीजतन माता-पिता की चश्म-ए-पलक के सुनहरे अरमान खाक हो रहे हैं। अमन व अदब की कहकशां सजने के लिए विख्यात पहाड़ों क्षेत्रों पर नशे की बज्म सज रही हैं। पर्यटन की आड़ में सूबे की वादियों में चिट्टे जैसा नशा पनप रहा है। जुल्मत-ए-शब के वक्त पहाड़ों पर रेव पार्टियों की अंजुमन सजती है। वीरभूमि की दमदार शिनाख्त वाले राज्य की मुकद्दस धरा पर नशाखोरी, गैंगस्टर व माफिया जैसे बेगैरत लफ्ज सुनने को मिलेंगे, पहाड़ी क्षेत्र की जवानी चिट्टे की तलबगार बन जाएगी। सभी अभिभावकों को अपने बच्चों पर ध्यान देना होगा।

**अंकित चौधरी, धर्मशाला**

# देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानी स्वामी कृष्णानंद का अहम रोल

उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से, देश के साथ ही साथ सभी पहाड़ी रियासतों में भी (अंग्रेजों द्वारा स्थापित) प्रशासन व्यवस्था के विरुद्ध व्यापक असंतोष फैल चुका था और उन्हों ने हर क्षेत्र में हस्ताक्षेप व पक्षपातपूर्ण व व्यवहार शुरू कर दिया था । जिससे आम जनता में रोष फैलना स्वभाविक ही था।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

फिर इसी से लोगों में अंग्रेजों के प्रति विद्रोह की भावना जागृत हो उठी। दूसरी ओर शासक वर्ग भी अंग्रेजों की गुलामी व तानाशाही को सहन नहीं कर पा रहा था । ऐसा ही व्यवहार देश की सेना के साथ भी किया जा रहा था जिसमें उन्हें ईसाई बनने के लिए प्रेरित किया जाता था, फिर भला कैसे सेना में विद्रोह न होता? जनवरी 1857 को जिस समय सेना में एनफील्ड राइफल का चलन शुरू हुआ (जिसमें गाय व सूअर की चर्बी वाले कारतूस का ) जिसको लेकर 28 मार्च 1857 को बैरकपुर के एक सैनिक, मंगल पांडेय ने कारतूसों को प्रयोग करने के लिए आपत्ति जताई तो उसे फांसी की सजा सुना दी गई और इसी से देश भर में भयानक विद्रोह की चिंगारी भड़क उठी। इसके साथ ही साथ पहाड़ी क्षेत्र की छोटी छोटी रियासतों के राजाओं, सैनिकों व आम जनता द्वारा भी अंग्रेजी साम्राज्य का खुल कर विरोध किया गया तथा सब ने स्वधीनता संग्राम की इस लड़ाई में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस घटना के बाद, अंग्रेजों को यहां की जनता की देश भक्ति का आभास हो गया। बदले में उन्होंने कड़ी निगरानी के साथ ही साथ अपना व्यवहार भी भारतीयों के प्रति कठोर कर दिया। क्रांतिकारियों पर भी कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए गए।

अब क्रांतिकारी गतिविधियां देश के साथ ही साथ हिमाचल की पहाड़ी रियासतों में भी शुरू हो गई थीं। इन रियासतों के क्रांतिकारियों के आपसी तालमेल से ही क्रांति की गतिविधियों में



दिन-प्रतिदिन तेजी भी आनी शुरू हो गई और आपसी संबंधों के साथ गुप्त संदेशों का आदान प्रदान, घातक बमों का निर्माण, सरकारी खजानों की लूट पाट के तौर तरीके भी एक से दूसरे स्थान के क्रांतिकारियों तक आसानी से पहुंचने लगे थे। मंडी के क्रांतिकारियों की सूची में स्वामी कृष्णा नंद, भाई हिरदा राम, रानी खैर गढ़ी, पंडित गौरी प्रसाद, किशन चंद फतुरिया, तेज सिंह निधड़क व स्वामी पूर्णा नंद आदि नामों के साथ सैकड़ों नाम गिनाए जा सकते हैं, लेकिन आज जिस क्रांतिकारी की मैं चर्चा करने जा रहा हूं वे हैं, स्वतंत्रा सैनानी स्वामी कृष्णानंद जी। स्वामी कृष्णा नंद का जन्म मंडी शहर के पोस्ट आफिस रोड की खनक गली में स्थित श्री चुहरु राम के घर 6 मार्च 1891 में हुआ था।

इस होनहार बालक का बचपन का नाम हरदेव था। हरदेव ने दसवीं की परीक्षा होशियारपुर से अच्छे अंकों पास करने के बाद, शीघ्र ही दयानंद एंग्लो महाविद्यालय लाहौर में दाखिला ले लिया था, लेकिन एफए करने के पश्चात उन्होंने कॉलेज छोड़ दिया और कांगड़ा की गुरुदत्त डीएवी पाठशाला में अध्यापक का कार्य करने लगे, लेकिन पुनर्जागरण के प्रभाव से उनकी रुचि अध्यात्म की ओर होने लगी (स्वामी दयानंद जी के सत्य प्रकाश के अध्ययन से) तथा क्रांतिकारियों के कार्यों व भाषणों से प्रभावित हो कर, देश हित के लिए क्रांतिकारी कार्यों के बारे में चिंतन करने लगे। बेटे की बढ़ती खामोशी को देखते हुवे, मां-बाप ने शीघ्र ही हरदेव की शादी भी करवा दी, ताकि उसका मन लग जाए। इसी मध्य हरदेव के स्वामी सत्यदेव व निहाल सिंह के संपर्क में आने से पता चला कि अमेरिका में तो व्यक्ति अपनी पढ़ाई का सारा खर्च खुद ही काम करके निकाल सकता है। और फिर हरदेव अमेरिका जाने का विचार करने लगा तथा जाने के लिए उसने कुछ पैसे भी इकक्ठे कर लिए। फिर जून 1913 को 20 साल की उम्र में एक दिन उसने पढ़ाई व पैसा कमाने के लिए वह अमेरिका जाने वाले जहाज में बैठ गया। उसी जहाज में मंडी के लाला कांशी राम व एक अन्य पंजाब का व्यक्ति भी द्वितीय श्रेणी में अमेरिका के लिए सफर कर रहे थे, जब कि हरदेव अपने एक अन्य साथी (हज़ारा सिंह ) के साथ डैक पर था।

अगस्त 1921 के यंग इंडिया समाचार पत्र के अंकों में बहुत कुछ स्वामी जी के संबंध लिख कर उनका वास्तविक रूप उजागर किया था । आज स्वामी जी हमारी बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्वच्छ छवि, ऊंचा लंबा हृष्ट पुष्ट खद्दर के कुर्ते धोती बास्कट व सिर पर साफा धारण किया शरीर, आज भी मुझे उस छोटी सी मुलाकात से उनके व्यक्तित्व की याद को ताजा कर देती है। 16 सितंबर, 1974 को स्वामी जी लंबी बीमारी के कारण इस संसार को छोड़कर दूर चले गए । उस महान व्यक्तित्व व पुण्य आत्मा को मेरा शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधुनिकता के दौर में सनातन धर्म की पूजा-पद्धति पर बढ़ता संकट

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास अपने धार्मिक और आध्यात्मिक कर्तव्यों को पूरा करने के लिए समय नहीं है।

मंदिरों में जाने का रिवाज कम हो गया है और लोग अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन पूजा की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल सनातन धर्म की परंपरागत पूजा-पद्धति को कमजोर कर रही है, बल्कि इसके मूल सिद्धांतों से भी लोगों को दूर कर रही है। वर्तमान युग में अधिकांश लोग इतने व्यस्त हैं कि उनके पास अपने परिवार और व्यक्तिगत जीवन के लिए भी समय नहीं बचता, धार्मिक कार्यों के लिए तो दूर की बात है। नौकरी, व्यापार, और अन्य सांसारिक जिम्मेदारियों के बीच मंदिर जाने या व्यक्तिगत रूप से पूजा करने का समय निकालना कठिन हो गया है। यही कारण है कि लोग ऑनलाइन पूजा करवाने की ओर झुक रहे हैं, जहां वे बिना समय गंवाए एक पंडित से पूजा संपन्न करवाने का विकल्प चुनते हैं।



लेखक : अभिषेक शर्मा
जोगिंद्रनगर

ऑनलाइन पूजा एक आधुनिक सुविधा के रूप में उभर कर आई है, लेकिन इसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अधिकतर मामलों में, यजमान (जिसके लिए



पूजा करवाई जा रही है) स्वयं पूजा में उपस्थित नहीं होता। पंडितजी केवल नाम, गोत्र और संकल्प लेकर पूजा संपन्न कर देते हैं। कई बार पूजा का संकल्प वीडियो कॉल के माध्यम से कराया जाता है, जो कि शास्त्रों के अनुसार उचित नहीं माना जाता।

शास्त्रों में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यजमान को स्वयं पूजा में उपस्थित रहना चाहिए और संकल्प लेना चाहिए। आजकल अधिकतर पंडित भी शुद्ध शास्त्रीय विधि का पालन नहीं करते।

जाप करने की बजाए केवल हवन संपन्न कर दिया जाता है, जिससे पूजा का वास्तविक प्रभाव कम हो जाता है। कई स्थानों पर देखा गया है कि एक ही हवन कुंड में कई परिवारों की पूजा करवाई जा रही है, जबकि प्रत्येक यजमान के लिए अलग हवन कुंड होना चाहिए। सनातन धर्म में पूजा-पाठ केवल कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम भी है। जब पूजा विधि में लापरवाही बरती जाती है, तो इसका प्रभाव केवल व्यक्तिगत जीवन पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। हमारी परंपराएं धीरे-धीरे कमजोर हो रही हैं, और सनातन धर्म की गरिमा को नुकसान हो रहा है। स्वयं मंदिर जाने की आदत डालें। भले ही समय कम हो, लेकिन सप्ताह में एक बार मंदिर जाने का संकल्प लेना चाहिए। स्वयं पूजा करें, यदि पूर्ण विधि से पूजा करवाने का समय न हो, तो घर पर ही संक्षिप्त रूप से दीपक जलाकर भगवान का ध्यान करें। शुद्ध आचार्यों का चयन करें, यदि किसी पंडित से पूजा करवानी हो, तो सुनिश्चित करें कि वह शास्त्रों के अनुसार पूजा संपन्न कर रहा है। संस्कारों का प्रचार करें, परिवार और समाज में बच्चों को सनातन धर्म की परंपराओं से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में इनका पालन करें।

आज के दौर में पूजा को केवल एक औपचारिकता समझा जाने लगा है, जिससे इसकी आध्यात्मिक शक्ति कमजोर हो रही है। ऑनलाइन पूजा और अधूरी विधियों से भगवान को प्रसन्न करना संभव नहीं है। पूजा केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने की प्रक्रिया है, जिसे श्रद्धा और विधि-विधान से करना चाहिए। यदि हम अपनी संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को बचाना चाहते हैं, तो हमें स्वयं जागरूक होना होगा और सनातन धर्म की सही पद्धति को अपनाना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# अव्यवस्था के कारण 1983 में बनी थी सर्व देवता समिति

- महाशिवरात्रि महोत्सव में आजादी के बाद गरीबी बनी थी परंपराओं के निर्वहन में रोड़ा
- प्रेस सिंह ने संजोई परंपराएं

**होस्ट एंकर सीरीज का एपिसोड-19**




समिति के संस्थापक प्रेस सिंह ठाकुर से
**विशेष बातचीत**

अनिल शर्मा, मंडी

आजादी के वर्ष 1983 में लोग सूखी लकड़ियां एकत्र कर मंडी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में आ रहे थे। मैं इन दिनों मंडी में वकालत करता था, यहां आकर देखा तो बहुत से देवलु अपने अपने देवता के सामने अंगड़ू होकर बैठे थे। मेरे मन में इस गरीबी की अव्यवस्था को लेकर बवंडर उठ रहे थे। यह बात होस्ट एंकर सीरीज के 19वें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में सर्व देवता समिति के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष प्रेस सिंह ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि मेले में अव्यवस्था के खिलाफ बोलते हुए मुझे पंडित किशन चंद ने देख लिया। परिचय में उन्होंने कहा कि मैं इस कार्य में पिछले 20 वर्षों से लगा हूं, लेकिन अभी तक कामयाबी नहीं मिली है। मैंने एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव दिया, जिस पर उन्होंने अगले ही दिन देवलुओं की बैठक बुला दी, जिसे सौ से अधिक देवलुओं ने भाग लिया।

बैठक में तय हुआ कि एक कमेटी बनाई जाएगी, जो देवताओं को देवलुओं की सुविधाओं के लिए कार्य करेगी। इस पर सबसे कहा कि जिसके कारण यह बात सामने आई उसे ही प्रधान बना दो। तदोपरांत कमेटी बनी और मैंने उसका संविधान लिखना शुरू कर दिया। रजिस्ट्रेशन के लिए शिमला में अप्लाई किया गया और वर्ष 1984 में रजिस्ट्रेशन का सर्टिफिकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

## सांस्कृतिक संध्याएं शुरू

**सर्व** देवता समिति के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष प्रेस सिंह ठाकुर ने कहा कि मैंने इस मेले को धार्मिक रखने के साथ साथ सांस्कृतिक महत्व का बनाने के लिए भी संध्याएं शुरू करवाई। इस दौरान प्रशासन ने ईनाम रखे और हमने लोगों को कार्यक्रम देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उस समय संविधान में धार्मिक, सांस्कृतिक क्रिया करने वाले सदस्य हो सकते हैं, लेकिन मूल सदस्य देवताओं से संबंधित ही हो सकते हैं।

## फिर से शुरू हुई जलेब की प्रथा

**प्रेस** सिंह ठाकुर ने कहा कि राजाओं के समय जलेब होती थी, लेकिन बाद में जलेब नहीं निकल रही थी। उसके बाद जलेब का सिस्टम बनाया गया। श्रीराज माधव राय के साथ चलने के लिए कुछ देवताओं में झगड़ा होने लगा। इसके पश्चात उन्होंने मेले से दूरी बना ली। पगड़ियों के बारे में प्रेम सिंह ने बताया कि उस समय ऐसे सिफारिशी व्यक्ति आते थे, जो पगड़ियां ले जाते थे, बाद में उनका कोई पता नहीं रहता था।

## महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान कई साल चलता रहा संघर्ष

संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष प्रेस सिंह ठाकुर ने कहा कि महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान बारिश के कारण सब अस्त व्यस्त रहता था। हमें कामयाबी मिली वर्ष 1984 को 110 देवताओं मंडी पहुंचे। यहां आने पर हमें बहुत से देवलुओं ने बताया कि हम 30 साल बाद आए, तो कुछ ने बताया कि हम 20 साल बाद आए। तत्पश्चात काम चलता रहा और हम जनरल हाउस में बात रखते रहे। ऐसे में प्रशासन से तनातनी शुरू हो गई। वर्ष 1988 में दूरी के हिसाब से देवताओं को नजराना भेंट करने की बात प्रशासन ने मान ली। बहुत से देवताओं को छत्त मुहैया करवाई जाने लगी। उस समय कुछ ही देवताओं को राशन, तेल, मोमबती आदि मिलती थी, लेकिन अन्य देवताओं को कुछ नहीं मिलता था। इस पर हमने शहर के लोगों को जोड़ने की कोशिश की। सात दिनों में बारी बारी से धाम देने का क्रम बढ़ता ही गया।

# शिवरात्रि मेले में प्राकृतिक व पारंपरिक उत्पादों का स्वाद




**मंडी।** ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय मंडी शिवरात्री मेले में इस बार भी प्राकृतिक एवं पारंपरिक उत्पादों का स्वाद बरकरार रहा। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए रसायन मुक्त उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शनी के लिए पड्डल मैदान में स्टॉल लगाए जो आकर्षण का मुख्य केंद्र बना। स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार पाइन नीडल प्रोडक्ट्स, पत्तल की प्लेटें, सीरा, बडी, आचार, चटनी, शहद, केचुआ खाद और गर्म वस्त्रों की खूब बिक्री हुई। प्रदेश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से मेले का लुत्फ उठाने पहुंचे लोगों ने जाइका वानिकी परियोजना के स्टॉल पर उपलब्ध उत्पादों की जमकर खरीददारी की।

मेले के दौरान वन बल प्रमुख एवं परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक समीर रस्तोगी पहुंचे और स्वयं सहायता समूहों की मेहनतकश महिलाओं की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वानिकी परियोजना से जुड़ी महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। जिससे उनकी आर्थिकी भी मजबूत हो रही हैं। इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नन्द शर्मा, मुख्य अरण्य पाल वन वृत्त मंडी मृत्युंजय माधव, मुख्य अरण्य पाल कुल्लू संदीप शर्मा, वन मंडलाधिकारी सुकेत राकेश कटोच, वन मंडलाधिकारी मुख्यालय मंडी अमरीश शर्मा, वन मंडलाधिकारी जोगिंद्रनगर कमल भारती, वन मंडलाधिकारी मंडी वासु डोगर, एसीएफ सुकेत मुनीष रांगड़ा, सेवानिवृत हिमाचल प्रदेश वन सेवा अधिकारी वेद प्रकाश पठानिया समेत वन विभाग और वानिकी परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिवरात्रि महोत्सव में चल रहा अपना पुस्तकालय संग्रह अभियान

**मंडी।** अपना पुस्तकालय अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन मंडी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में पुस्तक दान अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान मेले के शुभारम्भ अवसर पर 27 फरवरी को शुरू किया गया था और मेले का समापन होने तक 5 मार्च तक चलाया जाएगा। इस अभियान में अभी तक 500 किताबें और 3500 रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर ने मंडी की जनता से इंदिरा मार्केट में स्थापित पुस्तक संग्रहण क्योस्क में अधिक से अधिक पुस्तकें दान करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास दान करने के लिए पुस्तकें नहीं हैं तो वह अपनी इच्छा अनुसार कुछ राशि भी दान कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम जितना ज्ञान बढ़ाएंगे और जितना बांटेंगे, उतनी ही हमारी नई पीढ़ी सशक्त होगी। एसडीएम ने कहा किताबें दान कर बनाओ अपनी मंडी की जनता को जानकार या फिर पच्चास सौ पांच सौ हजार रुपए दान करो स्वेच्छा अनुसार। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र के लिए चलाए जा रहे इस पुन्य कार्य के लिए कोई भी पुस्तकें दान कर अपना पुस्तकालय अभियान का सहभागी बन सकता हैं। उन्होंने कहा कि यहां से एकत्रित की गई पुस्तकें जिला के विभिन्न पुस्तकालयों में उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## रस्साकशी के पुरुष वर्ग में हिमाचल पुलिस विजेता

**मंडी।** छोटी काशी अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आज पड्डल मैदान में पुरुष व महिला वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिताएं आरंभ हो गई। पुरुष वर्ग में चार टीमों जबकि महिला वर्ग में कुल 13 टीमें भाग ले रही हैं। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला हिमाचल पुलिस व शिक्षा विभाग की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हिमाचल पुलिस की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में आज दो मुकाबले हुए जबकि अन्य मैच कल खेले जाएंगे।

## लोक वाद्य यंत्र व देवलू नाटी प्रतियोगिता संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



छोटी काशी अंतर्राष्ट्रीय महा शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में पड्डल मैदान में आयोजित लोक वाद्य यंत्र व देवलू नाटी प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई।

अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने लोक वाद्य यंत्र व देवलू नाटी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। लोक वाद्य यंत्र व देवलू नाटी प्रतियोगिता में 107 देवी-देवताओं के साथ आए देवलुओं ने अपना पंजीकरण करवाया, जिसमें से 94 ने लोक वाद्य यंत्र व 13 देवलू नाटी प्रतियोगिता में भाग लिया।

लोक वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में श्री देव छमाहूं खणी, बालीचौकी ने पहला, विष्णु मतलोड़ा ने दूसरा तथा श्री देव अजय पाल ने तीसरा स्थान हासिल किया जबकि नाटी प्रतियोगिता में श्री देव कश्यपी दैंत प्रथम, श्रीदेव सुहड़े का गहरी द्वितीय तथा श्री देव लक्ष्मी नारायण तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में मुरारी शर्मा, कृष्णा ठाकुर व जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी ने अपनी भूमिका निभाई।



महाशिवरात्रि महोत्सव 2025, में वॉयस ऑफ शिवरात्रि के ग्रैंड फिनाले में प्रस्तुत देती हुई एक कलाकार।

## स्कूली बच्चों की लोक नृत्य व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं

**मंडी।** शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर पड्डल मैदान में आज नर्सरी व केजी कक्षाओं के बच्चों की लोक नृत्य व फैंसी ड्रैस प्रतियोगिताएं करवाई गई। लोक नृत्य प्रतियोगिता में कुल 18 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सरस्वति विद्या मंदिर, महाजन बाजार, मंडी ने पहला, राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाल ने दूसरा जबकि सनातन धर्म विद्या मंदिर स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सरस्वति विद्या मंदिर, महाजन बाजार, मंडी प्रथम, राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाल, मंडी द्वितीय तथा एंग्लो संस्कृत मॉडल स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

## महाशिवरात्रि में देव कृपा




जय देव श्री धजाधारी बाबा गहरी बथेरी अमरगढ़ चौहार घाटी।




जय देव रज्जायण रियागढ़ी का गैहरी उत्तरशाल।



श्री देव बाढूबाड़ा बनायट रंधाड़ा सदर।




श्री देव गहरी कुटगढ़ गलू बरोट।




श्रीदेवी चामुंडा भगवती मोतीपुर दुदर छपौण मंडी।




वांश की अंबिका माता।

## न्यूज ब्रीफ

### लखदाता मंदिर कमेटी नरोला के प्रधान बने हंसराज



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** गांव नरोला के लखदाता मंदिर कमेटी के सदस्यों की महत्त्वपूर्ण बैठक प्रधान हरिमन की अध्यक्षता में की गई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें हंसराज वर्मा को सर्वसमिति से प्रधान तथा इसके साथ ही रोशन लाल शास्त्री को उपप्रधान चुना गया। बैठक में चुनाव के साथ अन्य मुद्दों पर जैसे की 3 जून को मंदिर की स्थापना दिवस को मनाने बारे में गतिविधियों तथा इसके साथ ही मंदिर के साथ लगती सराय भवन में एक शौचालय का निर्माण पर गहन चर्चा की।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसो. चच्योट का चुनाव 9 को

**सुनील शर्मा, गोहर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन चच्योट खंड के त्रिवार्षिक चुनाव आगामी 9 मार्च को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैल चौक में सुबह 11 बजे होंगे। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन खंड चच्योट के महासचिव दिले राम वर्मा ने बताया की चच्योट खंड के सभी सेवानिवृत्ति कर्मचारी 9 मार्च को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैल चौक में एकत्रित होकर संस्था के चुनाव में सहभागिता दर्ज करवाएं और चुनाव को पूर्ण करने में सहयोग दें ।

### शिवरात्रि महोत्सव में लगा पकौड़ों का भंडारा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को लेकर पूरी ऑयल्ज मिल्क ने अपने सरसों के शुद्ध पी मार्का तेल से पकौड़ों का भंडारा माता सिद्धकाली मंदिर के प्रांगण में लगाया। इस भंडारे का शुभारंभ नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने किया। मुख्यातिथि वीरेंद्र भट्ट को कंपनी प्रबंधक अनुराग ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव में हर साल पकौड़ों का भंडारा लगाना एक ऐतिहासिक कदम है। पूरी ऑयल्ज मीलज के मंडी प्रबंधक अनुराग ने कहा कि कंपनी की ओर से हर साल भंडारा लगाया जाता है।

### अधिवक्ता मनीष को सौंपी प्रवक्ता पद की कमान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने सरकाघाट मंडल भाजपा की जंबो कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए संजय गुलेरिया, ज्ञानचंद मीरा देवी राकेश शर्मा महामंत्री पद के लिए संदीप और आशीष शर्मा सचिव पद के लिए शिवचरण, सरोज कुमारी, शांता देवी, मीना देवी, प्रमिला देवी, प्रवक्ता मनीष कंवर, कोषाध्यक्ष कमलेश नेगी विशेष आमंत्रित सदस्य में खुद विधायक दिलीप ठाकुर, केएल राणा, कै. ज्योति सिंह, रणजीत सिंह शास्त्री, कै. विधि चंद, प्रेम कुमारी, अनिल चंद्र, रंगीला राम, नीलम परमार, अशोक, जबकि उर्मिला, सरिता, अशोक, कुसुम देवी, राजपाल चौहान, मीनाक्षी, गीता देवी, विमला, लता, ज्ञानचंद, प्रमिला देवी, कांता देवी, रामनाथ, रामलाल, जगदीश, विनोद शर्मा, हिम ज्योति, प्रभु दयाल, सुनीता देवी, देशराज, अजय कुमार, जगदीश चंद्र, जगदीश चंद्र, ममता कुमारी, दीप कुमार, कौशल्या देवी, शशि पाल, चंचल कुमार, रमेश कुमार, राजकुमार, दुनीचंद, विवेक शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य चुने गए है।

### पटवारियों की हड़ताल को मिला नंबरदार संघ का समर्थन

**कविता, पधर।** राजस्व विभाग के पटवारियों और कानूनगो द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर तहसीलों और पटवारखानों में साफ देखा जा सकता है। अब इस हड़ताल को नंबरदार जनकल्याण संघ का भी समर्थन मिल गया है, जिससे सरकार पर दबाव और बढ़ सकता है। नंबरदार संघ के पधर इकाई के अध्यक्ष संत राम, उपाध्यक्ष किरण चौहान और सचिव लाल चंद सकलानी ने सरकार से मांग की है कि वह पटवारियों और कानूनगो की मांगों को शीघ्र पूरा करे। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से पटवारघरों में ताले लटके हुए हैं।

### 31 तक जमा कर सकते हैं विशेष पथ कर : समरा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी गिरीश समरा ने बताया कि वाहन मालिकों को विशेष पथ कर जमा करवाने की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है । उन्होंने जिला मंडी के सभी मालवाहक वाहनों, टैक्सी-मैक्सी व कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बसों के मालिकों को सूचित किया है कि जिन्होंने आज तक वाहनों का विशेष पथ कर जमा नहीं किया है, वे संबंधित पंजीकरण और लाइसेंसिंग प्राधिकारी व क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जहां वाहन पंजीकृत है, के विशेष नीति के तहत छूट का लाभ लेने के लिए 31 मार्च, 2025 तक इसे जमा करवा सकते हैं।

# बिल के विरोध में वकीलों ने जलाई विधेयक की प्रतियां



अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एडवोकेट 2025 के विरोध में सरकाघाट बार एसोसिएशन का प्रदर्शन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। वकीलों ने न्यायालयों का बहिष्कार करते हुए सरकाघाट के सेंट्रल पार्क और लघु सचिवालय के बाहर अमेंडमेंट बिल की प्रतियां जलाकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया अधिवक्ताओं ने इस संशोधन को वकीलों की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि इस आंदोलन को राज्य स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमेटी के निर्णयों के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। यदि सरकार ने मांगों को नहीं माना, तो विरोध और तेज किया जाएगा।

## 6 को प्रदेशभर के वकील नड्डा को सौंपेंगे ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अधिवक्ता अधिनियम संशोधन 2025 के खिलाफ वकीलों ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार को चेताया कि इस संशोधन को वापस नहीं लिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हिमाचल प्रदेश राज्य अधिवक्ता समन्वयक के चेयरमैन एलआर नड्डा ने कहा कि 5 व 6 मार्च को अदालतों का बहिष्कार किया जाएगा। बार एसोसिएशन मंडी के प्रधान दिनेश सकलानी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को 6 मार्च को बिलासपुर में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# निगम प्रबंधन से वार्ता विफल सरकाघाट में गरजे ड्राइवर-कंडक्टर

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

एचआरटीसी ड्राइवर और कंडक्टर यूनियन की सरकार और निगम प्रबंधन के साथ वार्ता विफल हो गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। मंगलवार को सरकाघाट बस अड्डे पर यूनियन के सदस्यों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन कर सरकार और निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

यूनियन अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि सोमवार को संगठन के प्रतिनिधि शिमला में निगम प्रबंधन से मिले, लेकिन प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया कि उनके पास कर्मचारियों की मांगें पूरी करने के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं है। इस जवाब से नाराज यूनियन ने सरकाघाट में प्रदर्शन कर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

यूनियन ने सरकार को 6 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर तब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो अनिश्चितकालीन हड़ताल और चक्का जाम किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सरकाघाट चालक-परिचालक यूनियन के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## ड्राइविंग टेस्ट 11 व 20 मार्च को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत 11 व 20 मार्च को रत्ती पुल गड्डुल में ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। सभी अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट के लिए अपने फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। बिना फोटो, बिना फाइल तथा अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। 11 मार्च को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए 4 मार्च से जबकि 20 मार्च को होने वाले टेस्ट के लिए 13 मार्च को स्लॉट बुक किए जा सकते हैं।

# मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के 14 छात्र पैथ लैब्स में देंगे सेवाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी के 14 छात्र भारत की प्रतिष्ठित पैथ लैब्स डॉ. लाल पैथ लैब्स, एजिलस डायग्नोस्टिक्स व डॉ. टी भसीन लैब्स में नौकरी के लिए चयनित हुए हैं। अभिलाषी विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डॉ. शैम्पी दुग्गल ने बताया कि छात्रों का चयन टेक्निकल व एचआर राउंड के बाद किया गया।

इस प्लेसमेंट ड्राइव में डॉ. टी भसीन लैब्स द्वारा बीएससी एमएलटी से पलक, साक्षी, रोमा, मुस्कान, तमन्ना, मीनाक्षी, अर्पित, रिया, एजिलस डायग्नोस्टिक्स द्वारा आकाश, मेडीक्योर पैथ लैब द्वारा ललिता, धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज द्वारा अभिषेक कुमार, डॉ. लाल पैथ लैब्स द्वारा ईशा, अर्पित व प्रीति को चयनित किया गया। अभिलाषी विवि के वाइस चांसलर प्रोफेसर एचके चौधरी ने छात्रों के चयन पर खुशी व्यक्त की।

इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर आदि ने बधाई दी है।

# प्रशासनिक स्तर पर होगी 'मिसेज हिमाचल' प्रतियोगिता

- महिलाएं 5 मार्च तक कर सकती हैं आवेदन

उमेश, सुंदरनगर

मंडी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रशासनिक स्तर पर एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण को लेकर आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में रिवालसर और सुंदरनगर में पहली बार 'मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता' का आयोजन किया जाएगा।

बता दें कि सुंदरनगर में राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला और रिवालसर में छेश्चू मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें पूरे हिमाचल से महिलाएं भाग ले सकती है और इसका शुल्क एक हजार रुपए रहेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महिलाएं 5 मार्च तक आवेदन कर सकती हैं। प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागी को इनाम के तौर पर 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। जानकारी देते हुए एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन तीन कैटेगरी को लेकर किया जाएगा। प्रतियोगिता के फाइनल में महिलाओं का सुंदरनगर में एक ग्रूमिंग राउंड 6 और 7 मार्च भी आयोजित किया जाएगा।

## विश्व वन्यजीव दिवस पर छात्रों ने हासिल की वन्यजीवों की जानकारी

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय में जीव विज्ञान विभाग द्वारा बायो क्लब के अंतर्गत विश्व वन्यजीव दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर प्रिंसिपल एमएलएसएम कॉलेज डॉक्टर कामेश्वर कुमार एवं मुख्य वक्ता तथा खास अतिथि के तौर पर डीएफओ कुल्लू राजेश शर्मा उपस्थित रहे। इस उपलक्ष पर मुख्य वक्ता डीएफओ कुल्लू राजेश शर्मा ने जीव विज्ञान विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न वन्यजीवों के विषय में जानकारी दी।

बायो साइंस की विभागाध्यक्षा डॉ. किरण चौहान ने मुख्य वक्ता डीएफओ राजेश शर्मा को वन्यजीवों के संरक्षण के लिए जानकारी देने के लिए धन्यवाद दिया।



**राहत** बादल फटने से सड़क मार्ग का बड़ा हिस्सा बना नाला, बस सुविधा बंद

# बरोट-मियोट सड़क यातायात के लिए बहाल

रूपी ठाकुर, बरोट

भारी बारिश के कारण 28 फरवरी से अवरुद्ध हुए बरोट-मियोट लगभग 9 किलोमीटर सड़क मार्ग को लोक निर्माण विभाग ने यातायात के लिए बहाल कर दिया है। जिस कारण खलैहल पंचायत के मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़ तथा झरवाड़ गांवों के लोगों ने कुछ राहत की सांस ली है, लेकिन बरोट-मियोट सड़क मार्ग पर लोगों को बस की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

28 फरवरी की सुबह जीरो प्वाइंट नाले में बादल फटने से बरोट-मियोट सड़क मार्ग का बहुत बड़ा -हिस्सा नाला बन गया है साथ ही जीरो प्वाइंट नाले पर बनी दोनों पुलियों को भी नुकसान पहुंचा है। जिस कारण उस सड़क के भाग को ठीक करने में विभाग को समय लगेगा।

बता दें कि बरोट बाजार, ठंडी गुलाई से जीरो प्वाइंट से होते हुए विभाग ने दूसरी ओर से बरोट-मियोट सड़क मार्ग को छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया है। वहीं दूसरी ओर छोटाभंगाल घाटी के मुल्थान-बडाग्रां 16 किलोमीटर सड़क मार्ग यातायात के लिए बहाल होने से बड़ाग्रां, कोठी कोहड़, धरमाण तथा मुल्थान पंचायतों के लोगों को बारिश के पांच दिन बाद भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही हाल मुल्थान-लोहारड़ी 6 किलोमीटर सड़क मार्ग को भी लोकनिर्माण विभाग अभी तक बहाल नहीं कर पाया है। जिस कारण लुआई, स्वाड़ तथा पोलिंग पंचायतों के लोग भी भारी परेशानी झेल रहे है। दोनों सड़क मार्गों में मलवा तथा बादल फटने से लोक निर्माण विभाग को सड़क मार्ग की बहाली में देरी हो रही है।

## विद्युत आपूर्ति को बहाल करने में कर्मचारी जुटे

**विद्युत** विभाग के उपमंडल बरोट के सहायक अभियंता राहुल ठाकुर का कहना है कि विभाग के कर्मचारी बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को बहाल करने में गत चार दिनों से ही पूरी तरह से जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार शाम तक हर गांवों में विद्युत आपूर्ति को पूरी तरह से सुचारू कर दिया जाएगा।

**पेयजल व्यवस्था होगी सुचारू**

**जल** शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता विजय वर्मा ने बताया कि छोटा भंगाल घाटी के एक-दो गांवों के छोड़कर सभी गावों में पेयजल व्यवस्था को ठीक कर दिया गया है शेष रहे गांवों में भी पेयजल व्यवस्था को पूरी तरह से सुचारू कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# पटेल विश्वविद्यालय मंडी में प्रदर्शनी का चंद्रशेखर ने किया अवलोकन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अंतराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला मंडी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की प्रदर्शनी का अवलोकन चंद्रशेखर विधायक धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र एवं विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद सदस्य ने किया।

कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील ठाकुर अधिष्ठाता,योजना एवं विकास, प्रदर्शनी समन्वयक डॉ. राकेश कुमार, सहायक आचार्य विकेश व अधीक्षक दीपक पुरी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अर्न वाईल यू लर्न योजना के अंतर्गत राहुल, सुरेखा, वेद प्रकाश, रोहित, दीपक, शुभम, साहिल, शिवम, अंकित, डिंपल, भुवनेश्वरी, खुशबू व कैलाश को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### दो माह में चिंतपूर्णी मंदिर में चढ़ा 4.5 करोड़ का चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में जनवरी और फरवरी माह में चढ़ावे की राशि का खुलासा हुआ है। वित्त एवं लेखा अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि जनवरी माह में 2 करोड़ 24 लाख 88796 रुपए का चढ़ावा हुआ, जबकि फरवरी माह में 2 करोड़ 22 लाख 63758 रुपए का चढ़ावा हुआ। जनवरी और फरवरी माह के चढ़ावे में अंतर देखने को मिला है। जनवरी माह में फरवरी माह के मुकाबले लगभग 2 लाख 25038 रुपए अधिक का चढ़ावा हुआ। दो माह का कुल कुल चढ़ावा 4 करोड़ 47 लाख 52554 रुपए का है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जनवरी माह में फरवरी माह के मुकाबले तीन दिन अधिक होते हैं। इस जानकारी से पता चलता है कि माता चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या और चढ़ावे की राशि में कोई कमी नहीं आई है। बल्कि, यह दर्शाता है कि माता के प्रति श्रद्धालुओं की भक्ति और समर्पण में कोई कमी नहीं है।

### हरिद्वार-ऊना मेमू पैसेंजर की समयसारिणी बदली जाए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा गाड़ी संख्या 64511 हरिद्वार से ऊना (हिमाचल) के बीच चलने वाली पैसेंजर रेलगाड़ी की समयसारिणी में परिवर्तन किए जाने की मांग रेलवे पोर्टल के माध्यम से उठाई गई हैं। यह रेलगाड़ी रोजाना हरिद्वार से तड़के सुबह साढ़े चार बजे ऊना हिमाचल के लिए प्रस्थान करती हैं। उन्होंने बताया कि यह रेलगाड़ी ऊना हिमाचल से हरिद्वार रात्रि 9 बजे पहुंचती है, ऐसे में तीर्थ यात्री रात में गंगा स्नान नही कर पाते हैं। अगर यह रेलगाड़ी सुबह साढ़े चार की बजाए साढ़े पांच बजे रवाना होती हैं तो तीर्थयात्री ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करके वापस लौट सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारी आस्था का विषय हैं। उन्होंने मुरादाबाद रेलवे मंडल से अनुरोध किया है कि वे इस विषय पर विचार-विमर्श जरूर करें ताकि हिमाचल प्रदेश और पंजाब के तीर्थयात्रियों को राहत मिले। गत वर्ष अरुण कौशल द्वारा ही इस रेलगाड़ी के हरिद्वार तक विस्तार की मांग अंबाला छावनी मंडल से की गई थी। पहले यह पैसेंजर ट्रेन ऊना हिमाचल से सहारनपुर तक चलाई जाती थी।

### संजय को बेहतर सेवाओं के लिए किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारतीय जीवन बीमा निगम में 34 वर्ष लंबी सराहनीय सेवाओ उपरांत 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रहे वरिष्ठ विकास अधिकारी संजय कुमार अरोड़ा को पालमपुर शाखा के विकास अधिकारियों द्वारा स्थानीय होटल में भावभीनी बधाई देते हुए नेशनल फेडरेशन ऑफ इन्शुरन्स फील्ड वर्कर्स ऑफ इंडिया पालमपुर शाखा की तरफ से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें फूलमालाएं, शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संजय कुमार अरोड़ा विभिन्न सामाजिक संस्थओं से भी जुड़े हैं और सामाजिक गतिविधियों में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस अवसर पर एलआईसी सेवानिवृत्त विकास अधिकारी राजेश्वर सिंह लोहिया, विकास अधिकारी संजीव गोयल, मनोज कंवर, नानक चंद ठाकुर, संजीव दरोच, राजेश कुमार, आयुष व्यास, प्रतीक बस्सी, मनीष राणा, दीपांकर निशांत, विजय कुमार, संदीप कुमार व रविंद्र कुमार इस विदाई समारोह में उपस्थित रहे।

### लठियाणी घाट पर अव्यवस्था, उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के लठियाणी वार्ड से बीडीसी सदस्य एवं भाजपा नेता जोगेंद्र देव आर्य ने कहा कि गोबिंदसागर झील पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन टूरिज्म और प्रशासन की अनदेखी के कारण यहां आने वाले पर्यटकों और स्थानीय नाव चालकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने इस स्थिति पर गंभीर सवाल उठाते हुए टूरिज्म और स्थानीय प्रशासन से जवाब मांगा है। जोगेंद्र देव आर्य ने कहा कि बंगाणा के लठियाणी घाट पर नाव सेवाओं की कोई स्पष्ट समयसारिणी नहीं होने के कारण यात्रियों को असमंजस का सामना करना पड़ता है। जोगेंद्र देव आर्य ने बताया कि बार-बार मांग करने के बावजूद यहां कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को असुविधा होती है। इस झील के सहारे पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है और सरकार को भी अच्छा राजस्व प्राप्त हो रहा है। बावजूद इसके, यहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है।

### पटवारी-कानूनगो संघ की हड़ताल को दिया समर्थन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** खड्ड पंचायत प्रधान वीरेंद्र हीर ने पटवारी-कानूनगो की अनिश्चितकालीन कलम छोड़ो हडताल को समर्थन दिया और कहा कि सरकार खुद आक्सीजन पर चल रही है। विकास की बजाए प्रशासन को प्रेशर से चलाने का प्रयास कर रही है। जनता के विकास कार्य न करके समाज को गुमराह कर रही है। कांग्रेस सरकार को चाहिए हड़ताल को समाप्त करवा कर विकास करवाया जाए। पटवारी, कानूनगो कैडर स्टेट कैडर न करके जिला कैडर ही रखा जाए। खड्ड पंचायत हड़ताल को समर्थन करती है। ईसपुर डिवीजन में खड्ड पंचायत प्रधान, उपप्रधान रविंद्र मौजूद रहे।

### रायपुर पशु अस्पताल में 40 पशुओं का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के रायपुर स्थित पशु अस्पताल में पशु पालन विभाग मंडल बंगाणा द्वारा पशु पालन विभाग के सहायक निदेशक परियोजना डॉ. दिनेश परमार के नेतृत्व में उपमंडलीय पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश जंगा द्वारा पशु चिकित्सालय रायपुर मैदान में पशुधन विकास बोर्ड के सौजन्य से पशु बांझपन एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इलाके के बांझपन से ग्रसित 40 पशुओं का पशु विशेषज्ञ डॉ निशांत रनौत द्वारा निरीक्षण व इलाज किया गया। इस शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी लठियांनी डॉ अभिनव राणा ने पशु पालकों को बछड़ी पालन व पशुओं के बेहतर रख रखाव के टिप्स दिए तथा डॉ दीपिका ने 1962 कॉल हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दी।

### नशा माफिया के खिलाफ बनेगी संघर्ष समिति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बीते कुछ वर्षो से हिमाचल प्रदेश में सक्रिय नशा माफिया के कारण नौजवानों की बेशकीमती जानें जा रही हैं और सरकार का ढुलमुल रवैया चिंता विषय है। कुटलैहड़ सेवा संगठन के संयोजक व पूर्व भाजपा मंडलाध्यक्ष चरणजीत शर्मा व बाबा रुद्रानंद संगठन के संयोजक एवं पूर्व जिला परिषद सोमदत्त ने यह बात कही है। उन्होंने कहा है कि बढ़ती नशाखोरी की समस्या हिमाचल प्रदेश के भविष्य को गर्त में धकेल रही है और जिला ऊना आपराधिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है, जिससे आम जनता में डर का माहौल है।उन्होंने कहा है कि जल्द ही इस समस्या को लेकर एक संघर्ष समिति बनाकर समाज में नशे के खिलाफ जनजागरण की मुहिम चलाई जाएगी।

# दसवें दिन नहर ने उगला जिया का शव

## देह के हालात देख उठे कई सवाल, युवती से दोस्ती की आखिर यह कैसी सजा?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नंगल/ ऊना**

ऊना शहर के सात लगते अपर अरनियाला गांव निवासी हरदीप उर्फ जिया का शव 10 दिन बाद नंगल नहर ने उगला है। मुख्य आरोपी वंश ने जो जगह बताई थी, उससे करीब आठ किलोमीटर दूर बहकर यह शव निकल चुका था, जो कि निकटवर्ती गांव गंभीरपुर के सूरेवाल माजरा के निकट भाखड़ा नहर से बरामद हुआ है। हरदीप के शव को तलाशने के लिए बीते दो दिनों से नहर में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा था।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

मंगलवार सुबह गोताखोर कमलप्रीत सैनी की टीम को ग्रामीणों ने जानकारी दी कि एक शव पानी के साथ बहता हुआ जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कमलप्रीत सैनी की टीम ने नहर के बीचों बीच पानी के साथ बह रहे शव को किनारे लाकर बांध दिया। मौके पर उपस्थित पुलिस जवानों ने इसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद थाना सदर ऊना के प्रभारी इंस्पेक्टर गौरव भारद्वाज मौके पर पहुंचे और शव को शिनाख्त के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए टांडा भेज दिया। पुलिस ने मौके से पानी के सैंपल भी एकत्रित किए हैं।

**खामोश शव ने कई सवाल किए खड़े :** बेशक पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, लेकिन खामोश शव ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। थाना सदर ऊना के प्रभारी गौरव भारद्वाज ने कहा कि हरदीप के पहने कपड़े और उसके कंधे पर दराट से किए हमले के बाद बने जख्मों से उसकी पहचान परिवार ने भी कर ली है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के सुपुर्द किया जाएगा। इस मामले में अधिकांश सबूत जुटाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही और आरोपियों के तीन दिनों के और पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी।

**आरोपी बोले-गला घोंटकर की है हत्या :** आरोपियों से पूछताछ के दौरान ये खुलासा हुआ कि हरदीप उर्फ जिया की बेल्ट से गला घोंटकर हत्या की गई और उसकी लाश को नंगल से आनंदपुर साहिब जाती नहर में फेंक दिया गया था। 19 साल के युवक हरदीप सिंह उर्फद जिया ऊना शहर के पास के गांव अप्पर अरनियाला का रहने वाले था। अब जिया के शव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जांच में होगा खुलासा :** दस दिनों के बाद ऊपर आए शव का कारण उसके नहर में फेंकने के समय जीवित होने का भी प्रमाण दे रहा है। हालांकि आरोपियों ने अपनी तरफ से उसे मौत दे दी थी।

क्यास लगाए जा रहे हैं कि उसके नाक से बहने वाला खून उसके सिर पर चोट लगने से मौत हो सकती है। क्या नहर में सिर के बल उसे पटका गया था या कोई प्रहार किया गया था यह जांच में ही पता चल पाएगा। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहन छानबीन करके आगे बढ़ रही है।

**प्रेमिका ने जिया को धोखे से बुलाया था**

बता दें कि 23 फरवरी को हरदीप उर्फ जिया को उसकी प्रेमिका किशोरी ने धोखे ले बुलाया था। जहां उसे बुलाया गया वहां पहले से ही उसके साथ दोहरे प्रेम प्रसंग के कारण रंजिश रखने वाले युवक मौजूद थे। उन्होंने वहीं जिया को काबू करके मौत का खेल खेलना शुरू कर दिया था। 26 फरवरी को एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने 27 फरवरी को देहलां निवासी तरनजीत सिंह और रायपुर सहोड़ा के निवासी मनप्रीत सिंह नाम के दो युवकों को जिले के अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार भी कर लिया। अगले ही दिन फरार चल रहा इस घटना का मुख्य आरोपी वंश उर्फ बंटू और नाबालिग किशोरी को भी हिमाचल प्रदेश के ही किसी शहर से पकड़ा गया।

# योगराज को मिली लोअर चिंतपूर्णी भाजपा मंडल की उपाध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपतहसील जोल में अम्बेहड़ा रामकिशन से संबंध रखने वाले भाजपा नेता महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी को लोअर चिंतपूर्णी भाजपा मंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया।



अपनी इस नियुक्ति पर योगराज जोगी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, ऊना भाजपा के जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, जिला ऊना भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक बलबीर सिंह, ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमित शर्मा, चिंतपूर्णी भाजपा लोअर मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा, चिंतपूर्णी भाजपा अप्पर मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, पूर्व चिंतपूर्णी मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, महामंत्री चिंतपूर्णी अप्पर मंडल कुलदीप सिंह ठाकुर, प्रवक्ता महेश मेहता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष जयदेव खट्टा, जिला महामंत्री राजकुमार पठानिया, शंभू गोस्वामी, बशीर खान व पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया।

योगराज जोगी ने कहा कि उन्हें चिंतपूर्णी भाजपा मंडल में उपाध्यक्ष बनाए जाने से संगठन में उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि वह पिछले काफी समय से भारतीय जनता पार्टी के लिए अनेक दायित्वों पर काम कर रहे थे, लेकिन अब मंडल उपाध्यक्ष के पद पर दायित्व मिलने से उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है।

उन्होंने लोअर चिंतपूर्णी भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को आश्वासन दिया है कि वह इस दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और पार्टी को मजबूत करने के लिए बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के चिंतपूर्णी मंडल के उपाध्यक्ष बनने से गौरव महसूस हो रहा है और वह संगठन को एकजुट और मजबूत करेंगे।

## आयुक्त की अपील: नगर निगम ऊना को सजाने-संवारने में आगे आएं निजी समूह

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने नगर निगम क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए निजी समूहों और औद्योगिक इकाइयों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत चौक-चौराहों, खंभों की सुंदर लाइटिंग और साज-सज्जा में उद्योग, संगठन व निजी समूह अपना योगदान दें, ताकि ऊना नगर निगम क्षेत्र की सुंदरता एक मिसाल बन सके।

**निगम क्षेत्र में सौंदर्यीकरण की योजना :** गुर्जर ने कहा कि नगर निगम ऊना सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए क्षेत्र के सौंदर्यीकरण तथा उसे आकर्षक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पोल्स पर तिरंगा लाइटिंग और अन्य सजावटी उपायों को अपनाने की योजना बनाई जा रही है, जिसके लिए जनसहयोग की आवश्यकता है। विशेष रूप से औद्योगिक इकाइयों से इस प्रयास में योगदान देने की अपेक्षा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में शहर की सफाई व्यवस्था, सड़कों के सुधार, जल निकासी इत्यादि के कई महत्वपूर्ण कार्य जोरों से किए जा रहे हैं।

शहर में पार्कों और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम अब चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों को और अधिक आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

**सहयोग के लिए यहां करें संपर्क**

जो भी उद्योग, संगठन या निजी समूह इस पहल में भाग लेना चाहते हैं, वे नगर निगम आयुक्त कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक पक्ष अतिरिक्त उपायुक्त के कार्यालय दूरभाष नंबर 01975-225188 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## शराब तस्करी का एक आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सोमवार देर रात को पुलिस ने शीतला मंदिर के समीप रणिये दी हट्टी में एक बड़ी शराब तस्करी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चंडीगढ़ नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी सीएच 04जे 1414 से 34 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी है, जिसमें 17 पेटी रॉयल स्टैग, सात पेटी बैगपाइपर और 10 पेटी बियर थंडर बोल्ट शामिल हैं, लेकिन गाड़ी का ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने इस शराब के जखीरे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

इस ऑपरेशन को मोईन चौकी इंचार्ज संजीव ठाकुर और डाडासीबा चौकी इंचार्ज रवि दत की संयुक्त नाकेबंदी के दौरान अंजाम दिया गया था। पुलिस ने बताया कि इस बड़े मामले की जांच की जा रही है। इस बात की पुष्टि डीएसपी देहरा अनिल ठाकुर ने की तथा बताया कि बारिस बंता पुत्र मदनलाल गांव व डाकखाना भवारना तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा को गिरफ्तार किया गया है और कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं।

## सोलहसिंगी धार में चोरों ने घर के ताले तोड़कर की चोरी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की सोहलासिगीं धार के स्थित पिपलू में चोरी का मामला सामने आया है जिसमें एक घर को निशाना बनाया है। इस घटना में घर में लगभग चार कमरों के ताले तोड़े गए हैं और अलमारी, बेड, पेटी, संदूक, रसोई सभी जगह आराम से चोरी को अंजाम दिया गया है। घर के सभी सदस्य बाहर रहते हैं जिनमें बड़ा बेटा मनु शर्मा वायुसेना में चंडीगढ़ में कार्यरत है और अपनी माता, पत्नी व परिवार सहित रहता है। दूसरा बेटा रघु शर्मा भी अपने परिवार सदस्यों सहित बद्दी यूनिवर्सिटी में रहते हैं, इसलिए घर पर कोई नहीं था। दोनों परिवार सदस्य छुट्टी वाले दिन घर आते हैं।

वहीं, पर पता चला है कि रविवार सुबह बाहर का मेन दरवाजा बंद था परंतु सोमवार दोपहर को जब चोरी वाले घर के समीप लोगों ने पाया कि घर के ताले टूटे हुए हैं तो उन्होंने इसकी सूचना बंगाणा पुलिस को दी। पिपलू से बीडीसी सदस्य राजकुमार मनकोटिया का कहना है कि इस क्षेत्र में कुछ बाहरी लोग आते रहते हैं। ऐसे लोगों पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए जो बिना जांच पड़ताल के ऐसे लोगों को शरण देते हैं। जिस घर में चोरी हुई, उनका बड़ा बेटा एयरफोर्स में तथा छोटा बेटा बद्दी यूनिवर्सिटी में सेवाएं दे रहे हैं। परन्तु इसका खुद का घर ही सुरक्षित नहीं है। स्थानीय लोगों ने इस मामले में चोरी के मामले में जांच तथा घटना को अंजाम देने वाले लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस थाना प्रभारी रोहित चौधरी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। घर से काफी कीमती सामान चोरी हुआ है। परिवार सदस्यों के आने के बाद ही पूरी घटना की रिपोर्ट तैयार की जा सकती है। इस मामले से संबंधित जो भी लोग पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

## पटवारी-कानूनगो के स्टेट कैडर के निर्णय पर पुनर्विचार हो : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** स्टेट कैडर बनाए जाने से खफा प्रदेश के पटवारी हड़ताल पर हैं, इस मुद्दे पर विपक्ष भी सरकार पर निशाना साधे हुए है। पूर्व मंत्री व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने भी इस निर्णय पर सरकार को पुनर्विचार करने की नसीहत दी है।



उन्होंने कहा कि आज तक पटवारियों का सर्किल या जिला कैडर ही रहा है और अब सरकार को ऐसा क्या अविश्वास हो गया कि इसमें बदलाव की आवश्यकता आ पड़ी है। उन्होंने कहा कि पहले ही एक-एक पटवारी के पास 4-4 सर्किल का कार्यभार है और इस समय विभाग में बहुत से पद रिक्त पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले रिक्त पदों को डिवीजन के आधार पर रेशनलाइज करके नए पद सृजित करके रिक्त पदों को भरने की चिंता करनी चाहिए।

## बीमारियों की रोकथाम पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** महिला मंडल बल्ह हिमाचल प्रदेश की बैठक प्रधान मोनिका रानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महिलाओं ने विभिन्न तरह की मौसम पर आधारित बीमारियों के बारे में चर्चा की। महिला मंडल बल्ह की महिलाओं ने अलग-अलग विचार रखे। इस दौरान टीबी, कैंसर, हार्ट अटैक आदि से बचाव के लिए जो उपाए बताए गए। इसके अलावा फसलों में बेतहाशा जहरीले दवाइयां का उपयोग न किया जाए, फैसला लिया। इस अवसर पर नीलम कुमारी, किरना देवी, मोना रानी, ज्योति देवी, कल्पना देवी और शुभलता, निर्मला मौजूद रहीं।

## आज बल्ह में आयोजित होगी कृषि गोष्ठी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बुधवार को कृषि विभाग कृषि विकास खंड ऊना के सौजन्य से किसान गोष्ठी और फूड फेस्टिवल का आयोजन बल्ह पंचायत में किया जा रहा है, जिसके विधायक विवेक शर्मा मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी कृषि अधिकारी बंगाणा सतपाल धीमान ने दी।

## अंब कॉलेज के मेधावियों का विधायक ने किया सम्मान

**विवेक शर्मा, अंब**



महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शिरकत की। उन्होंने देवी मां सरस्वती के चरण कमलों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने इस दौरान कहा कि शिक्षा ही है, जो विद्यार्थी को एक सभ्य नागरिक बनाती है। हर विद्यार्थी को अपना लक्ष्य निर्धारित कर पूरी मेहनत व लगन से कार्य करना चाहिए। जीवन में सफल होने के लिए समय का सदुपयोग करना जरूरी है। महाविद्यालय में समय-समय पर करवाये जाने वाले कार्यक्रम ही उनके भीतर छिपी हुई प्रतिभा को बाहर लाने में मददगार साबित होते हैं।

मुख्यातिथि ने छात्रों से आग्रह किया कि उन्हें नशे से दूर रहना चाहिए, यदि इस तरह की गतिविधियों में कोई सम्मिलित हो तो उसके बारे में तत्काल प्रशासन को जानकारी देनी है जिससे बच्चों का भविष्य बर्बाद न हो। इस दौरान मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर तथा राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त महाविद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

उन्होंने सभी विद्यार्थियों के मंगल भविष्य की कामना करते हुए समारोह की संपन्नता पर शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुटे महाविद्यालय परिवार का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने महाविद्यालय वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर गतवर्ष में महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत करवाया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा दर्शकों का समय बांधा गया।

इस अवसर पर पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष एडवोकेट विकास कश्यप, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, रितेश शर्मा, पीटीए प्रधान रविंद्र बंसल, सह-सचिव संजय कुमार, प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. सतपाल, प्रो. सुखदेव, प्रो. अमित कुमार शर्मा, डॉ. नितिन कुमार शर्मा, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. कृष्णा, प्रो. अजय, प्रो. अनय, डॉ. कुमारी सुजाता, प्रो. सुरेता, डॉ. पवन पटियाल, प्रो. जमीत, डॉ. राजेश, डॉ. अरुण, डॉ. रजनीश, प्रो. अनिल वर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल बीत का किया मंडल अध्यक्ष अनूप राणा ने विस्तार

**अनंत ज्ञान, हरोली**

भाजपा मंडल बीत ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर लिया है। मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार छेत्रा ने अनूप राणा (बाथड़ी), रणजीत सिंह गागो (पुबोवल), संयोगिता देवी (ललड़ी), धर्मेंद्र राणा (सिंगा) को उपाध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही अमन भारद्वाज (गोंदपुर बुल्ला), जतिंद्र सिंह सोढी (पुबोवाल) को महामंत्री की जिम्मेदारी दी है।


अशोक कुमार ने कहा कि नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। उन्होंने बताया कि भाजपा मंडल का कोषाध्यक्ष शिव कुमार (ललड़ी) को बनाया है। इसके अलावा सुनीता देवी (नंगल खुर्द), अंजना देवी (पालकवाह), दिलबाग सिंह सेठी (कर्मपुर), पुष्पा देवी (बाथू), भारत भूषण (सिंगा) को सचिव, चरण सिंह ठाकुर (पालकवाह) को कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी दी है। नितीश कुमार (बाथू) को भाजपा मंडल का मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता गुरविंद्र सिंह खेपड़ (बीटन), आईटी संयोजक गौरव कुमार (बाथड़ी), आईटी सह-संयोजक पूनम (दुलैहड़), सोशल मीडिया संयोजक अनूप शर्मा (नंगल खुर्द), सोशल मीडिया सह-संयोजक जोगिंद्र पाल (कुठारबीत) को बनाया है।

इसके अलावा मंडल कार्यकारिणी में प्रो. राम कुमार (पालकवाह), कुलविंद्र सिंह राणा (बाथू), अर्जुन सिंह (टाहलीवाल) स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे। इसके साथ ही कर्ण प्रभाकर, शुभ अग्निहोत्री, कृष्णा देवी, शिव कुमार, अश्वनी कुमार, विनोद कुमार, हीरा देवी, शकुंतला चौधरी, दौलत राम, राकेश कुमार और अन्य कई कार्यकर्ता कार्यकारिणी में शामिल किए गए हैं। अशोक कुमार छेत्रा ने कहा कि यह नई कार्यकारिणी संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका देने के उद्देश्य से गठित की गई है।

## सेवानिवृत्त 1.95 लाख कर्मचारियों को नहीं मिली पेंशन : वशिष्ट

**बोले-सरकार को भुगतने होंगे गंभीर परिणाम**

**अनंत ज्ञान, ऊना**



कांग्रेस सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित हर वर्ग को अनदेखा कर रही है। यह बात भारतीय जनता पार्टी सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने कही। उन्होंने कहा कि अभी तक 1.95 लाख कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल पाई है। हालांकि इससे पहले भाजपा सरकार के समय कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पहली तारीख को वेतन व पेंशन मिलती रही है। सरकार लगातार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। इसका खामियाजा कांग्रेस सरकार को भुगतना होगा।

राजीव वशिष्ट ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग को ठगा है। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर वेतन व पेंशन न दी गई तो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा। वहीं, पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन अगर संघर्ष का रास्ता अपनाता है तो भाजपा सेवानिवृत्त प्रकोष्ठ के कर्मचारी उनको पूरा समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में कर्मचारी भी हताश है। प्रदेश सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों व कर्मचारियों के एरियर का भुगतान नहीं कर पाई है, जिससे कर्मचारियों व सेवानिवृत्त कर्मचारियों में काफी रोष पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार एक के बाद एक गलत निर्णय लेकर लोगों को परेशान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार कह रही है कि हिमाचल में बजट की कोई कमी नहीं है, दूसरी तरफ हर वर्ग पर नए-नए टैक्स लगाकर मुश्किल में डालने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में प्रदेश व ऊना जिले में विकास ठप होकर रह गया है।

**आयोजन** एसडीएम ने 7 से 17 मार्च तक होने वाले मैड़ी मेले में सुरक्षा और व्यवस्था प्रबंधों को लेकर की समीक्षा बैठक

# सुचारु व्यवस्था के लिए मेला क्षेत्र 10 सेक्टरों में विभाजित

**अनंत ज्ञान, ऊना/अंब**

उपमंडल अंब के मैड़ी में 7 से 17 मार्च तक आयोजित होने वाले होली मेला के मद्देनजर किए गए सुरक्षात्मक और व्यवस्था प्रबंधों को लेकर एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने बचत भवन अंब में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन, स्थानीय पंचायत समिति, पंचायत प्रधान सहित विभिन्न विभागों को मेले के सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



गुरुद्वारा प्रबंधन और अन्य विभागों के साथ बैठक करते एसडीएम।

एसडीएम ने बताया कि मेले के सफल संचालन के लिए पुलिस व यातायात प्रबंधन सहित स्वच्छता, बिजली, पेयजल प्रबंधन को लेकर सभी एजेंसियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में मेडिकल पोस्ट भी उपलब्ध रहेगी। मेले के दौरान एडीसी ऊना मेला अधिकारी और एसडीएम अंब सहायक मेला अधिकारी होंगे जबकि एएसपी ऊना पुलिस मेला अधिकारी और डीएसपी अंब सहायक पुलिस मेला अधिकारी होंगे। मेलावधि के दौरान 850 पुलिस जवान, 125 महिला पुलिस कर्मी और 750 होमगार्ड जवान मेला क्षेत्र में सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि 14 मार्च को निशान साहिब (झंडा चढ़ाने) की रस्म अदा की जाएगी, जबकि 16 मार्च की मध्यरात्रि को पंजा प्रसाद वितरित किया जाएगा।

एसडीएम ने बताया कि मेला क्षेत्र में विभिन्न व्यवस्थाओं के सुचारु संचालन के लिए मेला क्षेत्र को दस सेक्टरों में बांटा गया है ताकि यातायात, पार्किंग तथा स्वच्छता सहित अनेक प्रकार की अन्य व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि मेला स्थल के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व आयुष विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा कैंप लगाए जाएंगे। साथ ही, मेलावधि के दौरान आपात स्थिति में मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक-एक एंबुलैंस नैहरी, मैड़ी और चरण गंगा में उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा तीन अतिरिक्त सैक्टर ऊना से मैहतपुर, हरोली-पंडोगा और मरवाड़ी-मुबारिपुर भी बनाए जाएंगे जिनके सैक्टर मजिस्ट्रेट संबंधित एसडीएम होंगे। इसके अलावा नेटवर्क की समस्या से निजात पाने के लिए जियो और एयरटेल के प्रतिनिधियों को मेला क्षेत्र में ट्रांसमीटर और रिसीवर की व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में एएसपी संजीव भाटिया, डीएसपी अंब वसूदा सूद, बीडीओ अंब ओम डोगरा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुखदीप सिंह सिधू, मैड़ी खास पंचायत की प्रधान रीना, नैहरी पंचायत की प्रधान नीलम, ज्वार पंचायत के प्रधान संदीप सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**बनेगा आपातकालीन एग्जिट रूट प्लान**

एसडीएम ने डेरा बाबा बड़भाग सिंह के साथ-साथ वहां श्री चरण गंगा तथा श्री मंजीसाहिब गुरुद्वारा समेत अन्य धार्मिक स्थलों के प्रमुखों को आपतकालीन निकासी योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, निकासी रूट प्लान के क्रियान्वयन पर मॉक ड्रिल आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**नशे पर नकेल डालने को लेकर बनेंगी पुलिस टीमें**

सचिन शर्मा ने बताया कि मेलावधि में नशे जैसी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस बल की टीमें बनाई जाएंगी ताकि किसी भी प्रकार की नशीली गतिविधियों को रोका जा सके। इसके अलावा मेला क्षेत्र में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही लाउड स्पीकर धीमी आवाज में लगाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने मैड़ी स्थित विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों एवं प्रतिनिधियों तथा सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के जन प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे मेले के सफल आयोजन में हरसंभव योगदान दें।

**ट्रकों, टैंपू, ट्रैक्टर-ट्रालियों और मालवाहक वाहनों से आना रहेगा प्रतिबंधित :** सचिन शर्मा ने कहा कि मेले में खुले ट्रकों, ट्रालियों, टैम्पू सहित किसी भी मालवाहक वाहनों से आना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि मेलावधि के दौरान नैहरी से मैड़ी तक यात्रियों को ले जाने के लिए पहली 100 टैक्सियों को स्पेशल परमिट एसडीएम कार्यालय अंब से जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के अनुसार अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी, साथ ही, सड़क किनारे लंगर लगाने की अनुमति नहीं होगी। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक ऊना मेलावधि के दौरान खाद्य सामग्री, प्लास्टिक के सामान, खुली बोतलों में पेट्रोल और डीजल, गुब्बारे फुलाने वाले सिलेंडर सहित अन्य ज्वलनशील उपकरणों का उपयोग न हो, इसके लिए निरंतर निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा साफ-सफाई को लेकर निर्देश दिए।

# रोहतांग में छह फुट हिमपात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल में छह दिन से हिमपात का क्रम लगातार जारी है। रोहतांग दर्रे में गत सात दिन से बर्फ के फाहों का क्रम जारी है।

एक सप्ताह के भीतर रोहतांग दर्रे सहित बारालाचा, शिंकुला व कुंजम दर्रे में छह फुट से अधिक हिमपात हो चुका है। इन दर्रों में मंगलवार को भी बर्फ के फाहों का दौर जारी रहा। अटल टनल रोहतांग के दोनों छोर में भी चार फीट फुट की मोटी चादर बिछ गई है, जबकि हिमपात का क्रम जारी है। लाहझैल-स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार फुट से अधिक हिमपात हुआ है। कोकसर, टनल के दोनों छोर सिस्सू, गोंदला, योचे, छिका, रारिक, दारचा व जिस्पा जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात हुआ है।

> **लाहौल-स्पीति** में मंगलवार को हिमपात का क्रम जारी रहा। जिले में भारी हिमपात हुआ है। प्रशासन व बीआरओ राहत कार्यों में युद्धस्तर पर जुटा है। अधिकतर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है। सड़कों की बहाली लगातार जारी है। बुधवार तक जिला मुख्यालय केलांग-मनाली से जुड़ जाएगा। भारी हिमपात से अभी हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। लोगों से आग्रह है कि घरों से बाहर न निकलें, सतर्क रहें और सुरक्षित रहें।
>
> **अनुराधा राणा विधायक लाहौल-स्पीति।**



## 6 दिनों बाद मनाली से जुड़ा सिस्सू

**केलांग।** आखिर बीआरओ की मेहनत भी रंग लाई और मौसम ने भी साथ दिया, जिससे छह दिनों के बाद मनाली से पर्यटन स्थल सिस्सू जुड़ गया। बीआरओ ने मार्ग को एकतरफा वाहनों के लिए बहाल कर दिया है। सिस्सू व आसपास के लोग आपात स्थिति में फोर बाई फोर वाहनों में मनाली आ-जा सकते हैं। लाहौल-स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग के भी मनाली से जुड़ने की उम्मीद है। बीआरओ युद्धस्तर पर सड़कों की बहाली में जुटा है। बीआरओ मनाली से दारचा व तांदी से किलाड़ सड़क बहाली में जुटा हुआ है। मनाली-केलांग मार्ग के दालंग से मुलिंग पुल के बीच भारी हिमस्खलन हुआ है। विधायक ने बताया कि भारी हिमपात से अस्त-व्यस्त जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। बिजली बोर्ड हिमपात के बीच बिजली आपूर्ति सुचारू करने में जुटा हुआ है। हालांकि, 202 ट्रांसफार्मर में से 146 ट्रांसफार्मर में बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई है। डीएसपी केलांग राजकुमार ने बताया कि बीआरओ लगातार सड़कों की बहाली में जुटा हुआ है। जिला पुलिस द्वारा सिस्सू से 17 पर्यटक वाहनों में 68 व्यक्तियों को सुरक्षित निकालकर उनके गंतव्य स्थान की ओर भेजा गया।

# खोखन नाले में अवैध कब्जों को हटाने की कवायद शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



> **खोखन** नाले के आसपास हुए सभी अवैध कब्जों को हटाने की मुहिम शुरू की गई है। इसके साथ ही अन्य नदी-नालों के ऊपर व आसपास हुए अवैध कब्जों को भी त्वरित कार्रवाई करते हुए हटाया जाएगा, ताकि नाले में आने वाले पानी का प्रवाह ठीक ढंग से हो सके और किसी भी प्रकार का नुकसान लोगों को न झेलना पड़े।
>
> **विकास शुक्ला, एसडीएम कुल्लू।**

जिला कुल्लू के भुंतर स्थित खोखन नाला के आसपास जिला प्रशासन की ओर से अवैध कब्जा को हटाने की कवायद शुरू कर दी है।

इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला के नेतृत्व में तहसीलदार भुंतर नितेश ठाकुर, डीएफओ पार्वती प्रवीण ठाकुर व अन्य राजस्व कर्मचारी अवैध कब्जों की जांच में जुटे। खोखन नाले के आसपास बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे हुए हैं, जिसमें कई लोगों ने तीन से चार मंजिला मकान खड़े कर रखे हैं। इसके अलावा नाले के आसपास व नाले के ऊपर बड़ी संख्या में लोगों ने दुकान बना रखी हैं, जिसकी वजह से खोखन नाले का आकार सिमट कर महज तीन से चार फुट रह गया है। यही वजह है कि बारिश व बरसात के समय खोखन नाले का पानी सड़क में बहकर भुंतर बाजार में जमकर तबाही मचाता है, जिसकी वजह से दुकानदारों के अलावा स्थानीय लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। वहीं, प्रशासन की दिक्कतें भी बढ़ जाती हैं। इसी को मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा खोखन नाले से अवैध कब्जे हटाने की मुहिम शुरू की गई। कुल्लू में गत दिनों हुई भारी बारिश के कारण अधिक नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान भुंतर क्षेत्र में हुआ है। भारी बारिश के कारण खोखन नाले में बाढ़ आ गई थी। खोखन नाले में अधिक अतिक्रमण होने से नुकसान अधिक हुआ है, जब बारिश होती है, तो खोखन नाले का जल स्तर बढ़ जाने से पानी सड़क में बहकर भुंतर बाजार में तबाही मचाता है, जिससे दुकानदारों व स्थानीय लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रशासन की दिक्कतें भी बढ़ जाती हैं, जिसके चलते जिला प्रशासन द्वारा खोखन नाले के ऊपर व आसपास हुए अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# बेटे ने ली पिता की जान

## मामूली बहस पर पिता के सिर पर डंडे से किया वार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटे देवधार गांव में एक कलयुगी बेटे द्वारा पिता की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार सुबह 7:30 बजे के आसपास की है, जब बेटे की पिता के साथ किसी बात को लेकर मामूली बहसबाजी हुई और इस लड़ाई के दौरान बेटे ने पिता के सिर पर डंडे से वार कर दिया।

सिर पर गंभीर चोट लगने से पिता लहूलुहान हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके के लिए रवाना हुई और मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया। साथ ही आरोपी की धरपकड़ भी शुरू कर दी। मृतक की माता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। वहीं, उन्होंने बताया कि दोपहर बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के द्वारा अब आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि आखिर किन कारणों के चलते उसने अपने पिता ज्ञान चंद की हत्या की। वहीं, पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुबह पिता और बेटे में किसी बात को लेकर बहस हुई और उसके बाद आरोपी बेटे ने अपने पिता के सिर पर डंडे से वार किया, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि सुबह उन्हें सूचना मिली कि देवधार गांव में एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी है।

ऐसे में पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सुबह हत्या करने के बाद आरोपी जगदेव मौके से फरार हो गया था। पुलिस की टीम विभिन्न जगह आरोपी की तलाश कर रही थी और दोपहर के समय पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, अब पुलिस के द्वारा मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि हत्या डंडे से वार के करने के कारण हुई है, लेकिन शव के पोस्टमार्टम के बाद ही हत्या के कारणों का पता लग पाएगा। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, ताकि घटनास्थल पर नमूने एकत्र कर मामले की जांच को आगे बढ़ाया जा सके।

# ढालपुर मैदान में सजा गांधी शिल्प बाजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के ढालपुर मैदान में हर साल की तरह इस साल भी गांधी शिल्प बाजार का आयोजन किया जा रहा है।

10 दिवसीय इस शिल्प मेले का कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शुभारंभ किया। केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय व हिलक्वीन हस्तशिल्प एवं हथकरघा बुनकर कल्याण समिति मनाली के सयुंक्त तत्वधान में आयोजित गांधी शिल्प बाजार व प्रदर्शनी का मंगलवार को आगाज हुआ। 10 मार्च तक चलने वाले इस शिल्प बाजार व प्रदर्शनी में देशभर के 18 राज्यों के हस्तशिल्प, हस्तकरघा, बांस का फर्नीचर, लकड़ी के खिलौने व अन्य उत्पादों के 70 स्टाल लगे हुए हैं। शिल्प बाजार में बेस्ट बंगाल, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरला, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, तेलंगाना, यूपी, राजस्थान, पंजाब व दिल्ली व हिमाचल प्रदेश सहित कुल 18 राज्यों के हस्तशिल्पकार इस शिल्प बाजार में भाग ले रहे हैं। कुल्लू में हर साल गांधी शिल्प मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश सहित प्रदेशभर के शिल्पकार अपने उत्पादों को प्रदर्शित करते हैं और लोगों को भी एक छत के नीचे विभिन्न तरह के उत्पाद उपलब्ध होते हैं। इसी कड़ी में इस बार भी ढालपुर मैदान में शिल्प बाजार सजा है। इस दौरान वस्त्र मंत्रालय के सहायक निदेशक, सहकार संघ के अनिल सूद, मदन सूद सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कुल्लू में खोला जाएगा क्राफ्ट विकास केंद्र

**इस** अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि हैंडीक्राफ्ट का कार्यालय हिमाचल में केवल कुल्लू में है, जो यह दर्शाता है कि कुल्लू में हस्तशिल्प एवं हथकरघा की बहुत पुरानी परंपरा है। उन्होंने कहा कि कुल्लू के हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम को विश्व स्तर तक पहुंचाने के लिए यहां क्राफ्ट विकास केंद्र की स्थापना होनी चाहिए इसके लिए वे वस्त्र मंत्रालय के साथ काम करेंगे। इससे पर्यटन के साथ-साथ हस्तकलाओं का भी विकास होगा तथा ग्राम स्तर तक के हस्तशिल्पियों को इसका लाभ मिलेगा। यह भी प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक सहकारी समितियों को दुकानें मिलें। उन्होंने इस आयोजन के लिए वस्त्र मंत्रालय, सहकारिता विभाग, जिला सहकार संघ कुल्लू का भी धन्यवाद किया। वहीं, उन्होंने कहा कि गांधी शिल्प मेले के आयोजन से हस्तशिल्प व हथकरघा से जुड़े लोगों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित व बिक्री के लिए मंच मिला है। जिला अपने हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों के लिए देश ही नहीं विदेश में भी जाना जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों के सरक्षण, संवर्धन के लिए अनेक योजनाएं व कार्यक्रम चलाए हैं।

# मनाली में 52 ग्राम हेरोइन सहित होशियारपुर का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मनाली**

जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस की टीम ने 52 ग्राम हेरोइन के साथ होशियारपुर के एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम जब 15 मील में गश्त पर थी, तो इस दौरान टीम ने शक के आधार पर एक युवक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 52 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। आरोपी युवक की पहचान राजीव कुमार निवासी बोरा गढ़शंकर जिला होशियारपुर पंजाब के रूप में हुई है। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी मनाली में कई युवकों को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में जिला कुल्लू से नशे को खत्म करने के लिए पुलिस की टीम



लगातार काम कर रही है। पुलिस ने नशीले पदार्थ को अपने कब्जे में ले लिया है और अब आरोपी को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी से जानकारी जुटाई जा रही है कि वह यहां पर किसे यह हेरोइन की सप्लाई करने आया था और कौन-कौन लोग इस काले कारोबार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि अगर कोई भी व्यक्ति नशे के कारोबार से जुड़ा हुआ है, तो इस बारे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# 'फिक्की पुरस्कार' से सम्मानित लाहौल-स्पीति पुलिस

## लाहौल-स्पीति जिला पुलिस के नाम एक और उपलब्धि, दिल्ली में मिला सम्मान

**कमलेश वर्मा, केलांग**



लाहौल-स्पीति पुलिस को अपनी अभिनव एआई-आधारित निगरानी परियोजना, 'अनिमेष नेत्रम' के लिए प्रतिष्ठित फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी, जो कि वर्तमान में अब एसपी देहरा हैं उनके नेतृत्व और कुशल कार्यक्षमता से यह संभव हो पाया है, जब मयंक चौधरी एसपी लाहौल-स्पीति थे, तब उन्होंने और उनकी पूरी टीम ने इस परियोजना के तहत बेहतरीन कार्य किया था, जिसके चलते पुलिस ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। वर्तमान में एसपी देहरा मयंक चौधरी ने मंगलवार को दिल्ली में यह सम्मान प्राप्त किया। इससे पूर्व लाहौल-स्पीति पुलिस को स्कॉच पुरस्कार भी मिल चुका है। यह पुरस्कार भी उत्कृष्ट ई-पुलिसिंग परियोजना, अनिमेष नेत्रम के लिए मिला है। अनिमेष नेत्रम पहल को प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से पुलिसिंग में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस परियोजना ने पुलिस बल और समुदाय के बीच बातचीत में काफी सुधार किया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि लोगों की आवश्यक सेवाओं और सुचनाओं तक आसान पहुंच है। शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में काफी समय तक युवा और पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी के नेतृत्व में कठिन भोगौलिक व मौसम की विषम परिस्थितियों और माइनस तापमान में जिला पुलिस ने बेहतरीन सेवाएं दीं, जिसके चलते लाहौल-स्पीति पुलिस स्कॉच अवार्ड में पूरे देशभर में पहले स्थान पर रही थी और अब जिला पुलिस को अनिमेष नेत्रम परियोजना के लिए प्रतिष्ठित फिक्की पुरस्कार मिला है। (अनंत ज्ञान)

> **लाहौल-स्पीति** में कठिन भोगौलिक व मौसम की विषम परिस्थितियों में भी आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ठ उपयोग कर ई- पुलिसिंग द्वारा आम जनता को प्रभावी रूप से पुलिस की सुविधा उपलब्ध करने के लिए स्थापित प्रोजेक्ट 'अनिमेष नेत्रम' के लिए यह अवार्ड मिला है। इसके लिए जिला लाहौल-स्पीति पुलिस की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं।
>
> **मयंक चौधरी, एसपी देहरा।**

# नशे से दूर रहें युवा, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में लें भाग : अनुराधा राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में हर वर्ष की भांति इस बार भी सीएससीए का बहु-प्रतिक्षित कार्यक्रम 'सृजन-2025' का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज हुआ।

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने मुख्यातिथि का कुल्लवी परंपरानुसार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ-साथ स्टूडेंट्स के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर कॉलेज के सभी प्राध्यापकगण सहित कॉलेज के सभी स्टूडेंट्स प्रतिभागियों की हौंसला अफजाई करते नजर आए। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में सबसे पहले कॉलेज प्रबंधन का उन्हें कार्यक्रम में बुलाने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिस कॉलेज में उन्होंने शिक्षा ग्रहण की है, आज उसी कॉलेज में मुख्यातिथि के रूप में आना उनके लिए गर्व का क्षण है।

वहीं, उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलकूद सहित अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसती जा रही है, जो कि बेहद चिंतनीय विषय है। वहीं, उन्होंने कहा कि कुल्लू कॉलेज लाहौल-स्पीति व पांगी के बच्चों के लिए सेंटर है और यहां पर जनजातीय जिले के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की मांग उठी है, प्राचार्य की ओर से भी उन्हें अवगत करवाया गया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिले के विद्यार्थियों को किसी भी तरह की दिक्कत पेश न आए इसके लिए वह मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के समक्ष कुल्लू में जनजातीय जिले के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाने की मांग को प्रमुखता से उठाएंगी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने मुख्यातिथि का कार्यक्रम में आने पर आभार व्यक्त किया।

# परवाड़ी गांव को जल्द मिलेगी सड़क सुविधा

## विधायक ने ग्रामीणों की मांगों-समस्याओं पर समाधान का दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी तीर्थन घाटी के दौरे पर हैं। इस दौरान विधायक ने शरुंगर, गरुली व परवाड़ी गांवों में ग्रामीणों से संवाद किया व ग्रामीणों की मांगों-समस्याओं पर यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया।

परवाड़ी क्षेत्र की जनता ने विधायक के समक्ष अपनी बहुआकांक्षित सड़क सुविधा की मांग को दोहराया। एक माह पूर्व ही गरुली गांव तक लोक निर्माण विभाग के अधीन सड़क निर्माण पूरा किया गया है। अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत विधायक अनुशंसा पर रोपी से जाहरा-गरुली तक सड़क का निर्माण पूर्ण हुआ है, लेकिन परवाड़ी गांव की एक बड़ी आबादी अभी भी सड़क सुविधा की राह देख रही है। विधायक शौरी ने इस अवसर पर कहा कि भूमि की व्यवस्था होते ही परवाड़ी गांव के लिए भी सड़क का निर्माण शुरू



किया जाएगा। संपर्क सड़क की व्यवस्था की जाएगी।

इसके अतिरिक्त गांव के लिए बड़ी बस योग्य सड़क के निर्माण के लिए दस्तावेजी औपचारिकताएं भी जारी हैं। विधायक शौरी ने कहा है कि आगामी वित्त वर्ष के लिए अनुसूचित जाति उपयोजना में रोपी-जाहरा, गरुली सड़क में रोपी नाला पर पुल निर्माण के लिए उन्होंने विभाग को अनुशंसा जारी की है व यह कार्य विभाग द्वारा अधुसूचित भी कर दिया गया है। जल्द ही पूरा क्षेत्र बेहतर सड़क सुविधा से लाभान्वित होगा।

इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान शेतू देवी व ग्राम पंचायत तुंग के प्रधान घनश्याम ठाकुर व अन्य स्थानीय वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैडेट अनुराग मिस्टर व मीनाक्षी बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी की एनसीसी इकाई में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

प्रथम और द्वितीय वर्ष के कैडेट्स ने अंतिम वर्ष के कैडेट्स को विदाई दी। कार्यक्रम में कैडेट्स ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंतिम वर्ष के कैडेट्स ने अपने तीन साल के अनुभव जूनियर कैडेट्स के साथ साझा किए। विदाई समारोह में कैडेट अनुराग को मिस्टर फेयरवेल और कैडेट मीनाक्षी को मिस फेयरवेल चुना गया। लेफ्टिनेंट अशोक भारद्वाज ने कैडेट्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कैडेट्स को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कुंवर ने कैडेट्स को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी कैडेट्स सेना और अन्य क्षेत्रों में जाकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

# पेंशन अदायगी पर राज्य सरकार के दोहरा मापदंड अपनाने पर पेंशनभोगी संघ में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पेंशन अदायगी पर राज्य सरकार द्वारा दोहरा मापदंड अपनाने पर हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ में भारी रोष व्याप्त है।

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष खुशाल चंद, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ मुख्य सलाहकार एमआर संगरोली, वरिष्ठ सलाहकार एमआर बैंस, जय कृष्ण ठाकुर, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव किरण चंद शर्मा सहित अनेक पेंशनर्स नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने कुछ जिलों के पेंशनर्स को तो फरवरी माह की पेंशन की अदायगी उनके बैंक खातों में पहली मार्च को कर दी है, लेकिन मंडी, हमीरपुर, ऊना सहित अधिकांश जिलों के पेंशन धारकों को 4 मार्च बीत जाने पर भी फरवरी माह की पेंशन उनके बैंक खातों में जारी नहीं की गई है। प्रदेश सरकार की इस दोगली नीति पर हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने गहरा रोष व्यक्त किया है। साथ ही पेंशन अदायगी की इस लेट लतीफी पर हिमाचल प्रदेश पेंशन भोगी संघ ने राज्य सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत कर्मचारियों और पेंशनधारकों को उनके वेतन और पेंशन का भुगतान करने के लिए राजकीय कोष में वित्तीय प्रबंधन करना प्रदेश सरकार की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। इस जिम्मेदारी से राज्य सरकार बच नहीं सकती है, जहां कर्मचारी दिन-रात कड़ी मेहनत कर प्रशासनिक सहयोग करते हैं। वहीं, पेंशनर्स ने 58 से 60 वर्ष तक सरकार का प्रशासनिक ढांचा मजबूतर करने में अहम भूमिका निभाई होती है। सीएम से मांग की है कि पेंशनर्स की फरवरी माह की पेंशन की अदायगी जल्द की जाए, अन्यथा प्रदेश भर के पेंशनर्स संघर्ष का रास्ता अख्तियार करेंगे।

**बैठक** धूमधाम से सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक मनाया जाएगा 27वां सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम

# नौ को देवसदन में गूंजेंगे पारंपरिक होली गीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा सूत्रधार भवन के कार्यालय में अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि अपने स्थापना वर्ष 1977 से लेकर आज तक सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा वर्ष भर में गीत-संगीत, लोककला, नाटक तथा आधुनिक नृत्य व समाज सेवा के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाता है। इसी कड़ी में संस्था पिछले 26 वर्षों से कुल्लू की समृद्ध पारंपरिक होली गायन पर आधारित कार्यक्रम होली संध्या का आयोजन करती आ रही है तथा इस बार भी संस्था 27वीं सूत्रधार होली संध्या का आयोजन करने जा रही है। इस 27वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन 9 मार्च रविवार को देवसदन कुल्लू के सभागार में सायं 7 से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। 27वीं सूत्रधार



होली संध्या में सुप्रसिद्ध लेखक, गायक व संगीतकार स्व. राम कुमार कपूर की रचनाओं के साथ-साथ कुल्लू की प्रसिद्ध प्रचलित व पारंपरिक होली गीतों का गायन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए इसमें होली से संबंधित नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम सभी आम जनमानस कला प्रेमियों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए निशुल्क रहेगा तथा प्रदर्शनी मैदान में गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था भी निशुल्क रहेगी। संस्था के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिह को इस कार्यक्रम का प्रभारी बनाया गया है। 27वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण महंत अध्यक्ष नगर परिषद कुल्लू मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा अनुभव शर्मा कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद कुल्लू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन सहित उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगेंद्र ठाकुर, भंडार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव मंजु शर्मा, यशोदा शर्मा व हितेश कुमार गोगी, लोकनृत्य प्रभारी सीमा शर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य सुंदर श्याम व पं. विद्या सागर, आमंत्रित सदस्य जीवन, सनी व संजय तथा प्रबंधक उत्तम चंद उपस्थित रहे। मथुरा एवं वृज की तर्ज पर रघुनाथ जी की नगरी कुल्लू में वैराग्य समुदाय के साथ-साथ आम जनमानस में होली गायन तथा होली उत्सव को मनाए जाने की परंपरा 17वीं शताब्दी में रघुनाथ जी के कुल्लू आगमन के समय से चली आ रही है। ऐसे में सूत्रधार कला संगम द्वारा कुल्लू जनपद में होली संध्या के नाम से कार्यक्रम आरंभ कर पारंपारिक होली गायन व उत्सव को संरक्षित रखने व संबर्धन करने का बीड़ा उठाया गया है।

# राजस्व कर्मियों की हड़ताल से जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल प्रदेश में राजस्व विभाग के कर्मचारियों की प्रदेश व्यापी हड़ताल से आम जनता को हो रही परेशानियों के मद्देनजर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने मंगलवार को शिमला सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव से मुलाकात की।

> **अतिरिक्त मुख्य सचिव से मिलकर विधायक ने की समाधान की मांग**

अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व, गृह और जनजातीय विकास ओंकार शर्मा से मिलकर विधायक लोकेंद्र कुमार ने राजस्व कर्मचारियों की मांगों पर सरकार द्वारा विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कर्मचारियों की हड़ताल से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाने की मांग की। इसके अलावा विधायक ने आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी-निरमंड उपमंडलों में हालही में हुई बर्फबारी और बारिश से हुए नुकसान का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने राहत कार्यों में तेजी लाने की मांग की। इस दौरान उनके साथ भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज भी मौजूद रहे।

# गोविंद भारती भाजपा मंडल भुंतर के महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा भुंतर मंडल के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए खराहल क्षेत्र से संबंध रखने वाले गोविंद भारती को मंडल महामंत्री का दायित्व सौंपा है।

इनके साथ रमेश चंद को दूसरे महामंत्री का दायित्व सौंपा है। राज कुमार शर्मा, नारा ठाकुर, दिनेश ठाकुर व विनोद ठाकुर को उपाध्यक्ष बनाया है। भीमसैन, कंचन जमवाल, सतपाल शर्मा, चंपा ठाकुर सहित बबीता को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। फते चंद को कोषाध्यक्ष, संजय कुमार को मीडिया प्रभारी, उर्मिला को प्रवक्ता, चंद्रसेन को कार्यालय सचिव, घनश्याम ठाकुर को आईटी संयोजक, सह संयोजक नरेश कुमार, मुकेश सूद को सोशल मीडिया संयोजक, जितेंद्र ठाकुर को सहसंयोजक, इनके साथ प्रोमिला देवी, शकुंतला देवी, भाग चंद, शेर सिंह, संजय सिंघानिया, वीर सिंह, मोहन लाल, अजीत ठाकुर, गोविंद सिंह, जोगिंदर सिंह, पार्वती, पिंगला देवी, जगरनाथ, कमल कांत, चंद्रसेन सहित राम सिंह ठाकुर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। पूर्व सांसद महेश्वर सिंह, 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, बिजेंद्र सैन, सुनीता जमवाल, बृजलाल सहित शिव सिंह नेगी को स्थायी सदस्य बनाया गया। इसके साथ झाबे राम, राम सिंह, धर्म सिंह, देवी सिंह, कमलेश, चमन लाल, यशपाल, डिंपी, टहल सिंह, शेर सिंह राणा विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। राजेश ठाकुर ने आशा जताई कि सभी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।



# केसंग तोबगे बने स्पीति भाजपा के मीडिया प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लाहौल-स्पीति भाजपा ने स्पीति मंडल की कार्यकारणी जारी की है।

जिला भाजपा अध्यक्ष रिगजिन हायरपा ने कहा कि मंडल अध्यक्ष डेमदुल गटुग ने मंगलवार को नव गठित कार्यकारणी की सूची जारी की है। कलजंग नामगयल और टकपा समतन को मंडल महामंत्री बनाया गया है। वीर वेद्य, लामो बुटित, तेंजिन तंडुप और पदमा रिगजिन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। टशी को कोषाध्यक्ष, ग्यालसन, सोनम, तेंजिन, तेंजिन मुन्नी और देकिद को सचिव बनाया गया है। केसंग तोबगे को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

> **कलजंग नामगयल, टकपा समतन बने महामंत्री**

प्रवक्ता रमेश चंद, कार्यालय सचिव कुंगा सन्नी, आईटी संयोजक टकपा तंजिन, आईटी संयोजक देचेन अंगमो, सोशल मीडिया संयोजक पलदान शेरप, सोशल मीडिया सहसंयोजक छेरिंग देकिद के अलावा 15 लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, मंडल कार्यकारणी में 17 सदस्यों को लिया गया है, जबकि 7 स्थायी आमंत्रित सदस्य के साथ 7 विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए हैं। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर, जिला अध्यक्ष रिगजिन हायरपा और मंडल अध्यक्ष ने स्पीति मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। रवि ठाकुर ने कहा कि सभी के नेतृत्व में पार्टी व संगठन को मजबूती मिलेगी यह मुझे पूर्ण विश्वास है।

## न्यूज ब्रीफ

### डगशाई में नाबालिग युवक ने लगाया फंदा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी डगशाई में सूचना मिली कि रुंधन घोडो स्कूल के पास नाले में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर पुलिस चौकी डगशाई की टीम मौके पर पहुंची, जहां व्यक्ति पेड़ की टहनी से प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगाकर लटका हुआ पाया गया। मौके पर मौजूद लोगों से तस्दीक करने पर उक्त व्यक्ति की पहचान सुभाष पुत्र चारो उरांव निवासी गांव डिबेटी पत्रा टोली डाकखाना खरका जिला गुमला झारखंड उम्र 15 वर्ष के रूप में हुई। मौके पर मौजूद लोगों के सामने मृतक को फंदे से नीचे उतारा गया, शव का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मृतक के गले में रस्सी के निशान के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों पर किसी भी प्रकार के चोट /खरोच के निशान न पाए गए। मौके पर समस्त कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात मृतक को पोस्टमार्टम करवाने के लिए एमएमयू सुलतानपुर ले जाया गया। तस्दीक/जांच पर पाया कि मृतक अपने माता पिता के साथ गाव बाड़ा में किराये के कमरा में रहता था। 3 मार्च को मृतक बिना बताए घर से चला गया था, जिसकी तलाश उसके परिवार द्वारा की गई तथा तलाश के दौरान मृतक उसके परिवार वालों को रूंधन घोडो के पास एक पेड़ में रस्सी के फंदे में लटका हुआ मिला। मृतक पहले भी 2/3 बार घर से बिना बताए जा चुका है, वह अक्सर गुम सुम रहता था व स्कूल जाने के लिए मना करता था तथा किसी से ज्यादा बातचीत नहीं करता था। मामले की जांच की जा रही है।

### चोरी हुई गाड़ी शिमला के मैहली से बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने चंबाघाट से चोरी हुई गाड़ी को शिमला के मैहली से बरामद किया। पुलिस सीसीटीवी के मदद से आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक अनिल कुमार निवासी चंबाघाट, जिला सोलन ने शिकायत पत्र प्रेषित किया कि 2 मार्च को इसने अपनी गाड़ी को रात के समय चंबाघाट फ्लाईओवर नजदीक (ईंदू सर्विस स्टेशन) के साथ सर्विस रोड पर बाईं तरफ अपने घर के पास खड़ा किया था, जब यह 3 मार्च को सुबह अपनी गाड़ी के पास आया, तो इसने अपनी उपरोक्त गाड़ी को सड़क पर खड़ा न पाया, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति गाड़ी को चोरी कर ले गया था, जिस संदर्भ में पुलिस थाना सोलन में अभियोग अधीन धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता में पंजीकृत किया गया, जिसमे पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गाड़ी की तलाश तकनीकी जांच और सीसीटीवी के माध्यम से करते हुए पाया कि गाड़ी को एक आरोपी शिमला की तरफ ले गया है। चोरी की हुई गाड़ी को लावारिस हालत में शिमला के मैहली क्षेत्र के एक लिंक रोड से बरामद कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है। मामले में जांच जारी है।

### आठ छात्रों का एनडीए 154वें कोर्स में चयन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के आठ छात्रों का हालही में एनडीए 154वें कोर्स एसएसबी साक्षात्कार में चयन हुआ है। चयनित छात्रों में कैडेट नंबर 4254 किशन वर्मा, कैडेट नंबर 4236 हर्षित पांडेय, कैडेट नंबर 4211 अभिनव, कैडेट नंबर 4198 प्रशांत थेनुआ, कैडेट नंबर 4167 वीर प्रताप सिंह, कैडेट नंबर 4194 राहुल, कैडेट नंबर 4142 शिवम राज और कैडेट नंबर 4402 आयुष कुमार शामिल हैं। स्कूल प्रधानाचार्य विमल कुमार गंगवाल ने बताया कि एनडीए, एसएसबी के साक्षात्कार में शारीरिक क्षमता और मानसिक सहनशक्ति की कड़ी परीक्षा ली जाती है। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के कैडेट्स ने इस चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि स्कूल में दी जाने वाली अनुशासन और प्रशिक्षण की शिक्षा उन्हें राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करती है। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के छात्र कठिन परिश्रम कर प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं। उसके पश्चात एसएसबी जैसे कठिन इंटरव्यू को पास करते हुए मेडिकल परीक्षा को उत्तीर्ण कर मेरिट अपना स्थान बनाकर सफलता प्राप्त करते हैं।

### प्रदेशभर में बिजली सुरक्षा सप्ताह शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड लिमिटेड द्वारा मंगलवार से प्रदेश भर में विशेष बिजली सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह सुरक्षा सप्ताह 4 से 10 मार्च तक चलाया जाएगा और इस सप्ताह के दौरान जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर न केवल बिजली बोर्ड के फील्ड कर्मचारियों को जागरूक किया जाएगा, बल्कि आम जनमानस को भी बिजली सुरक्षा उपायों के बारे में बताया जाएगा। इस सप्ताह का शुभारंभ जिला सोलन में कौशल विकास केंद्र में किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने तकनीकी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली सुरक्षा के आधुनिक तरीकों की जानकारी प्रदेश भर में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत दी जाएगी। इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड से संबंधित कार्यालयों, सब-स्टेशनों बिजली परियोजनाओं के कर्मचारियों व अधिकारियों तथा आम जनमानस को लोक संपर्क के विभिन्न माध्यमों की सहायता से बिजली सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### नए बिल के खिलाफ वकीलों की हड़ताल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के बार संगठन के वकीलों ने केंद्र सरकार के नए बिल के खिलाफ हड़ताल शुरू कर दी है। वकीलों ने कोर्ट परिसर के बाहर जोरदार नारेबाजी की और नए कानून को वकीलों के हितों के खिलाफ बताया। बार एसोसिएशन के प्रधान और अन्य सदस्यों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह बिल वकीलों की स्वतंत्रता को बाधित करता है और पूरे देश के वकीलों के लिए नुकसानदायक है। नए बिल की धारा 35 के तहत वकीलों या उनके संगठनों को कोर्ट का बहिष्कार करने, हड़ताल करने या वर्क सस्पेंड करने से रोका गया है। इस नियम का उल्लंघन करने पर इसे प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। वकीलों का कहना है कि सरकार को तुरंत इस बिल को वापस लेना चाहिए क्योंकि यह उनके पेशे की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है यदि सरकार इस पर जल्द निर्णय नहीं लेती, तो विरोध और तेज होगा।

# ठेकेदारों की पेंडिंग पेमेंट अदायगी से शहर के विकास कार्यों में आई तेजी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन की तरफ से ठेकेदारों की लंबित पेमेंट की आदायगी शुरू किए जाने से शहर के विकास कार्यों में तेजी आने लगी है। इससे निगम और ठेकेदारों के बीच उपजा विवाद भी थम गया।

जानकारी के मुताबिक निगम अब तक 50 लाख रुपए से अधिक की पेमेंट ठेकेदारों को दे चुका है। हालांकि, अभी भी करोड़ों रुपए ठेकेदारों को देना बाकी हैं। बहरहाल इसका असर ये हुआ कि ठेकेदारों ने लंबित पड़े विकास कार्यों में तेजी लाई है। इसके अलावा आवंटित टेंडर के कार्य भी शुरू हुए हैं। ज्ञात रहे कि करोड़ों रुपए की पेंडिंग पेमेंट नहीं मिलने से नगर निगम सोलन के ठेकेदारों ने शहर के विकास कार्यों पर ब्रेक लगा दी थी। इतना ही नहीं ठेकेदारों ने टेंडर भरने को भी बायकाट किया। ठेकेदारों की माने तो अभी तक 5 से 7 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो चुके हैं, जिसकी पेमेंट लंबित है। (अनंत ज्ञान)



### फुटपाथ के निर्माण में तेजी

सोलन के सपरून में प्रस्तावित फुटपाथ के निर्माण में तेजी आई है। इसके लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर मंजूर हुई है पर अभी 20 लाख रुपए की राशि निर्माण कार्य शुरू करने को मिली है। सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। यहां फुटपाथ का निर्माण पूरा होने से राहगीरों को पैदल चलने में आसानी होगी।



सोलन नगर निगम की महापौर ठेकेदारों ऊषा शर्मा ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से पेंडिंग पेमेंट दी जा रही है। शहर में नियमित रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। बड़े कार्यों का कार्य भी जल्द शुरू होगा।

### कई विकास कार्यों का शुरू होना अभी बाकी

**शहर** में अभी भी कई ऐसे विकास कार्य हैं, जिसे शुरू किया जाना है। बड़े बजट का होने के चलते ठेकेदार भी जोखिम नहीं उठा रहे हैं। लंबित पेमेंट मिलने की स्थिति में ही ऐसे विकास कार्य शुरू हो सकेंगे। शहर में पेयजल व्यवस्था और लीकेज समस्या के समाधान के लिए निगम ने टैंक रोड से जवाहर पार्क तक नई पाइप लाइन बिछाने के लिए करीब 1.15 करोड़ का प्रावधान किया है। इसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और शहरी विकास मंत्री विक्रमदित्य सिंह इसका शिलान्यास भी कर चुके हैं पर अभी कार्य शुरू होना बाकी है। नई पाइप लाइन से शहर के माल रोड, ओल्ड बस स्टैंड क्षेत्र और नया बस अड्डा, आईटीआई सहित आसपास के क्षेत्रों में आगामी दिनों में पेयजल की आपूर्ति पहले से बेहतर होगी।

# गुरमीत सिंह ने सराहां में बनने वाले न्यायिक अदालत परिसर का किया वर्चुअल शिलान्यास



**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के सराहां में 10 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से बनने वाली न्यायिक अदालत परिसर का हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया द्वारा वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि इस न्यायिक अदालत परिसर के बनने से लोगों को न्याय सुविधा मिलने में आसानी होगी तथा इस भवन में लोगों के लिए आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश हंस राज ने सराहां में वर्चुअल माध्यम से मुख्यातिथि एवं मुख्य न्यायाधीश व न्यायाधीश गण हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का इस अवसर पर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधान बार एसोसिएशन सराहां अरुण कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कार्यवाहक उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चिंत सिंह नेगी, एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग अरविंद शर्मा, प्रधान बार ऐसोसीएशन नाहन अमित अत्री, प्रधान बार एसोसिएशन राजगढ़ आरएस ठाकुर, प्रधान ग्राम पंचायत सराहां सुरती चौहान, अधिवक्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 19 .70 करोड़ रुपए में बिका बद्दी का ढेरोवाल टोल बैरियर

**अनंत ज्ञान, सोलन**



राजस्व जिला बद्दी के टोल नाकाओं की वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नीलामी प्रक्रिया बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ औद्योगिक संघ के भवन झाड़माजरी बद्दी में संपन्न हुई। नीलामी प्रक्रिया की अध्यक्षता डीसी सोलन एवं पीठासीन अधिकारी मनमोहन शर्मा ने की। यह जानकारी डीसी आबकारी, राजस्व जिला बद्दी विनोद सिंह डोगरा ने दी।

उन्होंने कहा कि बद्दी टोल का आरक्षित मूल्य 27 करोड़ 21 लाख 90 हजार रुपए तथा ढेरोवाल टोल का आरक्षित मूल्य 19 करोड़ 8 लाख 12 हजार 500 रुपए निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि बद्दी टोल के लिए केवल एक ही आवेदन प्राप्त हुआ, जोकि सही न पाए जाने पर पीठासीन अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया। ढेरोवाल टोल यूनिट के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें एक सही न पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया व दूसरा आवेदन मैसर्ज देश राज व वीना रानी द्वारा प्राप्त हुआ। ढेरोवाल टोल यूनिट के लिए कोई भी बोली प्राप्त न हुई व निविदा प्रक्रिया में मैसर्ज देश राज व वीना रानी द्वारा 19 करोड़ 70 लाख रुपए निविदा प्राप्त हुई, जोकि आरक्षित मूल्य से अधिक पाई गई।उन्होंने कहा कि ढेरोवाल यूनिट के लिए मैसर्ज देश राज व वीना रानी को सफल निविदाकार घोषित किया गया तथा बद्दी टोल यूनिट के लिए कोई सही आवेदन व बोली प्राप्त न होने के कारण अनावंटित किया गया। विनोद सिंह डोगरा ने कहा कि नीलामी प्रक्रिया में अतिरिक्त आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी, दक्षिण क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश विवेक कुमार, भूप राम शर्मा तथा डीसी राज्य कर एवं आबकारी, दक्षिण क्षेत्र, परवाणू पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# 11.8 ग्राम चिट्टे सहित युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश में नशे की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं, सिरमौर पुलिस लगातार नशे के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और नशे के कारोबारियों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही है।

जिला पुलिस सिरमौर की एसआईयू टीम गश्त पर थी सूचना प्राप्त हुई कि सोहन लाल पुत्र अमर नाथ निवासी वाल्मीकि बस्ती नाहन अपने घर में काफी समय से चिट्टा बेचने का काम कर रहा है। इस सूचना पर सोहन लाल के घर जाकर उसके घर की तलाशी ली और तलाशी के दौरान उसके घर से 11.8 ग्राम चिट्टा व 11900 रुपए बरामद किए। आरोपी सोहन लाल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-61-85 के तहत मामला पुलिस थाना सदर नाहन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया और उसे अदालत में पेश कर पुलिस ने चार दिन का रिमांड हासिल किया है। इस वर्ष सिरमौर पुलिस ने 42 मामले एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए हैं, जिनमें जिला पुलिस द्वारा 59 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# बागवानों की आर्थिकी में वृद्धि करना प्राथमिकता : नेगी

## प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र पर 531 करोड़ व्यय कर रही

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजस्व, बागवानी तथा जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि बागवानी को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न निर्णय ले रही है। जगत सिंह नेगी सोलन जिले के कोठों में युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करने के उपरांत स्थानीय निवासियों एवं बागवानों से विचार-विमर्श कर रहे थे।

नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी में बागवानों का अहम योगदान है। बागवानों की आर्थिकी में वृद्धि करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। बागवानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 1 हजार 200 हेक्टेयर क्षेत्र में कटिबंधीय फलों के उच्च घनत्व वृक्षों का रोपण कार्य किया जा रहा है, जिससे 80 कृषक समूहों के लगभग 6 हजार 500 परिवार लाभान्वित होंगे।



सोलन के नालागढ़ और कुनिहार में 13 कलस्टर बनाए गए है, जिसमें लगभग 200 हैक्टेयर भूमि पर अमरुद, अनार, पलम तथा मौसमी के पौधे रोपित किए जा रहे हैं।

इन कलस्टरों में सरकार द्वारा बागवानों की सुविधा के लिए सिंचाई व सौलर बाड बंदी निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। बागवानी मंत्री ने कहा कि बागवानी को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में विभिन्न जिलों में आधुनिक मार्केट यार्ड बनाए जा रहे हैं। लगभग 300 करोड़ रुपए व्यय कर परवाणू, सोलन, पराला, करोल-टिक्कर, रोहडू तथा शिलारू में आधुनिक मार्केट यार्ड स्थापित किए गए हैं। इन मार्केट यार्ड से जहां बागवानों को कुशल और संगठित व्यापार की सुविधा मिलेगी। वहीं, अपनी उपज के लिए उचित भंडारण सुविधा, नीलामी प्लेटफार्म, प्रदर्शन क्षेत्र, व्यापारी दुकानें, बैंकिंग सेवा जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं भी मिलेंगी। नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बागवानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से उनकी उपज को सही मूल्य दिलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी क्षेत्र पर 531 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

### एचआरटीसी ड्राइवर व कंडक्टर यूनियन के पदाधिकारियों ने की गेट मीटिंग

# सरकार व निगम के प्रति जताया रोष

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

राज्य एचआरटीसी कंडक्टर यूनियन और एचआरटीसी ड्राइवर यूनियन के पदाधिकारियों ने गेट मीटिंग कर सरकार व निगम के प्रति रोष जताया। महासचिव दीपेंद्र कंवर ने बताया कि निगम व सरकार को अपनी लंबित मांगों के बारे में कई बार सूचित किया, मगर न ही प्रबंधन ने और न ही सरकार ने इस पर गौर किया।



इसमें परिचालकों की वेतन विसंगति, 65 महीनों का रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ता तथा 50 हजार रुपए एरियर की पहली किस्त ड्राइवर की सीनियर ड्राइवर पदोन्नति प्रमुख हैं, जबकि हिमाचल सरकार ने निगम की स्वर्ण जयंती समारोह 12 नवंबर, 2024 को मुख्यमंत्री ने मंच से घोषणा की थी, जिसमें 50 करोड़ रुपए रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ता, 9 करोड़ रुपए मेडिकल बिलों को दिसंबर 2024 तक देने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी को संगठन का शिष्ट मंडल इस बारें में सीएम के आवास ओक ओवर में मिला, वहां पर भी सीएम ने 15 करोड़ रुपए रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ते देने की बात को फिर स्वीकारा था, मगर सरकार ने उसे 20 फरवरी तक भी नहीं दिया। इससे तो साफ प्रतीत होता है कि सरकार बार-बार झूठ बोलकर अपने हर वादों से मुकर रही है, अब तो सभी कर्मचारियों का मनोबल गिर चुका है। हर वर्ग के कर्मचारियों का विश्वास प्रबंधन व सरकार से उठ चुका है। इससे हमारा कर्मचारी कर्जा लेकर कंगाल वाली स्थिति में पहुंच चुका है। स्टेट कंडक्टर यूनियन व ड्राइवर युनियन निगम व सरकार से अनुरोध करती है कि आगामी 6 मार्च तक सरकार वित्तीय देनदारियों को नहीं देती है, तो दोनों यूनियन कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य हो जाएंगी। इस गेट मीटिंग में ड्राइवर यूनियन के प्रांतीय प्रधान मान सिंह ठाकुर, स्टेट कंडक्टर यूनियन के प्रांतीय प्रधान प्रीत महेंद्र तथा दोनों यूनियनों के अन्य राज्य स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजीव को कोषाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा सोलन मंडल शहरी इकाई की कार्यकारिणी में शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजीव गुप्ता को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। राजीव गुप्ता पूर्व में भाजपा के पार्षद रहे स्वर्गीय कुलभूषण गुप्ता के बेटे हैं। भूषण परिवार का भाजपा के प्रति परोक्ष तौर पर हमेशा समर्थन रहा है। यही कारण है कि पार्टी ने राजीव गुप्ता को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उनके पिता लंबे समय तक भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नगर परिषद के 5 बार पार्षद रहे हैं। भूषण परिवार से उनकी पुत्रवधू भी 1 बार पार्षद रही हैं। राजीव गुप्ता 1986 में युवा मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं। राजीव का कहना है किसी भी जिम्मेदारी को निभाना एक चुनौती रहता है।



# पटवारी-कानूनगो की अनिश्चितकालीन हड़ताल को पांवटा भाजपा का समर्थन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**सरकार स्टेट कैडर के फैसले को ले वापस, बलवान कमेटी की सिफारिशों को लागू करें**

प्रदेश में पटवारी और कानूनगो स्टेट कैडर घोषित करने के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर बैठे पटवारी कानूनगो के समर्थन में जहां सेवानिवृत्त कर्मचारियों समेत पंचायत प्रतिनिधि सामने आए हैं।

वहीं अब भाजपा ने भी पटवारी कानूनगो को अपना समर्थन दिया है। भाजपा ने प्रदेश सरकार से जल्द पटवारी कानूनगो की समस्याओं व मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई। भाजपा मंडल पांवटा साहिब के अध्यक्ष हितेंद्र कुमार धवन ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पटवारी कानूनगो से मुलाकात की। वहीं, उन्हें अपना समर्थन देते हुए प्रदेश सरकार से पटवारी कानूनगो की मांगों को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हड़ताल का असर पूरे प्रदेश में प्रशासनिक कार्यों पर साफ दिखाई दे रहा है, जिससे आम जनता को भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ तहसील पांवटा साहिब महासचिव विष्णु भारद्वाज ने कहा कि पटवारी कानूनगो प्रदेश सरकार के स्टेट कैडर के फैसले को स्वीकार नहीं करेंगे। प्रदेश सरकार अपने इस फैसले को वापस ले और बलवान कमेटी की सिफारिश को लागू करें। यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती।

**आयोजन** एसपी बद्दी कार्यालय में मासिक क्राइम बैठक का हुआ आयोजन

# अवैध खनन व नशा माफिया के खिलाफ सरकार सख्त

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

एसपी बद्दी कार्यालय में मासिक अपराध बैठक हुई। बैठक एसपी बद्दी विनोद धीमान की अध्यक्षता में की गई।

बैठक में एसपी बद्दी द्वारा अधिकारियों और थाना प्रभारियों को खनन व नशे के मामले को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए और साथ ही एसपी बद्दी विनोद दीवान ने 2024 और 2025 में दर्ज किए गए नशा और खनन के मामलों को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की और कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भी पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अवैध खनन और नशे को लेकर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि आज की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराई से बचाया जा सके। एसपी बद्दी ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार के सख्त निर्देश हैं और जिला पुलिस बद्दी अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई कर रही है और चालान के साथ-साथ एनजीटी के नियमों अनुसार भी मामले दर्ज कर रही है। पिछले साल 2024 में खनन को लेकर 463 चालान काटे गए थे और 82 लाख रुपए जुर्माना भी वसूला गया था, जिसमें 188 टिप्पर, 60 जेसीबी और 260 ट्रैक्टर जप्त किए गए थे। इसी तरह 2025 में भी 63 चालान किए गए हैं। विनोद ने कहा कि पुलिस के साथ-साथ अन्य विभागों को भी खनन पर कार्रवाई को लेकर निर्देश सरकार की ओर से दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से खनन को लेकर सहयोग की बात कही है। उन्होंने कहा कि नशे को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं 2025 में नशे को लेकर 16 मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और पिछले साल 84 मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें 103 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए पंचायत और वार्ड स्तर पर पुलिस जा रही है और लोगों को नशे को लेकर जागरूक किया जा रहा है। वहीं, उनसे नशे को लेकर जानकारी भी मांगी गई है। एसपी बद्दी ने कहा कि 2024 में एक ड्रग तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था और उसमें फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन के दौरान अब आरोपी के खाते को भी पुलिस की ओर से सील किया गया है और नशे और अवैध खनन को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।



**2024 में खनन को लेकर 463 चालान काटे, 82 लाख का वसूला जुर्माना**

**इस वर्ष नशे को लेकर 16 मामले दर्ज, 23 लोग किए गिरफ्तार**

# 5 स्टूडेंट्स का नेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के पांच छात्रों ने हालही में विभिन्न एजेंसियों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सफल छात्रों में एक छात्र वन उत्पाद विभाग से है, जबकि अन्य पर्यावरण विज्ञान विभाग से हैं।

पर्यावरण विज्ञान में स्नातक निवेदिता कपूर ने 204 के स्कोर के साथ यूजीसी-नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। इस परीक्षा में निवेदिता ने 99.94 फीसदी और 18,548 उम्मीदवारों में देश भर में 12वां रैंक हासिल किया। निवेदिता का मास्टर शोध विभाग के प्रोफेसर और हेड डॉ. एसके भारद्वाज के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में प्रमुख बागवानी फसलों की जलवायु परिवर्तन शमन क्षमता का आकलन पर केंद्रित था। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनके अटूट समर्थन और मार्गदर्शन के लिए अपने मार्गदर्शकों और संकाय के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हरिपुरधार स्कूल को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में करें शामिल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के दुर्गम क्षेत्र हरिपुरधार में स्थित प्राथमिक पाठशाला हरिपुरधार को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शामिल करने की मांग उठी है।

दुर्गम इलाके में मौजूद एकमात्र ऐसा स्कूल है, जहां बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है और मौजूदा समय में करीब 140 बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद स्कूल के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हैं। स्कूल के एसएमसी प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय नाहन में जिला उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर से मुलाकात की। एसएमसी अध्यक्ष मानसिंह शर्मा ने बताया कि हरिपुरधार स्कूल में बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अभी 140 के करीब छात्र स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा खेलकूद और अन्य विभिन्न गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं, ऐसे में इस स्कूल को सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस का दर्जा मिलता है, तो यहां और बेहतर सुविधाएं स्कूल में दुर्गम इलाके के बच्चों को मिल पाएंगी। यह स्कूल कुशल संचालन के लिए पूरे हिमाचल प्रदेश में जाना जाता है और स्कूल के बच्चों ने प्रदेश स्तर पर कई बार विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिला प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक ने भरोसा दिया कि मांग को पूरा किया जाएगा।

हालही में इस स्कूल से सैनिक स्कूल और जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए कई छात्रों का चयन हुआ है। साथ स्कूल के 4 बच्चों ने स्वर्ण जयंती मेडल मेरिट स्कोलरशिप योजना के तहत 1 लाख 80 हजार की स्कॉलरशिप हासिल की है। उपनिदेशक ने बताया कि हाल ही में उन्होंने स्कूल का विजिट किया था और यह पाया था कि स्कूल का बेहतर तरीके से संचालन किया गया है और यहां बच्चों का शैक्षणिक स्तर बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए बच्चों की संख्या और जमीन की उपलब्धता मुख्य मापदंड है और यह शर्तें पूरी होने के बाद स्कूल को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि तमाम विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद स्कूल को जल्द सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया जाएगा और जल्द ही इस मामले को विभाग के सामने उठाया जाएगा, ताकि लोगों की यह मांग पूरी हो सके।

# नाहन कॉलेज का वार्षिक समारोह 8 को

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय महाविद्यालय नाहन में 55वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 8 मार्च को होने जा रहा है। इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि नाहन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी शिरकत करेंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रेम राज भारद्वाज ने विद्यार्थियों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थी जीवन का सर्वश्रेष्ठ सम्मान होता है, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी विधा विषयक गतिविधियों, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नवाजा जाएगा। इस समारोह के माध्यम से पुरस्कार पाने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया जाता है और दूसरों को उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया जाता है। इस समारोह में लगभग 350 विद्यार्थियों को विद्या विषयक के लिए 150 विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए तथा 100 विद्यार्थियों को खेलकूद गतिविधियों के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 नए आपराधिक कानूनों के लिए टास्कफोर्स गठित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने करनाल जिले में 3 नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में टास्कफोर्स गठित की है। इस टास्कफोर्स का गठन न्याय प्रशासन विभाग द्वारा जारी इस आशय के आदेशानुसार गृह विभाग की सचिव श्रीमती गीता भारती की अध्यक्षता में किया गया है। राज्य आपराधिक रिकार्ड ब्यूरो की अधिकारी निकिता खट्टर, न्याय विभाग की संयुक्त सचिव राधिका सिंह, अभियोजन विभाग के अतिरिक्त निदेशक मदन लाल, राज्य अपराध रिकार्ड ब्यूरो के उपनिदेशक राजेश भारद्वाज, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के उपनिदेशक अरविंद हुड्डा, राष्ट्रीय विधि आयोग पंचकूला प्रकोष्ठ के उप जिला न्यायवादी रोमित लांबा तथा जिला कारागार करनाल के अधीक्षक लखबीर सिंह टास्कफोर्स के सदस्य होंगे। इसके अलावा जिला प्रशासन जैसे कि उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, जिला न्यायवादी, अधीक्षक जिला जेल करनाल इस पायलेट परियोजना में सहयोग करेंगे।

### यूजी-पीजी वार्षिक परीक्षाओं की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की परीक्षा शाखा द्वारा यूजी एवं पीजी (वार्षिक) परीक्षा मई-जून 2025 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए फार्म भरने की अधिसूचना जारी की गई है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में बताया कि यूजी एवं पीजी (वार्षिक) प्राइवेट के लिए फुल पेपर, रीअपीयर, कंपार्टमेंट, एडिशनल, इंप्रूवमेंट, पूर्व छात्र के लिए परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा करने के लिए आईयूएमएस पोर्टल 5 मार्च से खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि छात्र *www.iums.kuk.ac.in* पर जाकर 4 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। इसके बाद अभ्यर्थी 5 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच नॉर्मल फीस के साथ लेट फीस 500 रुपए, 16 से 25 अप्रैल के बीच 1000, 26 से 5 मई के बीच 5000 रुपए, 6 से 15 मई के बीच लेट फीस 10000 रुपए तथा 16 से 20 मई के बीच लेट फीस 12000 के साथ फार्म भर सकते हैं।

### 'मेरे यार मैनूं याद...' पर भावुक हुए डॉ. कक्कड़



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पीजीआईएमएस के सेवानिवृत डीन छात्र कल्याण एवं पूर्व ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. विकास कक्कड़ ने बताया कि उनके कुछ दोस्तों के बीच काफी समय से विचार चल रहा था कि उनके बैच 1975 की गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन आयोजित की जाए, लेकिन पूरे बैच का किसी के पास संपर्क नहीं था। ऐसे में उन्होंने ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से एक दूसरे दोस्त को ढूंढने का अभियान चलाया और सभी को गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन मनाने के बारे में बताया। जिस पर गत दिवस कनाडा, यूएसए, यूके, कुवैत आदि कई देशों से 1975 बैच के करीब 60 विद्यार्थी अपनी दो दिवसीय गोल्डन जुबली मनाने के लिए पहुंचे। डॉ. कक्कड़ ने बताया कि उन्हें गर्व है कि 50 साल बाद भी उनके साथियों में पूरा जोश है और वह पीजीआईएमएस का धन्यवाद व्यक्त करते हैं, जिन्होंने उन्हें एक माला की तरह पिरोकर आज सभी को इस मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान डॉ. विकास कक्कड़ ने मेरे यार मैनूं याद आंदे ने गाना गाया, जिस पर सभी भावुक हो गए और सभी की आंखें नम हो गईं। डॉ. श्याम अग्रवाल, डॉ. विजय, डॉ. सतीश ने भी गाने गाकर सभी का मन मोहा। डॉ. रश्मि गर्ग ने कहा कि उन्हें आज भी याद है कि उनके पिता जी पीजीआईएमएस के निदेशक थे, जिसके चलते सभी बच्चे उनसे बात करने से डरते थे। डॉ. रेणु ने महिलाओं का ग्रुप डांस करवाया,जिसमें 12 महिलाओं ने हिस्सा लिया। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरुण अरोड़ा ने मंच का संचालन किया। उन्होंने बताया कि डॉ. विकास कक्कड़ ने अपने लड़कों के गैंग की विभिन्न यादों की फोटो को जाकेट पर लगाकर स्टेज पर काफी धूम मचाया। डॉ. वरुण ने कहा कि विश्वविद्यालय जल्द ही एलुमनाई एसोसिएशन बनाने जा रहा है उसके बाद एलुमनाई उसमें अपना योगदान दे सकेंगे।

### जामा मस्जिद की पुताई मामले में सुनवाई टली

**प्रयागराज (उप्र)।** संभल स्थित जामा मस्जिद की पुताई के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सुनवाई टाल दी और अगली तिथि 10 मार्च तय की। मंगलवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, तब मस्जिद कमेटी के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल कर दी है। इस पर एएसआई के वकील ने आपत्ति का जवाब देने के लिए अदालत से समय मांगा। मस्जिद कमेटी के वकील ने कहा कि इस अदालत के पूर्व के आदेश के आलोक में मस्जिद परिसर के भीतर एएसआई की निगरानी में साफ सफाई का कार्य चल रहा है।

### झारखंड में गुटीय झगड़े में दो नक्सली मारे गए

**चाईबासा।** झारखंड में गुटीय झगड़े में दो नक्सली कथित तौर पर मारे गए। पुलिस ने बताया कि मृतक 'पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएलएफआई) के सदस्य थे और यह घटना पश्चिमी सिंहभूम व खूंटी जिले की सीमा पर स्थित बंदगांव थाना क्षेत्र में हुई। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि यह नक्सली पीएलएफआई से अलग होकर अलग संगठन बनाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि मारे गए नक्सली जेल जा चुके थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए हैं।

### बुलंदशहर में कार नहर में गिरी, चार लोगों की मौत

**बुलंदशहर (उप्र)।** बुलंदशहर जिले के गुलावठी क्षेत्र में मंगलवार को एक अनियंत्रित कार के नहर में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि अमरोहा जिले के नगला बशीर गांव का रहने वाला एक परिवार सिकंदराबाद क्षेत्र के नगला काला में एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था। लौटते वक्त मंगलवार सुबह उनकी कार गुलावठी थाना क्षेत्र के पितौबास गांव के पास एक छोटी नहर में जा गिरी।

### विधायक रोहित पवार को हाईकोर्ट का समन

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार को समन जारी किया है। राम शिंदे ने 2024 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करजात-जामखेड सीट से पवार की जीत को चुनौती दी है। राम शिंदे की याचिका में आरोप लगाया गया है कि पवार ने अपनी कंपनी के कर्मचारियों के जरिए पैसे बांटे और वोटरों को रिश्वत दी। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान इसका एक वीडियो भी सामने आया था, जिसके बाद एफआईआर दर्ज हुई थी। याचिका में कहा गया कि चुनाव में जानबूझकर कई 'राम शिंदे' नाम के उम्मीदवार खड़े किए गए, ताकि मतदाता भ्रमित हों। इसमें राम नारायण शिंदे और राम प्रभु शिंदे का नाम शामिल है। कोर्ट ने सभी उम्मीदवारों को समन जारी कर अगली सुनवाई 27 मार्च को तय की है।

# वर्ष 2025-26 के लिए आगामी बजट होगा विकासोन्मुखी : सीएम सैनी

## मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों से मांगे सुझाव

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए आगामी राज्य बजट विकासोन्मुखी होगा, जिसमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, बुनियादी ढांचे और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि बजट राज्य की प्रगति के लिए एक मजबूत आधारशिला रखेगा और प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने में अहम योगदान देगा।

सैनी आज पंचकूला में विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 7 मार्च, 2025 से आरम्भ होना है। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने प्रशासनिक सचिवों से राज्य बजट के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि बजट प्रक्रिया में प्रशासनिक सचिवों की अहम भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी बजट में समाज के सभी वर्गों के कल्याण पर केंद्रित कई नई पहल की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार विभिन्न सुधारों के माध्यम से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले दस वर्षों में शासन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव किए है, जो एक दशक से अधिक समय में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन है। परिणामस्वरूप, नागरिक को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है और वह घर बैठे आराम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर लोगों को घर बैठे वृद्धावस्था भत्ता मिलना आरम्भ हो जाता है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर विशेष जोर दिया है और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। छात्र-शिक्षक अनुपात सुनिश्चित करने के अलावा, सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया गया है। लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 20 किलोमीटर के दायरे में नए कॉलेज स्थापित किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों और कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी खोलने की योजना बना रही है, जिससे युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# शिमला में आवास खाली होने से पहले किस नियम के तहत किए गए आवंटित

**विधि संवाददाता, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या शिमला जिले में अधिकारियों को मकान खाली होने से पहले ही आवास आवंटित किए गए हैं। कोर्ट ने पूछा है कि यदि ऐसा है तो किस नियम के तहत उन्हें आवास खाली होने से पहले ही आवंटित किए गए। न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ ने आवास आवंटन से जुड़े एक मामले की सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। कोर्ट द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब जीएडी विभाग के राज्य सचिव को हलफनामा दायर कर देना होगा।

**हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब**




उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव अमिताभ गौतम को 20 मई 2023 को टालैंड में सेट नंबर 1, टाइप-6, आवंटित किया गया था। यह आबंटन आवास के खाली होने से पहले ही कर दिया गया था क्योंकि उस समय इस आवास में आईएफएस अधिकारी राजीव कुमार रह रहे थे।

इसके बाद जीएडी ने अधिसूचना जारी कर 26 सितंबर 2024 को यह आवास प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एचओएफएफ) को आवंटित किए जाने का फैसला लिया। 1 फरवरी 2025 को राजीव कुमार ने आवास खाली कर दिया। याचिकाकर्ता के अनुसार उन्हें यह आवास आवंटित करने की बजाय आईएफएस अधिकारी समीर रस्तोगी को कर दिया। प्रार्थी का कहना था कि उन्हें यह आवास 20 मई 2023 को ही आवंटित कर दिया गया था इसलिए उन्हें सुने बिना ही उनका यह आवंटन रद्द कर दूसरे अधिकारी को दे दिया गया।

कोर्ट ने 3 फरवरी को पारित आदेश में कहा था कि नियमों के अभाव में आवास को प्रथम दृष्टया केवल सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी की गई किसी अधिसूचना के आधार पर निर्धारित नहीं किया जा सकता था। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया समीर रस्तोगी को आवास आवंटित करने में प्रतिवादियों की कार्रवाई को गलत पाया। इसलिए, कोर्ट ने 3 फरवरी को जारी अंतरिम आदेश में 1 फरवरी वाली यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश जारी किए और सरकार से जवाब तलब किया था।

# श्रम मंत्री अनिल विज का कड़ा रुख गलत पंजीकरण रद्द करने वालों पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गलत तरीके से निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण रद्द करने वाले कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई की जाए। यह निर्णय हरियाणा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से जुड़ी बैठक के दौरान लिया गया। विज मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने कार्यालय में इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

विज को पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का प्रतिनिधि मंडल मिला था, जिसमें उन्होंने श्रम मंत्री को बताया कि गलत तरीके से उनका पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। मामले की समीक्षा में सामने आया कि 50,000 निर्माण श्रमिकों के नाम बिना ठोस कारण के पंजीकृत सूची में ब्लॉक किए गए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि एक दिन में एक-एक कर्मचारी के द्वारा 2000 निर्माण श्रमिकों का सत्यापन संभव नहीं, इसलिए संलिप्त कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, यह आदेश दिया कि गलत तरीके से ब्लॉक किए गए नामों की पुन: जांच हो। जब तक यह प्रक्रिया पूरी न हो, तब तक किसी भी निर्माण श्रमिक को पंजीकृत सूची से बाहर न किया जाए। उचित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। इस बैठक में श्रम विभाग के प्रधान सचिव श्री राजीव रंजन, श्रमायुक्त श्री मनी राम शर्मा और अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## ल्यूकेमिया के निदान विषय पर हुआ व्याख्यान कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के जेनेटिक्स विभाग में आज क्रोनोलॉजिकल जेनेटिक अपडेट 2024-25 लेक्चर सीरिज के तहत-ल्यूकेमिया के निदान और प्रबंधन में आणविक साइटोजेनेटिक्स की भूमिका विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक्स, नई दिल्ली के साइंटिस्ट और विभाग के एलुमनस डॉ. सुरेंद्र के सहरावत ने बतौर विशेषज्ञ वक्ता यह व्याख्यान दिया। डॉ. सुरेंद्र ने अपने संबोधन में ल्यूकेमिया की जांच, निदान और रोग का निदान करने में कई नैदानिक पद्धतियों की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न प्रकार के ल्यूकेमिया में गुणसूत्र संबंधी असामान्यताओं की पहचान सहित विविध चिकित्सीय संदर्भों में साइटोजेनेटिक और आणविक साइटोजेनेटिक प्रक्रियाओं के लाभों पर जोर देते हुए कहा कि प्रारंभिक निदान से शीघ्र हस्तक्षेप की सुविधा मिलती है।

# सीएम धामी ने विभिन्न योजनाओं के लिए स्वीकृत की धनराशि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री के विकासखंड नौगांव में क्वालगांव झुमराड़ा मोटर मार्ग के अवशेष भाग में सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य हेतु 329.71 लाख, विधानसभा क्षेत्र पुरोला के विकास खंड नौगांव सयूरी मोटर मार्ग के अवशेष भाग में सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य हेतु 469.53 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा में एनएच 109 के किमी 73 से विकास भवन होते हुए न्यू कलेक्ट्रट अल्मोड़ा एवं मेडिकल कालेज अल्मोड़ा तक मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण के कार्य हेतु 830.52 लाख, जनपद नैनीताल के हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा से हटाए गए अवैध अतिक्रमण की भूमि पर थाना बनभूलपुरा का निर्माण किए जाने हेतु 390.16 लाख, जनपद चंपावत में थाना बनबसा हेतु नवीन भवन के निर्माण हेतु 422.43 लाख, एडवान्स ट्रेनिंग सेंटर के द्वितीय फेज एवं राजकीय पालीटेक्निक, चंपावत में रिटेनिंगवाल व आंतरिक सड़क के निर्माण हेतु कुल 593.39 लाख, जनपद चमोली की गोपेश्वर शाखा के अंतर्गत मायापुर पेयजल योजना में आरबीएफ नलकूप निर्माण एवं तत्संबंधी कार्यों की योजना हेतु 415.37 लाख, जनपद देहरादून के नया गांव हाथीबड़कला पेयजल योजना हेतु 619.66 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## देश-विदेश

# आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेंसियों के बीच परस्पर सहयोग जरूरी : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुरक्षा से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेंसियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है।


राजनाथ ने आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पर गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है। इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाये और संस्थाएं अकेले नहीं बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें। उन्होंने कहा कि अभी हाइब्रिड वारफेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं और इनके कारण सुरक्षा संबंधी परिदृश्य इतना जटिल हो गया है कि इससे निपटने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), केंद्रीय पुलिस बलों और अन्य संस्थाओं के बीच सहयोग जरूरी बन गया है। सुरक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के विकास के शांति और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में इस्तेमाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आपदाओं के समय इससे जान-माल की भी रक्षा की जा सकती है।

## एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष फैजी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी को धनशोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि फैजी को सोमवार रात दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया गया। एसडीपीआई की स्थापना 2009 में हुई थी और इसे पहले पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जोड़ा जाता था, जिसे कुछ साल पहले केंद्र सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। एसडीपीआई ने हालांकि पीएफआई से इस तरह के किसी भी संबंध से इनकार किया है और खुद को एक स्वतंत्र संगठन बताया है।

# डाटा संरक्षण के नाम पर आरटीआई को कमजोर कर रही केंद्र सरकार : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार डाटा संरक्षण के नाम पर सूचना का अधिकार कानून (आरटीआई) को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरटीआई को कमजोर नहीं होने देगी और ऐसे प्रयास के खिलाफ संसद से सड़क तक आवाज उठाएगी।

खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि एक तरफ भ्रामक प्रचार और दुष्प्रचार में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ मोदी सरकार कांग्रेस-संप्रग की ओर से लागू किए गए सूचना का अधिकार कानून को, डाटा संरक्षण कानून लाकर कमजोर करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि चाहे सार्वजनिक क्षेत्र की जानकारी जैसे राशन कॉर्ड की सूची, मनरेगा के लाभार्थी मजदूर, जन-कल्याण की योजनाओं में शामिल लोगों के नाम, चुनाव में मतदाता सूची, या फ़िर सरकारी बैंकों से कर्ज लेकर विदेश भागने वाले घोटालेबाज अरबपतियों के नाम हों..., ये सब जनता के लिए सार्वजनिक रूप से सामने होना जरूरी है। खड़गे ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार डाटा संरक्षण के नाम पर आरटीआई को कमज़ोर कर रही है, जिससे ऐसे नाम अब सार्वजनिक नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और कांग्रेस ने उसके लिए लड़ाई लड़ी है, पर जहां जन कल्याण की बात आती है वहां सूचना का अधिकार जरूरी है।

# जामिया प्रदर्शन : हाईकोर्ट ने बिना अनुमति के परिसर में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के निलंबन पर रोक लगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के उन छात्रों के निलंबन पर मंगलवार को रोक लगा दी, जिन पर बिना पूर्व अनुमति के परिसर में विरोध प्रदर्शन करने का आरोप है।

हाईकोर्ट ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कुलपति की निगरानी में विश्वविद्यालय के अधिकारियों की एक समिति गठित करने का भी आदेश दिया और कहा कि उन्हें चर्चा में छात्र प्रतिनिधियों को भी शामिल करना चाहिए। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने विश्वविद्यालय से मामले में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। अदालत जामिया के चार छात्रों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें उन्होंने विश्वविद्यालय प्रॉक्टर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें निलंबित किया गया था और परिसर में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया दिया गया था। छात्रों के वकील ने अदालत से कहा कि वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

# किसी को 'मियां-तियां', 'पाकिस्तानी' कहना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि दुर्भावना से कहे जाने के बावजूद किसी के लिए 'मियां-तियां' और 'पाकिस्तानी' जैसे शब्दों का इस्तेमाल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अपराध नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने झारखंड के चास स्थित अनुमंडल कार्यालय में सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत एक उर्दू अनुवादक एवं कार्यवाहक लिपिक की ओर से दायर आपराधिक मामले में एक व्यक्ति को आरोपमुक्त कर दिया। न्यायालय के 11 फरवरी के आदेश में कहा था कि अपीलकर्ता पर सूचनादाता को 'मियां-तियां' और 'पाकिस्तानी' कहकर उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। निस्संदेह, ये बातें दुर्भावना से कही गई हैं। हालांकि, यह सूचनादाता की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के समान नहीं है, इसलिए हमारा मानना है कि अपीलकर्ता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 के तहत भी बरी किया जाना चाहिए।

# निफ्टी में 10वें दिन भी गिरावट सेंसेक्स 96 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**




**निफ्टी** लगातार 10वें दिन गिरकर 22,082 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 36 अंकों की गिरावट रही। वहीं, सेंसेक्स 96 अंक गिरकर 72,990 के स्तर पर आ गया है।

ऑटो और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1.31फीसदी गिरा। वहीं, आईटी इंडेक्स में 0.90 फीसदी की गिरावट रही। मीडिया में 2.37 फीसदी और सरकारी बैंकों के इंडेक्स में 1.56 फीसदी की तेजी रही। मेटल और ऑयल एंड गैस इंडेक्स करीब 0.5 फीसदी चढ़े। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 1.20 फीसदी की गिरावट रही। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.28 फीसदी गिरा है। चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.22 फीसदी ऊपर बंद हुआ।

# जोहानिसबर्ग में बन रहा सबसे बड़ा मंदिर



**जोहानिसबर्ग।** अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया । पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा।

# पीएम मोदी ने वनतारा में शेर के बच्चों को पिलाया दूध



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुजरात में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र वनतारा का उद्घाटन किया। मोदी ने वनतारा की अलग-अलग सुविधाओं का निरीक्षण किया। वनतारा संरक्षण केंद्र की बेहतरीन पशु चिकित्सा सुविधाओं और दुर्लभ प्रजातियों की जानकारी ली. उन्होंने जानवरों की सर्जरी होते हुए भी देखी। वनतारा पहुंचने के दौरान प्रधानमंत्री ने शेर, बाघ, जिराफ, हाथी और तोते समेत कई जानवरों के साथ वक्त बिताया। पीएम ने शेर के बच्चों दूध भी पिलाया।

## बिभव कुमार को दस्तावेजों की सूची मुहैया कराने के आदेश को चुनौती दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को दस्तावेजों की सूची उपलब्ध कराने के आदेश को रद्द करने की मांग की। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने दिल्ली पुलिस के वकील से एक नोट प्रस्तुत करने को कहा और सुनवाई 11 मार्च के लिए स्थगित कर दी। पुलिस ने निचली अदालत के 29 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें कुमार को अप्रमाणित दस्तावेजों की सूची उपलब्ध कराने के मजिस्ट्रेट के फैसले के खिलाफ दिल्ली पुलिस के अधिवक्ता संजय लाओ ने कहा कि यह आदेश कानून की दृष्टि से गलत है।

# भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर समेटा

## मोहम्मद शमी ने 3, वरुण चक्रवर्ती व रविंद्र जडेजा ने लिए 2-2 विकेट, स्मिथ ने बनाए सर्वाधिक 73 रन

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया, लेकिन स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी के अर्द्धशतकों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में मंगलवार को 264 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए। बल्लेबाज हालांकि अनुकूल पिच का ज्यादा फायदा नहीं उठा सके और गैर जिम्मेदाराना शॉट्स खेलकर विकेट गंवाते गए।

स्मिथ आस्ट्रेलियाई पारी के सूत्रधार रहे जिन्होंने तीन अर्द्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ दूसरे विकेट के लिए 52, मार्नस लाबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 और कैरी के साथ पांचवें विकेट के लिए 54 रन जोड़े। कैरी ने 57 गेंद में 61 रन बनाए जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था।

ऑस्ट्रेलिया का स्कोर और बेहतर होता अगर ये दोनों कुछ देर और टिककर खेल जाते। अकसर भारतीय टीम के लिए सिरदर्द साबित होने वाले हेड को कई जीवनदान मिले, जिनका वह फायदा नहीं उठा सके और 39 रन बनाकर लौट गए। मैच की पहली ही गेंद पर मोहम्मद शमी ने उनका रिटर्न कैच छोड़ा, फिर वह रन आउट होने से बचे और दो बार गेंद स्टम्प को छूने से मामूली अंतर से रह गई। हेड के साथ पारी की शुरुआत करने वाले कूपर कोनोली जल्दी आउट हो गए थे। मैथ्यू शॉर्ट के घायल होने की वजह से कोनोली को टीम में जगह मिली।

पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने हेड को रवाना किया, जिनका दौड़ते हुए डीप में शुभमन गिल ने कैच लपका। लाबुशेन को रविंद्र जडेजा ने पगबाधा आउट किया। वहीं, जोश इंगलिस ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर्स में विराट कोहली को कैच थमाया। स्मिथ ने दूसरे छोर से रन बनाना जारी रखा और जडेजा को स्ट्रेट में छक्का लगाया। शमी की फुलटॉस गेंद पर वह चूके और गेंद उनके स्टंप्स पर जा लगी।

ग्लेन मैक्सवेल जब क्रीज पर आए तब 13 ओवर बाकी थे और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 198 रन था। उनके पास यह सुनहरा मौका था, लेकिन अक्षर पटेल की गेंद पर आउट होकर वह दोहरे अंक तक पहुंचे बिना ही रवाना हो गए। कैरी ने बेन ड्वारशुइस के साथ सातवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े, जिससे ऑस्ट्रेलिया 250 के पार जा सका। वह दूसरा रन लेने के प्रयास में श्रेयस अय्यर के सटीक थ्रो पर रन आउट हो गए।

वहीं, 265 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा और शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर पाए। रोहित 29 गेंदों में 28 रन बनाकर कूपर की गेंद पर पगबाधा हुए। उसके बाद गिल भी कुछ खास नहीं कर पाए और मात्र 11 गेंदों में 8 रन बनाकर बेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला और 45 रन बनाकर जम्पा की गेंद पर बोल्ड हो गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 4 विकेट गंवाकर 178 रन बना लिए थे। विराट कोहली (71) और केएल राहुल (2) रन बनाकर खेल रहे थे।





शॉट खेलता ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड तथा (इनसेट) शॉट खेलते नीचे गिरे स्मिथ।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| हेड क. गिल ब. चक्रवर्ती | 39 | 33 | 5/2 |
| कूपर क. राहुल ब. शमी | 00 | 09 | 0/0 |
| स्मिथ ब. शमी | 73 | 96 | 4/1 |
| लाबुशेन पगबाधा जडेजा | 29 | 36 | 2/1 |
| इंगलिस क. कोहली ब. जडेजा | 11 | 12 | 0/0 |
| कैरी (रन आउट) | 61 | 57 | 8/1 |
| मैक्सवेल ब. पटेल | 07 | 05 | 0/1 |
| बेन क. अय्यर ब. चक्रवर्ती | 19 | 29 | 1/1 |
| जम्पा ब. पांड्या | 07 | 12 | 0/0 |
| एलिस क. कोहली ब. शमी | 10 | 07 | 0/1 |
| संघा (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 07 | | |
| **कुल : (49.3 ओवर)** | **264/10** | | |

**विकेट पतन** : 1-4, 2-54, 3-110, 4-144, 5-198, 6-205, 7-239, 8-249, 9-262, 10-264.

गेंदबाजी : शमी 10-0-48-3, पांड्या 5.3-0-40-1, यादव 8-0-49-0, चक्रवर्ती 10-1-43-2, पटेल 8-1-43-1, जडेजा 8-1-40-2,

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित पगबाधा कूपर | 28 | 29 | 3/1 |
| गिल ब. बेन | 08 | 11 | 1/0 |
| कोहली (नाबाद) | 71 | 81 | 5/0 |
| अय्यर ब. जम्पा | 45 | 62 | 3/0 |
| पटेल ब. एलिस | 27 | 30 | 1/1 |
| राहुल (नाबाद) | 02 | 02 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 02 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | **178/4** | | |

**विकेट पतन** : 1-30, 2-43, 3-134, 4-178.

**गेंदबाजी :** बेन 5-0-280-1, एलिस 6-0-33-1, कूपर 6-0-27-1, जम्पा- 7-0-30-1, संघा 4-0-25-0, मैक्सवेल 6-0-29-0, हेड 1-0-6-0,

## स्पोर्ट्स विंडो

### रोनाल्डो के बिना खेल रहे अल-नासेर ने एशियाई चैंपियंस लीग में एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**एजेंसी, तेहरान।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। 40 साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गए मैच में गोल करने के करीब पहुंचकर चूक गये। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

### बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान की पाकिस्तान टी20 टीम से छुट्टी



**एजेंसी, लाहौर।** कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को न्यूजीलैंड में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को घोषित पाकिस्तान की टीम से बाहर कर दिया गया। रिजवान की जगह सलमान अली आगा को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया जबकि हरफनमौला शादाब खान की टीम में वापसी हुई है। शादाब को उप-कप्तान बनाया गया। रिजवान को हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन बावजूद वनडे टीम का कप्तान बनाए रखा गया है। चयनकर्ताओं ने वनडे टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किये है। और चैंपियंस ट्रॉफी में नाकाम रहे खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा है। बाबर को भी एकदिवसीय टीम में बरकरार रखा गया है, लेकिन बल्लेबाज सऊद शकील और कामरान गुलाम को बाहर कर दिया। चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस राउफ को भी वनडे टीम से बाहर का रास्ता दिखाया है। पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलेगा। पाकिस्तान की टीम अभी भी अपने सलामी बल्लेबाज सैम अयूब के बिना खेलेगी, जो टखने की चोट से अभी तक उबर नहीं पाए हैं। सलामी बल्लेबाज फखर जमां भी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में लगी चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं।

### मारिया शारापोवा खूबसूरत अंदाज में

**रूस।** विश्व की पूर्व नंबर वन खिलाड़ी रूस की मारिया शारापोवा अपनी सुंदरता के चलते काफी चर्चित रहीं। वह ग्रैंड स्लैम जीतने वाली रूस की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। शारापोवा दुनिया की सबसे सुंदर टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं।



## भारतीय खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल मैच में काली पट्टी बांधकर शिवालकर को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय टीम के खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट के दिग्गज पद्माकर शिवालकर की याद और सम्मान में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल के दौरान मंगलवार को बाजू पर काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरे। शिवालकर का उम्र संबंधी बीमारी के कारण सोमवार को निधन हो गया था। उन्होंने 84 साल की उम्र में मुंबई में अंतिम सांस ली। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर लिखा, ''स्वर्गीय पद्माकर शिवालकर के सम्मान में भारतीय टीम आज काली पट्टी बांधकर खेल रही है।'' शिवालकर उन बेहतरीन स्पिनरों में से एक थे जिन्हें भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह बिशन सिंह बेदी जैसे महान खिलाड़ियों के युग में खेले थे। वामहस्त स्पिनर शिवालकर ने मुंबई के लिए 124 प्रथम श्रेणी मैचों में 589 विकेट लिए। शिवालकर को बीसीसीआई द्वारा प्रतिष्ठित सीके नायडू 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मौजूदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी मुंबई से हैं।

## धर्मशाला में आईपीएल के लिए पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

हिमाचल के धर्मशाला में एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स की टीम पसीना बहा रही है। धर्मशाला में आईपीएल–2025 की तैयारियों के लिए पंजाब किंग्स का 5 दिवसीय अभ्यास सत्र शुरू हो गया है। टीम के स्टार खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह और युजवेंद्र चहल सहित 11 सदस्य कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। वे अपनी रणनीतियों को और बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस दौरान एचपीसीए के खिलाड़ी भी पंजाब किंग्स के साथ प्रैक्टिस कर रहे हैं।

धर्मशाला स्टेडियम में स्टार क्रिकेटरों को देखने के लिए प्रशंसकों भी पहुंच रहे हैं। युवा फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए लंबा इंतजार कर रहे हैं। दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मोबाइल से फोटो और वीडियो बना रहे हैं। हालांकि, इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत आम लोगों को खिलाड़ियों से मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही। पंजाब किंग्स की टीम अगले 3 दिनों तक धर्मशाला में प्रैक्टिस करेगी। मौसम अनुकूल रहा तो इस दौरान अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे।





धर्मशाला में मई महीने में आईपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स से मैच खेलेगी। पंजाब किंग्स 8 मई को मुंबई इंडियंस से और 11 मई को दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी। पिछले साल विश्व कप के दौरान धर्मशाला स्टेडियम की आउटफील्ड की आलोचना हुई थी। इसके बाद स्टेडियम में बड़े बदलाव किए गए और नई घास लगाई गई। एचपीसीए के निदेशक संजय शर्मा का कहना है कि इन मैचों से कांगड़ा के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## भारत दूसरी एशियाई **योगासन** चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ''योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है।''

उन्होंने कहा, ''हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।'' एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, ''योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है।

### नीदरलैंड के दिग्गज ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ करेंगे काम

**नई** दिल्ली। भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था। इस सात दिवसीय शिविर में दीपिका, मनीषा चौहान, सोनम और अन्नू जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ जूनियर खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं।

## प्रज्ञानानंदा के सामने सैम शैंकलैंड की चुनौती

**एजेंसी, प्राग**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा एक दिन के विश्राम बाद प्राग मास्टर्स के छठे दौर में बुधवार को अमेरिका के सैम शैंकलैंड से भिड़ेंगे। प्रज्ञानानंदा हाल ही फिडे की रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ आठवां स्थान हासिल करने के बाद बढ़े हुए हौसले के साथ इस मुकाबले में उतरेंगे।



वह हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स की तालिका में शीर्ष स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें दौर में एक-दूसरे का सामना किया था और यह मुकाबला बराबरी पर छूटा था। दोनों के नाम संभावित पांच में 3.5-3.5 अंक हैं। चिदंबरम के सामने वियतनाम के अनुभवी क्वांग लीम की चुनौती होगी। इन दोनों भारतीयों के बाद चार खिलाड़ी 2.5 अंक के साथ तालिका में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इसमें अनीश गिरी और क्वांग लीम ने अपने सभी मैच ड्रॉ खेले है। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं।

अरविंद अब तक टूर्नामेंट सबसे प्रभावित करने वाले खिलाड़ी रहे है। ज्यादातर लोगों को इस पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन से टूर्नामेंट के मध्य में शीर्ष पर रहने की उम्मीद नहीं थी। प्रज्ञानानंदा ने अब तक कीमर और गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर दो जीत दर्ज किए हैं। शाकलैंड के बाद उनके सामने क्वांग लीम और वेई यी और आखिरी दौर में गिरी की चुनौती होगी। चिदंबरम को सातवें दौर में गिरी, जबकि आखिरी दो दौरे में चेक गणराज्य के डेविड नवारा और तुर्किये के गुरेल एडिज से भिड़ना होगा।

**चैंपियंस ट्रॉफी | दूसरा सेमीफाइनल आज | दोनों टीमें सेमीफाइनल में बड़े टूर्नामेंटों की असफलता को छोड़ना चाहेंगी पीछे**

# न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच महामुकाबला आज

**एजेंसी, लाहौर**

विश्व स्तरीय प्रतिभाओं से भरपूर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेगे तो उनकी कोशिश वैश्विक प्रतियोगिताओं के अहम मैचों कमतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के तमगे को पीछे छोड़ने की होगी। कागजों पर दोनों टीमें बराबरी की दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्रमश: 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, लेकिन उस समय इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था और इसका वह महत्व नहीं था जो अब है।

दक्षिण अफ्रीका जहां बड़े टूर्नामेंट के 'चोकर्स (मुख्य मुकाबलों में हार का सामना करने वाली टीम)' के अपने तमगे को हटाना चाहेगा, वही न्यूजीलैंड की टीम भी खिताब पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब होगी। न्यूजीलैंड वनडे विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद खिताब जीतने से चूक गया। मिशेल सेंटनर की अगुवाई में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत से बाद दूसरे पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया से आगे शीर्ष पर रहा।

दोनों टीमों के बीच कोई ज्यादा अंतर नहीं है और ज्यादातर विभागों में बराबरी की स्थिति में हैं। गेंदबाजी में विविधता के कारण दक्षिण अफ्रीका के पास हालांकि, मामूली बढ़त दिख रही हैं। दोनों टीमों के बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त ताकत है और उनके पास बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। मैच का परिणाम में स्पिनरों की भूमिका अहम रहने अनुमान है। गद्दाफी स्टेडियम की पिच थोड़ी धीमी हैं, लेकिन दुबई की तुलना में वे उतनी स्पिन नहीं करती हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों टीमों के स्पिनर कैसा प्रदर्शन करते हैं। अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारत से 44 रन से हारने के बावजूद, न्यूजीलैंड पिछले महीने यहां त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका पर अपनी जीत से आत्मविश्वास हासिल करेगा।

न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय सीरीज को अपने नाम किया था। अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ये अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे। उन्होंने कहा, ''हां, जिस (दक्षिण अफ्रीका) टीम के खिलाफ हमने खेला था वह थोड़ी अलग थी। उस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो इस टीम में नहीं थे। उनके कुछ मुख्य खिलाड़ी तब एसएटी20 में खेल रहे थे, इसलिए यह थोड़े अलग होगा।'' उन्होंने कहा, ''मुझे हालांकि लगता है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के उस अनुभव का फायदा मिलेगा।'' उन्होंने कहा, ''हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करेंगे और अपनी पूरी कोशिश करेंगे। हम सेमीफाइनल की चुनौती का इंतजार कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमारा रवैया हमेशा एक जैसा ही रहता है। हम अपनी तरह का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं। हम इस पर कायम रहने में सफल रहे तो उम्मीद है कि मैच के आखिरी क्षणों में फायदे की स्थिति में रहेंगे।'' लाथम 187 रन के साथ टूर्नामेंट में अब तक न्यूजीलैंड के सबसे सफल बल्लेबाज रहे है। केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेल कर लय में वापसी करने में सफल रहे। गेंदबाजी में मैट हेनरी ने भारत के खिलाफ धीमी पिच पर भी कमाल दिखाया और वह आठ विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें विल ओरूर्के (छह विकेट) का भी अच्छा साथ मिला है। कप्तान मिशेल सेंटनर, माइकल ब्रेसवेल, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन के रूप में न्यूजीलैंड के पास अच्छा स्पिन आक्रमण है।

दक्षिण अफ्रीका भी शानदार फॉर्म में है। प्रोटियाज ने टूर्नामेंट में अपनी सबसे बेहतरीन टीमों में से एक को मैदान में उतारा है। शतकीय पारी खेलने वाले रयान रिकेल्टन शानदार फॉर्म में हैं, जबकि तेम्बा बावुमा, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मारक्रम जैसे खिलाड़ियों ने भी बल्ले से योगदान दिया है।





**मैच : दोपहर 2 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**न्यूजीलैंड:** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मारक्रम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में द.अफ्रीका की स्थिति मजबूत : पोंटिंग

**एजेंसी, लाहौर**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका की टीम में 'थोड़ा अधिक कौशल और ताकत है' जिससे वे चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में जीत के दावेदार होंगे। उन्होंने हालांकि, कहा कि केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी अगर रन बनाने में सफल रहे तो न्यूजीलैंड के लिए चीजें आसान हो सकती है।



न्यूजीलैंड दुबई में भारत के खिलाफ बड़ी हार के बाद नॉकआउट में पहुंच रहा है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट की बड़ी जीत के बाद शानदार फॉर्म में है। पोंटिंग ने कहा कि भारत की तरह मजबूत बल्लेबाजी क्रम के कारण दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, ''मैं अगर दोनों टीमों की तुलना करूं तो मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम कौशल के मामले में थोड़ा आगे है। उनका बल्लेबाजी क्रम लंबा है और मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में जीत के अधिक दावेदार होंगे।'' उन्होंने कहा, ''मैं न्यूजीलैंड की प्रशंसा करता हूं, लेकिन मैं जीत के दावेदार पर दक्षिण अफ्रीका पर दांव लगाना चाहूंगा।''

ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज विलियमसन को इस मुकाबले में अहम भूमिका निभानी होगी क्योंकि हर टीम महत्वपूर्ण मैचों में मार्गदर्शन के लिए अपने बड़े खिलाड़ियों पर निर्भर रहती है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि विलियमसन को इस मैच में रन बनाने की जरूरत है। बड़े मैचों का मतलब है बड़े नाम।